जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-254 ▶ मुंबई, शनिवार, 12 अप्रैल 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4




लखनऊ की 'अग्नि परीक्षा' पेज 11






काशी यात्रा पर प्रधानमंत्री

# 39 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण

▶▶ 21 उत्पादों को दिया गया जीआई टैग

▶▶ तीन बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड प्रदत्त

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को काशी पहुंचे। यहां बाबतपुर एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से मेंहदीगंज स्थित जनसभा स्थल पहुंचे। पीएम ने 39 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने तीन बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। इसके अलावा 21 उत्पादों को जीआई टैग दिया गया। पीएम ने इस दौरान जनसभा को संबोधित किया।पीएम मोदी ने कहा कि हमारा हुनर अब तेजी से विश्व स्तर पर पहचान बना रहा है। यूपी जीआई टैग में देश में नंबर वन पर है। जीआई टैग पहचान का नया पासपोर्ट है। यह बताता है कि यह उत्पाद इस जमीन की पैदाइश है। यूपी की मिट्टी में जो खुशबू है वह केवल हवा में नहीं सरहदों के पार भी जाएगी। यूपी अब संभावनाओं का नहीं सामर्थ और सिद्धियों की भूमि बन रहा है।



### दुष्कर्मियों के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाई

पीएम नरेंद्र मोदी ने बाबतपुर एयरपोर्ट पर मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल और डीएम एस. राजलिंग से मुलाकात की। पीएम ने सामूहिक दुष्कर्म मामले की जानकारी लेते हुए मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

### सत्ता पाने वालों का अलग सिद्धांत

पीएम ने कहा हम देश की सेवा का मंत्र लेकर आए हैं। जो लोग सत्ता पाने के लिए दिन रात खेल खेलते रहते हैं, उनका सिद्धांत है परिवार का साथ-परिवार का विकास। हमारा मंत्र सबका साथ-सबका विकास है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। दस साल में उत्पादन में 65 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने लखपति दीदी योजना को लेकर कहा कि हमारी मेहनतकश बहनों को विशेष बधाई देता हूं। इन बहनों ने बता दिया है, अगर भरोसा किया जाए तो वह भरोसा नया इतिहास रच देता है।

### इलाज को जमीन बेचने की जरूरत नहीं

पीएम ने कहा कि जब आपने तीसरी बार आशीर्वाद दिया, तब हमने भी आपको सेवक के रूप में स्नेह स्वरूप अपने कर्तव्यों को निभाया है। वाराणसी में 50 हजार वय वंदना कार्ड पहुंच गया है, यह आंकड़ा नहीं। नम्र प्रयास है। उन्होंने आयुष्मान योजना को लेकर कहा कि अब इलाज के लिए जमीन बेचने या कर्ज लेने की मजबूरी नहीं है। दर-दर भटकने की जरूरत नहीं है। आयुष्मान कार्ड से मरीजों का इलाज निशुल्क हो जाएगा। पीएम मोदी ने कहा सामाजिक चेतना के प्रति महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी है।

### काशी के युवा देश का गौरव बढ़ाएंगे

मोदी ने काशी के युवाओं को खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। भारत 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार है। काशी में नए स्टेडियम बनाए जा रहे हैं, ताकि युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण की सुविधा मिले।

### काशी बन रही आरोग्य की राजधानी

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी काशी आरोग्य की राजधानी बन रही है। दिल्ली-मुंबई के बड़े अस्पताल आपके पास आ रहे हैं। यही तो विकास है। सिर्फ अस्पताल ही नहीं, सुविधाएं बढ़ीं हैं।

### विकास-विरासत का अनूठा संगम

मोदी ने काशी को भारत की आत्मा और विविधता की सबसे खूबसूरत तस्वीर बताया। काशी के हर मोहल्ले में भारत का अलग रंग और संस्कृति दिखती है। काशी तमिल संगमम जैसे आयोजनों ने एकता के सूत्र को मजबूत किया है।

एनआईए का दावा

# 'कई शहरों में हमले की साजिश रच रहा था राणा'

## 18 दिनों की हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 10 अप्रैल को दिल्ली की अदालत में सुनवाई के दौरान कहा कि तहव्वुर राणा ने मुंबई की तरह ही देश के अन्य शहरों में भी आतंकी हमले की साजिश रच रहा था। एनआईए ने विशेष जज चंद्रजीत सिंह की अदालत में यह दावा किया। सुनवाई के बाद जज ने तहव्वुर राणा को 18 दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया।




फडणवीस ने जताई खुशी

## मुंबई हमले की जांच में करेंगे सहयोग




**मुंबई।** तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर मैं पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं। एनआईए मामले की जांच कर रही है। हम जांच में पूरी मदद करेंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि 26/11 मुंबई हमलों के आरोपी और साजिशकर्ताओं में से एक तहव्वुर राणा को भारत लाया गया है। मैं मुंबईकरों की ओर से प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं कि साजिशकर्ता को भारतीय न्यायिक प्रणाली का सामना करने के लिए भारत लाया गया। कसाब को कानून के अनुसार फांसी दी गई लेकिन साजिशकर्ता हमारी हिरासत में नहीं था। यह हमारे लिए एक बोझ था। उन्होंने कहा कि अब साजिशकर्ता एनआईए के पास है। वे मामले की जांच कर रहे हैं। अब एनआईए जांच और कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में निर्णय लेगी। हमें जो भी जानकारी चाहिए, हम एनआईए से लेंगे। अगर उन्हें किसी सहायता की आवश्यकता होगी तो हम मुंबई पुलिस के माध्यम से पूरा सहयोग करेंगे।

### जज ने एनआईए को दिए ये निर्देश

जज ने एनआईए को निर्देश दिया कि वे हर 24 घंटे में राणा की मेडिकल जांच कराएं और उसे वकील से मिलने की इजाजत दी जाए। यह मुलाकात एनआईए अधिकारी की मौजूदगी में ही होगी। एनआईए अधिकारी को राणा और वकील की मुलाकात के दौरान कुछ दूरी पर खड़े होना होगा।

### हमले वाली जगह जाएगी एनआईए

सुनवाई के दौरान एनआईए ने तर्क दिया कि मुंबई हमले की पूरी साजिश को बेनकाब करने के लिए विस्तृत पूछताछ की जरूरत होगी और उसे हमले वाली जगहों पर लेकर जाने की जरूरत होगी ताकि क्राइम सीन को रिक्रिएट किया जा सके।






# भाजपा-एआईएडीएमके में गठबंधन

▪ तमिलनाडु में मिलकर लड़ेंगे चुनाव, बनाएंगे सरकार : शाह

**चैन्नई।** तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा और एआईएडीएमके के बीच गठबंधन हो गया है। इसका एलान शुक्रवार को चेन्नई दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया है। चेन्नई में एआईएडीएमके नेता ई. के. पलानीस्वामी के साथ प्रेसवार्ता में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'आज एआईएडीएमके और भाजपा के नेताओं ने मिलकर तय किया है कि आने वाला तमिलनाडु विधानसभा चुनाव एआईएडीएके, भाजपा और सभी साथी दल मिलकर एनडीए के रूप में एक साथ लड़ेंगे।'



### विपक्ष पर अमित शाह ने लगाए आरोप

इस दौरान अमित शाह ने कहा कि एनईईटी और परिसीमन का मुद्दा ये (विपक्ष) लोग ध्यान भटकाने के लिए खड़ा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक की कोई शर्त और मांग नहीं है।

### संघ नेता से मिले अमित शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने चेन्नई में संघ के नेता और तुगलक पत्रिका के संपादक एस. गुरुमूर्ति से भी मुलाकात की। पहले गुरुमूर्ति से अमित शाह की मुलाकात आज शाम में होनी थी, लेकिन शाह शुक्रवार सुबह ही एस. गुरुमूर्ति के आवास पर पहुंच गए। दोनों के बीच विस्तृत बातचीत हुई।

### पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़ेंगे चुनाव

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए गठबंधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'ये चुनाव राष्ट्रीय स्तर पर पीएम मोदी के नेतृत्व में और राज्य स्तर पर एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़े जाएंगे'।

### डीएमके से जवाब चाहती जनता

इस दौरान अमित शाह ने कहा, 'हम जनता के असली मुद्दों को लेकर जनता के बीच में जाएंगे और मैं मानता हूं कि तमिलनाडु की जनता असली मुद्दों को जानती है और डीएमके से जवाब भी चाहती है।'

मेक इन इंडिया का असर

# अब भारतीय कंपनी बनाएगी हेलीकॉप्टर का फ्यूजलेज ढांचा


**नई दिल्ली।** एयरबस ने एच130 हेलीकॉप्टर फ्यूजलेज के निर्माण के लिए महिंद्रा एयरोस्ट्रक्चर्स का चयन किया है। 'मेक इन इंडिया' की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया जा रहा है। मार्च 2027 से यूरोप में एयरबस हेलीकॉप्टर्स की सुविधा में असेंबली की डिलीवरी शुरू होगी। भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्री किन्जरापु राममोहन नायडू, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव वूमलुन्मांग वुलनम, भारत और दक्षिण एशिया में एयरबस के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रेमी मेलार्ड और महिंद्रा समूह के ग्रुप सीईओ और एमडी डा. अनीश शाह की उपस्थिति में इसी सप्ताह अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। आठ सीटों वाला एच130 एक लोकप्रिय हेलीकॉप्टर है।




इसका उपयोग परिवहन, पर्यटन, चिकित्सा, निगरानी और निजी विमानन गतिविधियों के लिए किया जाता है। महिंद्रा एयरोस्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड को एयरबस हेलीकॉप्टर्स द्वारा अपने एच130 लाइट सिंगल-इंजन हेलीकॉप्टर के मुख्य फ्यूजलेज के निर्माण और असेंबली के लिए एक प्रतिष्ठित अनुबंध प्रदान किया गया है। यह 'मेक इन इंडिया' पहल की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। यह करार वैश्विक एयरोस्पेस आपूर्ति श्रृंखला में महिंद्रा की विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्थिति को और मजबूत करता है। अनुबंध के तहत महिंद्रा मुख्य फ्यूजलेज का निर्माण और असेंबली करेगा।

### एच130 सिंगल-इंजन हेलीकॉप्टर

एच130 एक मध्यम आकार का सिंगल-इंजन हेलीकॉप्टर है, जिसे यात्री परिवहन, पर्यटन, निजी और व्यावसायिक विमानन, साथ ही मेडिकल एयरलिफ्ट और निगरानी अभियानों के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें एक चौड़ा और बिना किसी अवरोध वाला केबिन होता है, जिसमें पायलट सहित कुल 7 यात्री आराम से बैठ सकते हैं। इसकी बड़ी विंडस्क्रीन और चौड़ी खिड़कियाँ शानदार दृश्यता प्रदान करती हैं। इसमें अत्याधुनिक तकनीक, सामग्री, सिस्टम और एवियोनिक्स लगे हैं, जो इसे एक शक्तिशाली और शांत हेलीकॉप्टर बनाते हैं।






## न्यूज BRIEF

### जम्मू : मुठभेड़ में एक दहशतगर्द ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। छत्रू इलाके में सुरक्षा बलों ने एक दहशतगर्द को ढेर कर दिया है। पूरे इलाके में सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान जारी है। 9 अप्रैल को किश्तवाड़ के छत्रू जंगल में पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। उसी दिन देर शाम को आतंकियों से मुठभेड़ हुई।

### झारखंड : बिजली गिरने से चार लोग मरे

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। पद्मा ब्लॉक में दो चचेरे भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इनकी पहचान शिवपूजन साव, अजय साव और सूरज कंडू के रूप में हुई। वे खेत में मवेशी चरा रहे थे और एक झोपड़ी के नीचे छिपे थे, तभी बिजली गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### पद्म पुरस्कार : नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने अगले वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन और सिफारिशों की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिश 31 जुलाई 2025 तक की जा सकेगी। इन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल HTTPS://AWARDS.GOV.IN पर ऑनलाइन प्राप्त किया जाएगा।

# पटना में कांग्रेस का प्रदर्शन, हिरासत में कन्हैया कुमार

**पटना।** बिहार के सियासी गलियारी में शुक्रवार को काफी गहमागहमी रही। राहुल गांधी के पटना से जाने के दो दिन बाद कांग्रेस राजधानी में बड़ा प्रदर्शन शुरू हुआ। कन्हैया कुमार सदाकत आश्रम से 'पलायन रोको-नौकरी दो' यात्रा में निकले, लेकिन उनके वहां से निकलते ही पुलिस ने उनको राजापुल के पास रोक दिया। कन्हैया कुमार सदाकत आश्रम से निकलने के बाद सीएम हाउस तक जाने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उनको रोक दिया। यात्रा में शामिल लोगों पर वाटर केनन चलाया गया। इस दौरान अन्य कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कन्हैया कुमार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन से पहले कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि



▶▶ मुख्यमंत्री को घेरने आए कई कांग्रेसी हिरासत में

बिहार की जनता बेराजगारी और गरीबी से त्रस्त है। मजबूरी में उन्हें पलायन करना पड़ रहा है। कांग्रेस ने 16 मार्च को भितिहरवा गांधी आश्रम से पदायात्रा की शुरुआत की थी।

# मेलबर्न : भारतीय वाणिज्य दूतावास में तोड़फोड़

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में भारतीय वाणिज्य दूतावास में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। इसमें राजनयिक भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर भित्तिचित्र पाई गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मेलबर्न के 344 सेंट किल्डा रोड पर स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास को 10 अप्रैल की सुबह लगभग एक बजे अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया। एक पुलिस प्रवक्ता ने द ऑस्ट्रेलिया टुडे को बताया, "अधिकारियों का मानना है कि इमारत के मुख्य प्रवेश द्वार पर रात भर भित्तिचित्र बनाई गई। यह घटना कथित तौर पर स्थानीय समय के मुताबिक 10 अप्रैल की है। घटना की जांच जारी है।" वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने अभी तक इस घटना के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। हालांकि सूत्रों ने बताया कि इस मामले को शीर्ष विक्टोरियन अधिकारियों और कैनबरा में भारतीय उच्चायोग के साथ उठाया गया है।

ट्रंप को चीन का मुंहतोड़ जवाब

# अमेरिकी सामानों पर टैरिफ 125 फीसदी

**नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से चीन की वस्तुओं पर 145% टैरिफ लगाने पर अब चीन ने पलटवार किया है। चीन ने शुक्रवार को अमेरिका से आयात पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि चीन ने आयातित अमेरिकी उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले अमेरिकी उत्पादों पर 84 प्रतिशत टैरिफ का एलान किया था। अमेरिका की ओर से टैरिफ बढ़ाने के बाद चीन ने विश्व व्यापार संगठन में मुकदमा भी दायर किया है। उधर, नए अमेरिकी अधिसूचना के अनुसार चीन पर कुल व्यापार शुल्क 145 प्रतिशत है। इससे पहले चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 84 प्रतिशत शुल्क लगा दिया था।



शेयर बाजार में रिकवरी

# सेंसेक्स 1310 अंक चढ़ा, निफ्टी 22800 पार

**नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से दुनियाभर के देशों के खिलाफ लगाए गए जवाबी टैरिफ को इस साल 9 जुलाई तक टालने के बाद घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन रिकवरी दिखी। शुक्रवार को बेंचमार्क सेंसेक्स 1310 अंक चढ़कर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 22900 के स्तर से ऊपर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में जारी मंदी के रुख को दरकिनार करते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1310.11 अंक या 1.77 प्रतिशत उछलकर 75157.26 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1620.18 अंक या 2.19 प्रतिशत बढ़कर 75467.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ।



सऊदी अरब ने बनाया गजब कानून

# बुजुर्गों को गाली दी तो सवा करोड़ जुर्माना, जाना पड़ेगा जेल

**सऊदी अरब।** माता-पिता और बुजुर्गों के साथ मारपीट, मिसविहैब की तमाम वीडियोज आपने देखे होंगे। कई खबरें पढ़ी होंगी। भारत में इसके लिए कड़ा कानून है। लेकिन मुसिस्लि देश सऊदी अरब ने दुनिया का सबसे सख्त कानून बना दिया है। अब अगर बुजुर्ग को किसी ने भी गाली दी, उनके साथ मारपीट की कोशिश भी की तो लगभग सवा करोड़ जुर्माना भरना पड़ेगा। इतना ही नहीं, जेल जाना भी पड़ सकता है। गल्फ न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी अरब के ह्यूमन रिसोर्स मिनिस्टर ने गुरुवार को 'एल्डरली राइट्स एंड केयर लॉ' लागू करने का ऐलान किया। इस कानून के तहत अगर कोई व्यक्ति किसी बुजुर्ग के साथ मारपीट करता है या फिर उनके साथ दुर्व्यवहार करता है तो उस पर 500,000 सऊदी रियाल यानी लगभग 1.125 करोड़ रुपया जुर्माना लगाया जा सकता है। अगर अपराध गंभीर है तो दोषी को जेल की सजा भी हो सकती है। सऊदी अरब की सरकार ने कहा, इस कानून का मकसद बुजुर्गों के सम्मान की रक्षा करना है। इससे न सिर्फ बुजुर्गों की सुरक्षा होगी, बल्कि लोगों का उनके प्रति सम्मान भी बढ़ेगा। इसमें जीरो टॉरलेंस की नीति रहेगी।



### भारत में कितनी सजा

भारत में भी बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों के लिए कानून मौजूद हैं। जैसे कि माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007, इसमें माता-पिता या बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार करने पर 7 साल तक की जेल हो सकती है। जुर्माना भी लगाया जा सकता है। अगर दुर्व्यवहार गंभीर हो जैसे मारपीट या गाली-गलौज के साथ चोट पहुंचाना, तो सजा बढ़ाई जा सकती है। लेकिन सऊदी अरब ने शायद दुनिया का सबसे कठोर कानून पास किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज किया हाईकोर्ट का आदेश

# 'हर मामले की जांच सीबीआई को सौंपना सही नहीं'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें एक मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर मामले में ऐसे आदेश देना सही नहीं है। अदालत का यह फैसला हाईकोर्ट के मई 2024 के आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर आया है। जस्टिस सुधांशु धूनिया और के विनोद चंद्रन की पीठ ने स्पष्ट करते हुए कहा कि उच्च न्यायालयों को केवल उन मामलों में सीबीआई जांच के आदेश देना चाहिए, जिनमें प्रथम दृष्टया जरूरी लगे। पीठ ने कहा, 'उच्च न्यायालयों को केवल उन मामलों में सीबीआई जांच के लिए निर्देश देना चाहिए, जहां सामग्री प्रथम दृष्टया सीबीआई द्वारा जांच की मांग करती हो। सीबीआई जांच नियमित तरीके से या कुछ अस्पष्ट आरोपों के आधार पर नहीं की जानी चाहिए।' शीर्ष अदालत ने स्पष्ट करते हुए कहा कि अगर-मगर के आधार पर सीबीआई जैसी एजेंसी को जांच करने का आदेश देना सही नहीं है।



# ई-ट्रांजिट शहरी परिवहन को अच्छा विकल्प : फडणवीस

## ▶▶ अधिकारियों को आर्थिक पक्ष की समीक्षा करने के निर्देश

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**मुंबई।** शहरी परिवहन व्यवस्था के लिए ई-ट्रांजिट एक अच्छा विकल्प है और अधिकारियों को इसके आर्थिक पहलुओं की समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, यह बात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कही। पिंपरी-चिंचवड़ महानगर क्षेत्र में प्रायोगिक रूप से ई-ट्रांजिट शुरू करने को लेकर HESS-AG कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ सह्याद्री अतिथिगृह में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्यमंत्री फडणवीस ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना की व्यवहार्यता की जांच आवश्यक है और कंपनी को चाहिए कि वह अपने उत्पाद भारत में ही निर्मित करे, ताकि निर्माण लागत कम हो और परियोजना लागत में भी बचत हो सके। यदि कंपनी कम लागत में एक अच्छी शहरी परिवहन प्रणाली उपलब्ध कराती है, तो राज्य के कम से कम 10 शहरों में ऐसे प्रकल्प शुरू किए जा सकते हैं। इसके लिए कंपनी को अपने ई-ट्रांजिट बसों का निर्माण भारत में ही शुरू करना चाहिए, और पिंपरी-चिंचवड़ मनपा क्षेत्र में यह प्रकल्प शुरू करने हेतु विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में इस्तेमाल की जा रही ई-बस, मेट्रो और ई-ट्रांजिट के आर्थिक और अन्य पहलुओं को समग्र रूप से देखते हुए प्रस्ताव तैयार किया जाना चाहिए। कंपनी को एक अच्छा और व्यवहारिक प्रस्ताव देना होगा। उन्होंने कहा कि मेट्रो के साथ-साथ एक वैकल्पिक व्यवस्था भी वर्तमान में शहरों के लिए आवश्यक है, और यदि यह सुविधा ई-ट्रांजिट के माध्यम से मिलती है तो उसका स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ अपर मुख्य सचिव विकास खारगे, प्रधान सचिव अश्विनी भिडे, पिंपरी-चिंचवड़ मनपा आयुक्त शेखर सिंग और HESS-AG कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। पिंपरी-चिंचवड़ मनपा क्षेत्र में मौजूदा मेट्रो और बीआरटी को मिलाकर एक एचसीएमटीआर (हाई-कैपेसिटी मास ट्रांजिट रूट) प्रणाली स्थापित करने का प्रस्ताव है।

### थोरियम परमाणु रिएक्टर विकास को समझौता ज्ञापन

मुंबई। थोरियम परमाणु रिएक्टर के विकास के लिए सह्याद्री अतिथिगृह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में एक सहयोग पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता महाजेनको (महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी) और रूस की शासकीय कंपनी ROSATOM तथा स्मॉल मॉड्युलर रिएक्टर विथ थोरियम फ्युएल के बीच हुआ।

# लातूर से 17 करोड़ की ड्रग्स बरामद

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** महाराष्ट्र के लातूर जिले के रोहिणा गाव में पुलिस ने छापा मारकर 17 करोड़ की ड्रग्स जब्त की है। इसके साथ ही ड्रग्स बनाने और तस्करी के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस फैक्ट्री का नेतृत्व प्रमोद केंद्रे द्वारा किया जाता है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि प्रमोद केंद्र मुंबई पुलिस के कर्मचारी हैं। मुंबई में रहने वाले पांच लोग ड्रग्स का कच्चा माल लाए थे और रोहिणा इलाके में उनमें से एक के खेत में मिक्सिंग सिस्टम लगाया था। इसे नष्ट कर एनसीबी-पुलिस ने पांचों आरोपियों को हिरासत में लिया है। ये सभी लोग मुंबई में आईएमजी बेचते थे। ऑपरेशन के दौरान जांच एजेंसी ने 11 किलो ड्रग्स का कच्चा माल जब्त किया है। छापेमारी के दौरान मिले रसायनों और प्रयोगशाला उपकरणों से पता चला कि दवाओं का निर्माण खेत में एक शीट शेड में किया जा रहा था। उस छापेमारी में 11 किलो 360 ग्राम ड्रग्स (8 किलो 440 ग्राम सूखा और 2 किलो 921 ग्राम तरल) जब्त किया गया है। कच्चे माल और प्रयोगशाला उपकरण को देखते हुए यह भी आशंका है कि पिछले काफी समय से इस तरह का काम चल रहा है। डीआरआई अधिकारी इस संबंध में आगे की जांच कर रहे हैं। इस ऑपरेशन में ड्रग के उत्पादन से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें एक पुलिस कांस्टेबल भी शामिल है। आरोपी कांस्टेबल मीरा भायंदर के नया नगर पुलिस स्टेशन में कार्यरत है। इसके बाद त्वरित कार्रवाई में गिरोह के डिस्ट्रीब्यूटर और फाइनेंसर को भी मुंबई से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों ने काम बांट दिए थे। कुछ उत्पादक का काम देख रहे थे और कुछ वितरण और पैसों के लेन-देन का काम देख रहे थे। आरोपियों ने कहां-कहां ड्रग्स बांटी है? साथ ही, आपको कच्चा माल कहां से मिला?

### ज्वाइंट ऑपरेशन में खुलासा

मुंबई से सटे मीरा भायंदर पुलिस और डीआरआई के ज्वाइंट ऑपरेशन में इस गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। मुंबई पुलिस में कॉन्सटेबल के पद पर काम कर रहा प्रमोद मुंबई से ही लातूर में फैक्ट्री चलाने वाले साथियों को निर्देश देता था।

### अबू सलेम की बॉंबे हाईकोर्ट से अपील

# 25 साल की सजा पूरी, अब रिहा करो

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** भारत को मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाने में सफलता मिली है। इसी तरह से भारत 1993 मुंबई बम धमाकों में लिप्त रहे गैंगस्टर अबू सलेम को पहले पुर्तगाल मे अरेस्ट किया गया था। इसके बाद उसे भारत लाया गया था। इसके बाद अबू सलेम को 1993 मुंबई सीरियल बम धमाकों और बिल्डर प्रदीप जैन की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। गैंगस्टर ने यह सजा पूरी कर ली है। इसके बाद उसने अब बॉंबे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अबू सलेम ने कोर्ट से कहा है कि उसे मिली 25 साल की सजा 31 मार्च, 2025 को पूरी हो चुकी है। ऐसे में उसे रिहा किया जाए। बॉंबे हाईकोर्ट ने अबू सलेम की याचिका पर महाराष्ट्र सरकार और केंद्र सरकार ने जवाब मांगा है।



▶▶ महाराष्ट्र में बंद अबू सलेम

#### सुनवाई 29 अप्रैल को

अबू सलेम नासिक केंद्रीय कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। जस्टिस जीएस कुलकर्णी और जस्टिस अद्वैत सेठना की पीठ सलेम की याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका पर अब 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। गैंगस्टर की ओर से दायर अपील याचिका में 11 जुलाई, 2022 को पारित सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और कुछ प्रमुख टिप्पणियों का भी उल्लेख किया गया है।

#### ▶▶ पुर्तगाल को आश्वासन का किया पालन

सुप्रीम कोर्ट ने सलेम की सजा से संबंधित आदेश में पुर्तगाल को दिए गए प्रत्यर्पण के आश्वासन का पालन करने का निर्देश दिया था। आदेश के अनुसार भारत सरकार को सजा समाप्ति के एक महीने के भीतर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करनी थी। अबू सलेम की पुलिस रिकॉर्ड में जन्मतिथि 1962 है। ऐसे में अब उसकी 63 साल के करीब होगी।

# भुजबल ने सरकार को दी भूख हड़ताल की धमकी

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** एनसीपी नेता छगन भुजबल ने कहा कि अगर पुणे में महान समाज सुधारक महात्मा फुले के स्मारक में बदले जा रहे फुले वाडा के काम में तेजी नहीं लाई गई तो वह भूख हड़ताल कर सकते हैं। भुजबल फुले की जयंती पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा करने के लिए यहां आए थे। उन्होंने कहा कि हम ज्योतिबा और सावित्रीबाई फुले को समर्पित स्मारक के विस्तार के लिए जमीन की मांग कर रहे हैं। जब भूमि अधिग्रहण की बात आती है तो कई चीजें होती हैं। फुले वाडा में काम शून्य गति से चल रहा है। सरकार से पूछा जाना चाहिए कि जब भी इस जगह की बात आती है तो उन्हें हमारे विरोध की जरूरत क्यों पड़ती है। छगन भुजबल ने आगे कहा, "मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री काम कर रहे हैं, लेकिन अधिकारी नहीं कर रहे हैं। हालांकि, मैं सत्तारूढ़ पार्टी का हिस्सा हूं, लेकिन मैं सिर्फ एक विधायक हूं। इसलिए मैं भूख हड़ताल करने के लिए स्वतंत्र हूं। उन्होंने फुले फिल्म को लेकर विवाद पैदा करने की बात को भी खारिज कर दिया। एनसीपी नेता ने कहा कि फिल्म के पीछे के लोगों ने मुझे बताया है कि किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचेगी, क्योंकि उन्होंने महात्मा ज्योतिराव फुले के बारे में सबकुछ पढ़ा है।



#### टाली गई फिल्म की रिलीज

उन्होंने कहा कि इतिहास को इतिहास के रूप में ही प्रस्तुत किया जाना चाहिए। अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित फिल्म फुले, जो 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में आने वाली थी, उसकी रिलीज दो सप्ताह के लिए टाल दी गई है।

# बाल-बाल बचे सदरुद्दीन खान

▶▶ आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

▶▶ लग्जरी कार से घर लौटते हादसा

**मुंबई।** मुंबई में बुधवार रात जिस व्यक्ति सदरुद्दीन खान पर जानलेवा हमला हुआ था, उस पर कई केस दर्ज हैं। पीड़ित कंस्ट्रक्शन लाइन में भी कार्यरत है। इस फायरिंग में सदरुद्दीन खान की जान बाल-बाल बच गई। वो नजदीकी अस्पताल में भर्ती हैं। घटना मुंबई के चेंबूर इलाके की है, जहां दो अज्ञात टू व्हीलर सवारों ने खान पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।



वह अपनी लग्जरी कार में बैठकर नवी मुंबई स्थित अपने घर लौट रहे थे। वो कार की अगली सीट पर बैठे थे, तभी स्कूटी सवार हमलावरों ने नजदीक से गोली चला दी। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। घटना रात करीब 10 बजे हुई। नवी मुंबई निवासी सदरुद्दीन खान सायन पनवेल मार्ग पर जा रहे थे, तभी उनकी कार डायमंड गार्डन के सिग्नल पर रुकी। जब कार रोकी गई तो दो लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं। हमलावर फायरिंग कर भाग निकले।

#### 2014 में हुआ था गिरफ्तार

▪ साल 2014 में मुंबई क्राइम ब्रांच ने सदरुद्दीन खान को गिरफ्तार किया था। फिलहाल पुलिस इस फायरिंग को लेकर कई एंगल से जांच कर रही है। शुरुआती जांच में निजी दुश्मनी का शक जताया जा रहा है, हमलावरों की तलाश के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और शहर के बाहर भी नाकाबंदी कर दी गई है।

# हनुमान जन्मोत्सव आज, शुभ मुहूर्त और पूजा विधि

**मुंबई।** हिंदू पंचांग के अनुसार हनुमान जी का जन्मोत्सव चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। कुछ लोग मानते हैं कि हनुमान जी का अवतरण हुआ था। इस दिन विशेष पूजा करने का प्रावधान है, ऐसा करके जीवन में आने वाले सभी कष्ट दूर हो जाते है। जीवन में सफलता और कर्ज से मुक्ति के लिए ये दिन अति विशेष है। हनुमान जी को संकट मोचन कहा जाता है। कहते हैं कि इनके नाम मात्रा से हर तरह का संकट दूर हो जाता है। इस बार हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल, शनिवार को मनाया जाएगा। चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि 12 अप्रैल को दोपहर 3 बजकर शुरू होगी और समापन 13 अप्रैल को सुबह 5 बजे है। मान्यताओं के अनुसार, हनुमान जी का जन्म सूर्योदय के समय हुआ था, इसलिए इस दिन कई मंदिरों में भोर से सूर्योदय तक पूजा की जाती है। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठें और स्नान करके पूजा की तैयारी करें। हनुमान चालीसा या सुंदर कांड का पाठ करने से हर मनोकामना पूरा होती है। हनुमान जी को उनका प्रिय भोग बूंदी के लड्डू, मीठा पान, गुड़, केले का भोग जरूर लगाएं। हनुमान जी भगवान श्री राम के सबसे बड़े भक्त हैं। इस दिन लाल रंग के वस्त्र धारण करें, हनुमान जी को सिंदूर और मिठाई अर्पित करें। चमेली के तेल का दीपक जलाएं और हनुमान जी को गुड़ का भोग लगाएं।



# मैनेजर ने किया मालिक के भरोसे का कत्ल

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई स्थित एक पेपर बॉक्स कंपनी के मालिक ने अपने ही मैनेजर के खिलाफ कंपनी के पैसों की हेराफेरी करने और कंपनी से 77 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी करने के मामला दर्ज कराया है। जानकारी अनुसार मैनेजर कंपनी में पिछले 3 साल से हेराफेरी कर रहा था और इसकी भनक तक नहीं लगने दी। यह मामला तब सामने आया जब शिकायतकर्ता मालिक कर्ज में डूब गया और अपने कर्मचारियों को वेतन देने में असमर्थ हो गया। शिकायतकर्ता व्यापारी है और मझगांव में रहता है। उसने अपना बिजनेस करीब 20 साल पहले शुरू किया था। पढ़ाई लिखाई कम होने के नाते उसने कंपनी के मैनेजमेंट की जिम्मेदारी मैनेजर के कंधों पर रख दी। व्यापारी ने बयान में बताया कि फाइनांशियल दिक्कतों के चलते उसे अपना बैंक अकाउंट बंद करना पड़ा था। अक्टूबर 2022 में उसने मैनेजर के नाम पर नया अकाउंट खुलवाया और उसका उपयोग बिजनेस में लेनदेन के लिए किया। 20 साल से साथ में काम करने की वजह से शिकायतकर्ता अपने मैनेजर पर बहुत ही ज्यादा ही भरोसा करता था। दिसंबर 2022 में बिजनेसमैन को अकाउंट में 60,000 रुपए की गड़बड़ी नजर आई थी, नवंबर 2024 में जब मैनेजर उत्तर प्रदेश में अपने परिवार से मिलने गया, तब शिकायतकर्ता ने ग्राहकों से सीधे संपर्क करना शुरू किया। तब उसे पता चला कि मैनेजर ने सभी ग्राहकों से पैसे लिए लेकिन उसे कोई जानकारी नहीं दी। बैंक स्टेटमेंट में कोई एंट्री नहीं थी, क्योंकि मैनेजर ने व्यापारी से कहा था कि ग्राहक भुगतान नहीं कर रहे हैं।




▶▶ तीन साल में लगाया 77 लाख का चूना

# पुलिस ने 60 भारतीयों को म्यांमार से बचाया

▶▶ थाईलैंड में नौकरी के चक्कर में बने साइबर गुलाम

▶▶ एक विदेशी नागरिक समेत पांच एजेंट गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस की साइबर शाखा ने म्यांमार में साइबर गुलामी के लिए मजबूर किए गए 60 से अधिक भारतीय नागरिकों को बचाया है। एक विदेशी नागरिक समेत 5 एजेंट को गिरफ्तार भी किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने इस संबंध में 3 एफआईआर दर्ज की हैं। अधिकारी ने बताया कि गिरोह चलाने वाले लोग सोशल मीडिया के जरिए पीड़ितों से संपर्क करते थे और उन्हें थाईलैंड व दूसरे पूर्वी एशियाई देशों में उच्च वेतन वाली नौकरियों की पेशकश करते थे। उन्होंने बताया कि एजेंटों ने पीड़ितों के लिए पासपोर्ट और विमान के टिकट का मुहैया कराया और उन्हें पर्यटक वीजा पर थाईलैंड भेज दिया। वहां से उन्हें म्यांमार सीमा पर भेजा गया और छोटी नौकाओं से नदी पार कराकर म्यांमार में प्रवेश कराया गया। सीनियर अधिकारी ने बताया कि ने बताया कि म्यांमार में प्रवेश करते ही पीड़ितों को सशस्त्र विद्रोही समूह कड़ी सुरक्षा वाले परिसरों में ले जाते थे और उन्हें बड़े पैमाने पर फर्जी निवेश योजनाओं के नाम पर साइबर धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर करते थे। अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर पीड़ितों को बचाया। उन्होंने बताया कि पीड़ितों से पूछताछ में एजेंटों और धोखाधड़ी करने वाली कॉल सेंटर कंपनियों के एक नेटवर्क का खुलासा हुआ, जो भारत से नौकरी के इच्छुक लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। अधिकारी ने बताया कि इनमें से कुछ कंपनियां रोजगार एजेंसी की आड़ में काम कर रही थीं। उन्होंने बताया कि मामले में मनीष ग्रे उर्फ मैडी, टाइसन उर्फ आदित्य रवि चंद्र न, रूपनारायण रामधर गुप्ता, जेन्सी रानी डी और चीनी-कजाखस्तानी नागरिक तलनिती नुलाक्सी को भर्ती एजेंट के रूप में काम करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि मनीष ग्रे उर्फ मैडी एक पेशेवर अभिनेता है जो वेब सीरीज और टेलीविजन कार्यक्रमों में काम कर चुका है। उन्होंने बताया कि ग्रे ने अन्य लोगों के साथ मिलकर कथित तौर पर लोगों की भर्ती की और उन्हें मानव तस्करी के जरिए म्यांमार पहुंचाने में मदद की।



# सिर्फ कांग्रेस ने अपराधियों को फांसी दी : अतुल लोंढे पाटिल

**मुंबई।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अतुल लोंढे पाटिल ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर हमला करते हुए कहा कि सिर्फ उनकी पार्टी की सरकार ने कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए "देशद्रोहियों और अपराधियों" को "फांसी" दी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी "सिर्फ बातें करने" में आगे है। "बोल बच्चनगिरी से कूटनीति नहीं चलती है। उन्होंने कहा कि हर चीज का राजनीतिकरण करना "बेवकूफी" है क्योंकि कांग्रेस आतंकवाद पर "सॉफ्ट" नहीं रही है। "जो लोग कहते हैं कि हम आतंकवाद पर नरम रहे हैं - हमने लोगों को मौत की सजा दी। क्या यह नरम होना है? हमारा देश कानून के शासन पर चलता है। केवल कांग्रेस ने उचित कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करके देशद्रोहियों और अपराधियों को फांसी दी है। हर चीज का राजनीतिकरण करना छिछोरापन है। पाटिल ने बताया कि अमेरिका ने आपसी कानूनी सहायता संधि (एमएलएटी) के तहत 26/11 के आतंकवादी हमलों में राणा की संलिप्तता के खिलाफ सबूत दिए थे। "इस मामले की जांच 2013 से पहले पूरी हो गई थी। एमएलएटी (आपसी कानूनी सहायता संधि) के तहत, अमेरिका ने हमारे अधिकारियों को तहव्वुर राणा के खिलाफ सबूत दिए। इस मामले में दम था क्योंकि राणा को अमेरिका में सलमान खुर्शीद और निरुपमा राव जैसे लोगों द्वारा किए गए राजनयिक प्रयासों के कारण सजा मिली, जिससे उसे यहां प्रत्यर्पित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ।




सिडको
शहर बनाए, शहर बसाए

**बोली आमंत्रण सूचना**

**सिडको भवन के द्वितीय तल पर कॉंफ्रेंस हॉल में स्थापित विडियो कॉंफ्रेंसिंग सिस्टम की संपूर्ण एएमसी।**

1. सिडको द्वारा प्रतिष्ठित, सक्षम एवं पेशेवर सेवा प्रदाताओं से प्रस्ताव आमंत्रित है जो इस बोली दस्तावेज में स्पेसिफाइड अनुसार न्युनतम पात्रता मापदंड पूर्ण करते हो।
2. डाउनलोडिंग करने के उद्देश्य से संपूर्ण बोली दस्तावेज **https://mahatenders.gov.in** प्रकाशित किया जाएगा। आवश्यक निविदा/बोली दस्तावेज शुल्क एवं ईएमडी जमा करने के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक बोली प्रक्रिया (ई-अधिप्राप्ति/ई-निविदा प्रक्रिया) में सहभागिता हेतु डाउनलोड किए गए बोली दस्तावेज वैध माने जाएंगे, जिसके अभाव में बोली सरसरी तौर पर निरस्त कर दी जाएगी।
3. बोलीदारों से निवेदन है कि इस निविदा सूचना के प्रतिसाद में अपने प्रस्ताव जमा करने से पूर्व इस निविदा दस्तावेज को ध्यानपूर्वक पढ लेवें। इस निविदा सूचना के प्रतिसाद में प्रस्ताव करने से पूर्व यह मान लिया जाएगा कि उन्होंने इस निविदा की शर्तों एवं नियमों तथा स्पष्टीकरणों को ध्यानपूर्वक पढ लिया है।

**1. कार्य का नाम: सिडको भवन के द्वितीय तल पर कॉंफ्रेंस हॉल में स्थापित विडियो कॉंफ्रेंसिंग सिस्टम की संपूर्ण एएमसी। 2. सी.ए. नं.:** 01/सिडको/एसई (टेलिकॉम)/2025-26, **3. निविदा शुल्क:** रू. 1180/- (भारतीय रुपए एक हजार एक सौ अस्सी केवल) (18% जीएसटी सहित) (अप्रतिदेय)। **4. ईएमडी:** रू. 18,000/- (रुपए अठ्ठारह हजार केवल) का भुगतान ई-निविदा वेबसाइट **https://mahatenders.gov.in** मोड पर ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से किया जाए। **5. संविदा अवधि:** 1 वर्ष या 365 दिन।

बोली कार्यक्रम सहित बोली दस्तावेज वेबसाइट **https://mahatenders.gov.in** पर **15.04.2025 को 11.00 बजे** से उपलब्ध रहेंगे।

**अधिक्षण अभियंता (टेलिकॉम)**

CIN - U99999 MH 1970 SGC-014574
www.cidco.maharashtra.gov.in
सिडको/जनसंपर्क/०२०/२०२५-२६



Mumbai Railway Vikas Corporation Ltd.

**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

**निविदा हेतु आमंत्रण: MRVC-W-208-A**

**(एकल चरण एक- लिफाफा ई-प्रोक्योरमेंट निविदा प्रक्रिया)**

मुंबई रेलवे विकास निगम लिमिटेड, कॉर्पोरेट कार्यालय, चर्चगेट स्टेशन बिल्डिंग, मुंबई-400020 द्वारा **"पश्चिम रेलवे के वसई रोड और नालासोपारा स्टेशनों पर स्टेशन सुधार के लिए विभिन्न दूरसंचार कार्यों की आपूर्ति स्थापना परीक्षण कमीशनिंग"** के लिए ई-टेंडर आमंत्रित करता है। निविदा और निविदा दस्तावेज का विवरण ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **https://www.eprocure.gov.in/eprocure/app** पर उपलब्ध है। वेबसाइट **https://www.eprocure.gov.in/eprocure/app** पर पूर्ण ई-टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि 15.05.2025 को 15:00 बजे तक है। **शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।**



**न्यूमेक डेव्हलपमेंट अ‍ॅन्ड अलाइड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड**

**(सीआईएन : U45201MH2007PTC173574)**

*पता : जी – ३, नटवर चेंबर्स, ९४, नगीनदास मास्टर रोड, ओक लेन, फोर्ट, मुंबई – ४०० ०२३, महाराष्ट्र, भारत.*

आम जनता को सूचित किया जा रहा है कि, कंपनी द्वारा वितरीत निम्न शेअर सर्टिफिकेट गुम हो गए हैं/खो गए हैं/प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं और पंजीकृत धारक/दावेदार द्वारा ड्युप्लिकेट शेअर प्रमाणपत्र के वितरण हेतु कंपनी के साथ आवेदन किया गया है.

| शेअर प्रमाणपत्र नंबर | पंजीकृत धारक का नाम | शेअर की संख्या | विभिन्न संख्या |
|---|---|---|---|
| २२ | मनमोहन जयकिशन दमानी | २०००० | ३९०००१ से ४१०००० (दोनों का अंतर्भाव) |

जनता को उपरी निर्देशित शेअर प्रमाणपत्र के संदर्भ में किसी भी प्रकार की खरीदारी एवं व्यवहार करने संबंध में सावधान किया जा रहा है. यदी किसी व्यक्ति का संबंधित शेअर प्रमाणपत्र के संदर्भ में कोई दावा हो तो वे अपने दावे कंपनी के पास उनका पता : जी – ३, नटवर चेंबर्स, ९४, नगीनदास मास्टर रोड, ओक लेन, फोर्ट, मुंबई – ४०० ०२३ इस पते पर इस सूचना के विज्ञापन की तिथि से १५ दिनों के भीतर भेजें, तत्पश्चात कोई भी दावा स्वीकारा नहीं जाएगा और कंपनी ड्युप्लिकेट शेअर प्रमाणपत्र वितरण प्रक्रिया करेगी.

**कंपनी के लिए तथा उनकी ओर से**
न्यूमेक डेव्हलपमेंट अ‍ॅन्ड अलाइड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
**हस्ता/–**
**मीता जैन**
**निदेशक**
**डीआइएन : ०१२६९७८४**

**तिथि : १२ अप्रैल, २०२५**
**स्थान : मुंबई**


# कांदिवली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय रोजगार मेला आज

**मुंबई।** जिला कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता मार्गदर्शन केंद्र, मुंबई उपनगर के माध्यम से 12 अप्रैल 2025 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक, भुरामाई हॉल, शांतिलाल मोदी रोड, ईरानी वाडी, कांदिवली (पश्चिम), मुंबई में पंडित दीनदयाल उपाध्याय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी सहायक आयुक्त शैलेश अर्जुनराव भगत द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है। इस मेले में मुंबई की प्रतिष्ठित कंपनियां अपनी रिक्तियों के साथ भाग लेंगी और मौके पर ही उम्मीदवारों की सीधी साक्षात्कार प्रक्रिया आयोजित करेंगी, जिसमें प्रारंभिक चयन भी किया जाएगा। सरकारी महामंडलों के माध्यम से चलने वाली सब्सिडी वाले ऋण योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। साथ ही, निःशुल्क प्रशिक्षण देकर रोजगार प्रदान करने वाले प्रशिक्षण संस्थान भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना और प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण का लाभ उम्मीदवारों को मिलेगा। 10वीं, 12वीं पास/आईटीआई धारक/विभिन्न शाखाओं में स्नातक उम्मीदवारों से अपील की गई है कि वे इस महान रोजगार मेले में भाग लें और इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।



# अपूर्वा मखीजा और रणवीर अलाहाबादिया की बढ़ सकती मुश्किलें

## ▶▶ साइबर पुलिस ले सकती लीगल एक्शन

**मुंबई।** इंडियाज गॉट लेटेंट मामले में महाराष्ट्र साइबर सेल का कहना है कि यूट्यूबर अपूर्वा मखीजा और रणवीर अलाहाबादिया सहयोग नहीं कर रहे हैं। महाराष्ट्र साइबर सेल का कहना है कि उनके द्वारा समन का जवाब नहीं दिया जा रहा है। दरअसल महाराष्ट्र साइबर सेल ने पूछताछ के बाद जांच के लिए हाजिर होने के संदर्भ में समय रैना, आशीष चंचलानी, अपूर्वा मखीजा और रणवीर अलाहाबादिया को पूछताछ के लिए समन भेजा था। इस समन के बाद केवल समय रैना और आशीष चंचलानी ही साइबर सेल के सामने हाजिर हुए थे। वहीं महाराष्ट्र के साइबर सेल द्वारा दिए गए समन का रणवीर अलाहाबादिया और अपूर्वा मखीजा ने कोई जवाब नहीं दिया है। इसलिए महाराष्ट्र साइबर पुलिस उनके खिलाफ लीगल एक्शन भी ले सकती है। बता दें कि इससे पूर्व अपूर्वा मखीजा और रणवीर अलाहाबादिया ने दावा किया था कि सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर उन्हें धमकी भरे मैसेज भी आ रहे हैं। हालांकि दोनों ने इसे लेकर पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। बता दें कि कंटेंट क्रिएटर और एक्ट्रेस अपूर्वा मखीजा इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद के कारण पिछले काफी वक्त से सुर्खियों में बनी हुई है। 1 अप्रैल 2025 को अपूर्वा ने अपने इंस्टाग्राम पर से सभी पोस्ट डिलीट कर दिए थे। इसके एक सप्ताह बाद यानी मंगलवार 8 अप्रैल को अपूर्वा न सोशल मीडिया पर वापसी की। अपूर्वा को मिल रही धमकियों के स्क्रीनशॉट को भी अपूर्वा ने शेयर किया। उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें लिखा लिखा, 'कहानीकार से कहानी को दूर मत करो।'



# महाराष्ट्र को करोड़ों के रेल प्रोजेक्ट की सौगात

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार करोड़ों के रेल प्रोजेक्ट की सौगात दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के गोंदिया-बल्लारशाह रेलवे लाइन डबलिंग को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महाराष्ट्र को विकास का नया ट्रैक मिलेगा। गोंदिया-बल्लारशाह के 4,819 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट से उत्तर-दक्षिण भारत की कनेक्टिविटी बढ़ेगी साथ ही पर्यटन और मालवाहन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट से विदर्भ और मराठवाड़ा के जिलों को लाभ होगा। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में एक के बाद एक परियोजनाएं पारित की गई हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में महाराष्ट्र के लिए लाखों करोड़ रुपए के रेलवे प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई। इस कार्यकाल में अब तक महाराष्ट्र के लिए 173000 करोड़ के रेलवे प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिली है। रेल मंत्री ने आगे बताया कि इस बार के बजट में महाराष्ट्र को 23778 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है।

**▶▶ दो रीजन को होगा सबसे ज्यादा फायदा**






### ▶▶ 132 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास

सीएम फडणवीस ने बताया कि महाराष्ट्र में करीब 1 लाख 73 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। इस वर्ष भी लगभग 24,000 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि 132 स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया है। सीएम ने कहा कि यूपीए के 10 साल के शासन में अपग्रेड नहीं हो पाए। हालांकि, मोदी सरकार के दौरान उन्हें इसे अपग्रेड करने का मौका मिल रहा है।

### यूपीए सरकार से 20 गुना बजट

उन्होंने कहा कि जब यूपीए की सरकार थी तो महाराष्ट्र को सिर्फ 1 हजार करोड़ रुपए का रेलवे बजट मिलता था। वहीं अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उससे बीस गुना महाराष्ट्र को दे रहे हैं। रेल मंत्री ने बताया कि मुंबई के कई रेलवे प्रोजेक्ट्स तेजी से चल रहे हैं। महाराष्ट्र के कई शहरों के लिए अभी रेलवे प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं।

### सीएसएम सर्किट जल्द शुरू

रेल मंत्रालय की ओर से जल्द ही छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट शुरू होगा। जिसमें 10 दिनों की टूर योजना के अंतर्गत महाराज के जीवन से संबंधित किले और सांस्कृतिक स्थलों को शामिल किया जाएगा। इससे महाराष्ट्र की ऐतिहासिक विरासत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने में मदद मिलेगी।

### फडणवीस ने जताया रेल मंत्री का आभार

■ विदर्भ क्षेत्र में गोंदिया से बल्हारशाह तक के रेलवे मार्ग के दोहरीकरण के लिए 4,819 करोड़ की मंजूरी दी गई है। इस परियोजना से विदर्भ का रेलवे नेटवर्क और सशक्त होगा तथा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के साथ व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार प्रकट किया है। जिओ कन्वेंशन सेंटर, बीकेसी में मुख्यमंत्री फडणवीस और रेल मंत्री वैष्णव की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि महाराष्ट्र में रेलवे के विकास के लिए रिकॉर्ड निधि प्रदान की गई है, जिसके तहत 132 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा, जिसमें छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस भी शामिल है। रेलवे अवसंरचना विकास के लिए 1.73 लाख करोड़ की कुल निवेश योजना केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई है। इस वर्ष महाराष्ट्र को रेलवे बजट से 23,700 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है, ऐसी जानकारी भी उन्होंने दी।

# अभ्युदयनगर पुनर्विकास को बैठक आयोजित, मिलेगा 620 वर्गफुट का फ्लैट : फडणवीस



**▶▶ निविदा प्रक्रिया में तेजी लाएं**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अभ्युदयनगर की म्हाडा कॉलोनियों के पुनर्विकास के लिए नई निविदा प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें पुनर्वास फ्लैट का न्यूनतम चटई क्षेत्र 620 वर्गफुट निर्धारित किया जाएगा। यह निविदा तात्कालिक रूप से शुरू की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधायक प्रविण दरेकर, अजय चौधरी, पूर्व विधायक बाळा नांदगावकर, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, म्हाडा के उपाध्यक्ष संजीव जयस्वाल और अभ्युदयनगर फेडरेशन के प्रतिनिधि मौजूद थे। इससे पहले तीन बार निविदा निकाली गई थी, जिसमें 635 वर्गफुट चटई क्षेत्र की शर्त थी। लेकिन विकासकों ने इसे अव्यवहारिक बताया, जिससे निविदाओं में उचित प्रतिसाद नहीं मिला। इस पर समाधान निकालते हुए मुख्यमंत्री ने चटई क्षेत्र को 620 वर्गफुट तक कम करने का निर्णय लिया। 620 वर्गफुट से अधिक क्षेत्र देने वाले विकासकों को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए।

### फेडरेशन पदाधिकारियों ने किया निर्णय का स्वागत

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनर्विकास विनियमन 33(5) के अंतर्गत मिलने वाला 3 एफएसआय अधिमूल्य को गृहसाठा (हाउसिंग स्टॉक) के रूप में वितरित किया जाए। साथ ही, पुनर्विकास के दौरान निवासियों को दिए जाने वाले 20,000 घरभाड़े में वृद्धि पर सकारात्मक विचार किया जाएगा। म्हाडा उपाध्यक्ष जयस्वाल ने अब तक की कार्यवाही की जानकारी दी और कहा कि 620 वर्गफुट चटई क्षेत्र के अनुसार नई निविदा तात्कालिक रूप से निकाली जाएगी। दरेकर, चौधरी और नांदगावकर ने कहा कि यह प्रकल्प एक मार्गदर्शक प्रकल्प होगा और घरभाड़े में वृद्धि सहित विभिन्न मांगे रखीं। फेडरेशन के तुकाराम रासम, दिलीप शिंदे, निखिल दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुंबई भाजपा की मांग

■ बढ़ाई जाएं उत्तर भारत की ओर जाने वाली ट्रेनों की संख्या एवं सुविधाएं

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** ग्रीष्मावकाश में मुंबई से उत्तर भारत की ओर जानेवाले रेलयात्रियों की समस्याओं को लेकर मुंबई बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र ने शुक्रवार को केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाक़ात की। मंत्री ने रेल मंत्रालय के अधिकारियों के अलावा मध्य व पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधकों से इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया। वैष्णव ने अपने गृहनगर जाने वाले लोगों की यात्रा सुखमय बनाने का आश्वासन दिया। ग्रीष्मावकाश में अतिरिक्त होनेवाली ट्रेनों की व्यवस्था में इस बार इजाफ़ा किया जाएगा। पूर्व राज्यमंत्री अमरजीत मिश्र व ज़िला उपाध्यक्ष अनिल कनौजिया ने रेलमंत्री वैष्णव के संज्ञान में लाया कि गर्मियों की छुट्टियों के दौरान मुंबई से उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड व बिहार के लोग बड़े पैमाने पर अपने अपने गांव जाते हैं। भाजपा नेताओं ने मांग की कि इस अवधि में वाराणसी, जौनपुर, प्रयागराज, आज़मगढ़, पटना, दरभंगा, गोरखपुर, देहरादून, रांची और लखनऊ के लिए भी कुछ अतिरिक्त ट्रेन चलाई जाएं। मुंबई से दरभंगा एवं मुंबई से गोरखपुर ट्रेन को नरकटियागंज तक और मुंबई से सहरसा व मुंबई से कटिहार के लिए भी ट्रेन शुरू करने की आवश्यकता है। मिश्र ने विशेष रूप से कहा कि दुरंतो की तर्ज़ पर मुंबई से वाराणसी व प्रयागराज के बीच कुछ अतिरिक्त ट्रेनों से पूर्वांचल के लोगों की यात्रा सुखमय हो जाएगी। वहीं पश्चिम रेलवे से भी लखनऊ व गोरखपुर, अयोध्या, पटना, दरभंगा, उत्तराखंड के लालकुंआ, झारखंड की ओर जानेवाली ट्रेनों में भी अतिरिक्त कोच लगाने व इस रूट पर विशेष ट्रेन से भारी सुविधा होगी। उन्होंने मंत्री को बताया कि पिछले कई वर्षों से मुंबई से आज़मगढ़ के लिए नई ट्रेन शुरू करने की मांग हो रही है, पर इस दिशा में अब तक कुछ नहीं हुआ। उन्होंने मध्य व पश्चिम रेल के महाप्रबंधकों को निर्देश देने का आग्रह किया कि रेल मंत्रालय मुंबई से उत्तर भारत की ओर जानेवाली ट्रेनों में आरक्षित टिकट दिलवाने का पुख्ता इंतज़ाम करें अन्यथा बुकिंग शुरू होते ही आरक्षण फुल हो जाता है।



फोटो-सुरेश पाडीव

■ **मुंबई।** दक्षिण मुंबई क्षेत्र के आजाद मैदान पुलिस कार्यालय उत्कर्ष बिल्डिंग में मुंबई, महाराष्ट्र उद्योग विकास संघ (एमआईडीए) और एसएमई चैबर ऑफ़ इंडिया द्वारा व्यापार विकास के लिए उद्योगों, व्यवसायों और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए महाराष्ट्र सरकार की 100 दिवसीय कार्य योजना के कार्यक्रम में सत्यनारायण चौधरी, आईपीएस-सयुंक्त पुलिस आयुक्त (लॉ एंड आर्डर) को पुष्पगुच्छ देकर सत्कार करते मासमा उपाध्यक्ष गणपत पुरोहित, सचिव प्रवीण अंगारा, कनकराज घोड़ा, हनुमान गांधी, अमृतलाल संघवी, धर्मेंद्र मेहता आदि।

# महात्मा ज्योतिराव फुले जयंती पर मंत्रालय में अभिवादन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महात्मा जोतिराव फुले की जयंती के अवसर पर कौशल्य विकास एवं उद्योजकता मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने मंत्रालय में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव सचिन कावळे, कक्ष अधिकारी घनश्याम जाधव, राजेंद्र बच्छाव, नितीन राणे, विजय शिंदे सहित मंत्रालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे और उन्होंने भी महात्मा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अभिवादन किया।



## समाज की अनोखी पहल
# माहेश्वरी समाज का ऐलान, तीन संतान लाखों का इनाम

राकेश विश्वकर्मा/ टाइम्स संवाददाता

**मीरा-भायंदर।** माहेश्वरी मंडल भायंदर ने समाज में तीन संतान पैदा करने वालों को इनाम देने का अनोखा निर्णय लिया है। माहेश्वरी मंडल भायंदर के ट्रस्टी नटवर डागा ने बताया कि हाल ही में माहेश्वरी मंडल भायंदर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह एवं गणगौर महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर डागा ने कहा कि माहेश्वरी समाज भायंदर में समाज की जनसंख्या बढ़ नहीं रही बल्कि घट रही है। इसलिए भायंदर में समाज की जनसंख्या वृद्धि के लिए सम्मानित मंच से यह ऐलान किया जाता है कि तीन संतान वालों को लाखों का इनाम दिया जाएगा। माहेश्वरी मंडल भायंदर के अनुसार मीरा भायंदर के माहेश्वरी समाज में तीसरी संतान होने पर कई इनाम रखे गए हैं जिसमें लाखों की फिक्स डिपोजिट सहित लाखों का जीवन बीमा मेडिकल सहायता शिक्षा आदि शामिल है। मंच से घोषणा पर पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा, महासभा के महामंत्री अजय काबरा, माहेश्वरी मंडल भायंदर के सचिव नारायण तोषनीवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश दरक, ट्रस्ट बोर्ड अध्यक्ष मदनलाल भूतड़ा, सचिव हरिप्रसाद असावा, श्यामजी सोनी-पूर्व




सभापति, कार्यसमिति सदस्य, महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष मधुसूदन गांधी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण सारड़ा सहित मंडल कार्यकारणी, न्यास मंडल, महिला समिति व युवा समिति के सदस्य सहित समाज परिवार के 2000 लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया ।

**तीसरी संतान मिलने वाले इनाम**

5 लाख की फिक्स्ड डिपाजिट, 10 लाख का जीवन बीमा, 5 लाख की चिकित्सा सहायता एवं शिक्षा कोष के अनुसार शिक्षा सहायता दी जाएगी।

## राजस्थान राजपूत परिषद
# नरपत सिंह कुपावत उपाध्यक्ष नियुक्त

**मुंबई।** राजस्थान राजपूत परिषद मुंबई की आमसभा भायंदर में संपन्न हुई। बैठक के दौरान सर्वसहमति से नरपत सिंह कुपावत गुडा ठाकुरजी हाल म्हापे नवी मुंबई को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी प्रदान की गई है। समस्त कार्यकारिणी की ओर से उन्हें बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की गईं। बता दें कि 1982 में मात्र 12 वर्ष की उम्र में मारवाड़ से मुंबई आकर अपना व्यवसायिक सफर शुरू किया। 1995 में पहली बार गांव में सबसे कम उम्र के निर्विरोध वार्ड पंच एवं उप सरपंच भी निर्विरोध बने। 2012 में ग्राम सेवा सहकारी समिति खिंवाड़ा के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए और 2023 तक इस पद पर रहते हुए किसानों के हितार्थ अनेक कार्य किए। पिछले लगभग 30 वर्षों से लगातार समाज सेवाकर रहे हैं। गोड़वाड़ के भव्य एवं ऐतिहासिक मेले खिवाड़ा में शीतल जल एवं शरबत वितरण का लाभ ले रहे हैं, बालाजी विकास समिति के सदस्य के तौर पर सेवा कार्यों में अपना योगदान दे रहे हैं। कोरोना काल में भी लोगों की काफी मदद की। विद्यालयों और गौशालाओं में अपना योगदान हमेशा देते हैं। वर्तमान में अरावली क्षेत्रिय विकास समिति के सचिव के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। नरपत सिंह कुपावत परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता और ट्रस्टी हैं। पूर्व में परिषद के ट्रस्ट बोर्ड के उपाध्यक्ष सहित कई पदों की जिम्मेदारी सफलता पूर्वक निभाई है। मिलनसार एवं कुशल संगठनकर्ता होने के साथ-साथ परिषद को जोड़ने की भी क्षमता रखते हैं।



# तहव्वुर राणा को भारत लाने में दाते की अहम भूमिका

**मुंबई।** 26/11 मुंबई आतंकी हमले की रात गोलियों और ग्रेनेड की बौछार के बीच डटे रहने वाले जांबाज आईपीएस अधिकारी सदानंद दाते एक बार फिर आतंकवाद के खिलाफ देश की सबसे अहम लड़ाई के अगुआ बने हैं। अब बतौर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) प्रमुख, उन्होंने अमेरिका से 2008 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को भारत लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 1990 बैच के महाराष्ट्र कैडर के आईपीएस दाते, 2008 में हमले के वक्त मुंबई पुलिस में एडिशनल कमिश्नर (सेंट्रल रीजन) थे। सीएसटी स्टेशन और कामा अस्पताल पर जब आतंकी हमला कर रहे थे, तब दाते ने बहादुरी से मोर्चा संभालते हुए कसाब और अबू इस्माइल का सामना किया था। जवाबी कार्रवाई में अबू इस्माइल घायल हुआ और दोनों आतंकी वहां से भागने पर मजबूर हो गए। हालांकि इस संघर्ष में दाते खुद भी ग्रेनेड हमले में घायल हुए, लेकिन उन्होंने डटकर आतंकियों को टक्कर दी। कसाब के खिलाफ चले मुकदमे में उनकी गवाही बेहद निर्णायक रही और न्याय प्रक्रिया को मजबूती मिली। मार्च 2024 में एनआईए का नेतृत्व संभालने के बाद से दाते ने आतंकवाद विरोधी अभियानों में तेजी लाई है। अब उनके नेतृत्व में ही एनआईए ने अमेरिका से तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण करवा कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। राणा पर 26/11 हमलों की साजिश में शामिल होने का आरोप है और वह डेविड कोलमैन हेडली का नज़दीकी सहयोगी बताया जाता है।



■ आतंकी हमले में हुए थे घायल


### ▶▶ दाते से देश को फिर उम्मीद

अब जब राणा भारत में है, उसके खिलाफ चल रही एनआईए की जांच की बागडोर भी सीधे सदानंद दाते के हाथों में है। ऐसे में देश को एक बार फिर दाते से उम्मीद है कि वे 26/11 की साजिश की परतें खोलने और असली मास्टरमाइंड तक पहुंचने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। अमेरिका से लाए जाने के बाद गुरुवार (10 अप्रैल) को तहव्वुर राणा को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे 18 दिनों की एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया।

# बिना हेलमेट पुलिसकर्मी ने युवक को मारा थप्पड़

**नागपुर।** नागपुर में पुलिसकर्मी को हेलमेट पहनने की सलाह देना एक युवक को भारी पड़ गया। बिना हेलमेट पहने बुलेट चला रहे पुलिसकर्मी को जब युवक ने हेलमेट पहनने की सलाह दी तो वह भड़क गया और थप्पड़ जड़ दिए। जानकारी के अनुसा, नागपुर के जरिपटका थाना क्षेत्र में एक युवक ने पुलिसकर्मी को हेलमेट पहनने के लिए कहा तो वह इतना क्रोधित हो गया कि उसने अपनी बाइक रोक कर युवक को जोर का चांटा लगा दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पीड़ित युवक नागपुर के जरीपटका थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

**शोक संदेश**



**जमना बाई**
(स्वर्गवास : 09-04-2025)
शोकाकुल : परिवार

**विशेष सूचना**

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# वनमंत्री ने अनंत अंबानी को लिखा पत्र

**▶▶ महाराष्ट्र में बनाया जाए 'सूर्यतारा'**
**▶▶ गुजरात के वनतारा की तर्ज पर जानवरों को मिलें सुविधाएं**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में वन मंत्रालय गुजरात के वनतारा के तर्ज पर सूर्यतारा बनाने का विचार कर रहे हैं। महाराष्ट्र के वन मंत्री ने अनंत अंबानी को पत्र लिखकर अपना प्लान बताया है। महाराष्ट्र सरकार ठाणे में सूर्यतारा बनाने पर विचार कर रही है। महाराष्ट्र के वन मंत्री गणेश नाईक ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार विचार कर रही है कि गुजरात के वनतारा के तर्ज पर महाराष्ट्र में सूर्य तारा का निर्माण किया जाए। जिस तरीके से गुजरात में अनंत अंबानी ने जानवर के लिए अस्पताल बनाया और दुनिया भर से जख्मी-बीमार बहुत सारे प्राणी वहां पर रखे गए हैं। महाराष्ट्र के वन मंत्री ने अनंत अंबानी पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि गुजरात के जामनगर में जिस तरीके से वनतारा बनाया, उसी तरह महाराष्ट्र में सूर्यतारा बनाया जाए। इसकी शुरुआत महाराष्ट्र के ठाणे में होगी। महाराष्ट्र के हर रीजन में वनतारा, सूर्यतारा और जितने भी तारे होंगे वह सब बनाने का प्रयास किया जाएगा।



### बाघों की मौत का कोई इकलौता कारण नहीं

महाराष्ट्र के वन मंत्री गणेश नाईक ने कहा कि जल्दी गुजरात के वनतारा जैसे वन जीव अभ्यारण और बचाव केंद्र पर काम किया जाएगा। राज्य सरकार ने परियोजना के लिए सूर्य तारा नाम पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि गत कुछ माह में लगातार बाघों की मौत जरूर हुई है, लेकिन बाघों के मरने का कोई एक कारण नहीं है। कुछ नेचुरल डेथ हैं, तो कुछ बाघ क्षेत्र पाने की लड़ाई में जख्मी होकर मारे गए हैं। काफी कम बाघ अवैध शिकार का हिस्सा हैं।

### वनतारा की खासियत

वनतारा 3,000 एकड़ में फैला है, जो पहले रिलायंस रिफाइनरी का हिस्सा था। इसे वन्यजीवों के लिए प्राकृतिक और पोषण युक्त आवास में बदला गया है, जहां जानवरों को उनके मूल पर्यावरण जैसा माहौल मिलता है। यह 2,000 से अधिक प्रजातियों और डेढ़ लाख से ज्यादा लुप्तप्राय या संकटग्रस्त जानवरों का घर है। यह घायल, शोषित या अनाथ जानवरों के बचाव, उपचार और पुनर्वास के लिए समर्पित है। यहां हाथी, शेर, तेंदुए, मगरमच्छ, सांप और पक्षियों सहित कई प्रजातियों की देखभाल की जाती है। यह जैव विविधता को बढ़ावा देने का एक अनूठा प्रयास है। वनतारा में विश्व स्तरीय पशु चिकित्सा केंद्र, पुनर्वास सुविधाएं और अनुसंधान केंद्र हैं, जो जानवरों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देते हैं। वनतारा का अर्थ "जंगल का तारा" है, जो सभी जीवों के प्रति सहानुभूति और सम्मान के भारतीय दर्शन को दर्शाता है। यह पर्यावरण संरक्षण और मानव-प्रकृति सामंजस्य को बढ़ावा देता है।

# सिडको में 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन

**नवी मुंबई।** सिडको महामंडल में 14 से 20 अप्रैल तक विजय सिंघल, उपाध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक, सिडको के मार्गदर्शन में एवं सुरेश मेंगडे, मुख्य सतर्कता अधिकारी, सिडको के नेतृत्व में अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत विजय राणे, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, सिडको एवं प्रविण बोडखे, उपमुख्य अग्निशमन अधिकारी, सिडको द्वारा सिडको के नवी मुंबई क्षेत्राधिकार में विभिन्न जनजागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। 14 अप्रैल 1944 को कराची से मुंबई बंदरगाह पर आए "फोर्ट स्ट्रीकीन" नामक जहाज में विस्फोटकों में विस्फोट हो जाने से मुंबई बंदरगाह पर भीषण आग लग गई थी। इस आग को बुझाते समय अग्निशमन दल के 66 से अधिक जवानों को अपने प्राण गंवाने पड़े थे। इन जवानों की स्मृति में तथा अग्निशमन विषय पर जनजागरुकता निर्माण करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 14 से 20 अप्रैल तक यह सप्ताह अग्निशमन सेवा सप्ताह के रूप में पूरे भारत में मनाया जाता है। सिडको के अग्निशमन विभाग की स्थापना 27 नवंबर 1973 को की गई थी। पिछले पचास से अधिक वर्षों से सिडको का अग्निशमन विभाग नवी मुंबई में अग्निशमन तथा आपातकालीन सेवाएं निरंतर 24x7 के सिद्धांत पर प्रदान कर रहा है। भारत सरकार एवं महाराष्ट्र सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है, और इस अवधि में अग्निशमन विभाग द्वारा विभिन्न जनजागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अग्निशमन सेवा सप्ताह का प्रारंभ सोमवार, 14 अप्रैल को अग्निशमन केंद्र, खारघर में शहीद अग्निशमन जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले कार्यक्रम से होगा। इसके पश्चात 15 से 19 अप्रैल के बीच आवासीय, वाणिज्यिक, शैक्षणिक इमारतों एवं गोदामों (वेयरहाउस) में मॉक ड्रिल तथा हाउसिंग सोसायटियों में अग्निसुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियों पर मार्गदर्शन शिविर एवं प्रशिक्षण कक्षाओं का आयोजन किया गया है। इस सप्ताह का समापन रविवार, 20 अप्रैल को मुंबई में होगा। नागरिकों में आग के खतरों के प्रति जागरुकता उत्पन्न करना तथा इमारतों में स्थापित अग्निशमन प्रणाली को कार्यशील बनाए रखना और आग लगने की स्थिति में तुरंत उपाय करना—यह इन जनजागरुकता कार्यक्रमों का उद्देश्य है। इमारतों में अग्निशमन प्रणाली को क्रियाशील बनाए रखने और आपातकालीन परिस्थिति में उसका उपयोग कैसे किया जाए, इस विषय पर मार्गदर्शन प्राप्त करने नजदीकी अग्निशमन केंद्र का अवश्य भ्रमण करें।



# जापान में घुड़सवार बनाने का झांसा देकर ठगी

## बैंगलुरू के शातिर के खिलाफ मामला दर्ज, 3.30 लाख रुपए ठगे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**जोधपुर।** जोधपुर के रहने वाले एक युवक को जापान में घुड़सवार बनाने और इसके लिए जरूरी वीजा दिलाने का झांसा देकर तीन लाख 30 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। भोमसिंह ने रिपोर्ट में बताया कि उसके पूर्व परिचित जैसलमेर के भणियाणा में संग्राम सिंह की ढाणी निवासी श्रवण सिंह से साल 2021 में बातचीत हुई थी। उसने खुद के विदेश जाने की बात बताते हुए परिवादी भोम सिंह से कहा कि आपको भी विदेश जाना हो, तो घुड़सवारी के लिए जापान जा सकते हो। श्रवण सिंह ने एलेक्स अरुलदास, जो बैंगलुरू निवासी है, उसके दो मोबाइल नंबर दिए, जो वीजा जारी कराता है। भोम सिंह ने एलेक्स से बात की, तो उसने जापान का वीजा दिलाने का भरोसा दिया। उसके कहने पर परिवादी ने अपने पासपोर्ट का विवरण भेजा। भरोसे में लेने के लिए एलेक्स ने खुद के आधार कार्ड और पैन कार्ड का फोटो भेजा, जिसमें बैंगलुरू का पता लिखा था। इसके बाद उसने जापान का वीजा जारी होने का फोटो भेजा और इसके लिए तीन लाख 50 हजार रुपए एडवांस में भेजने की बात कही।

**किश्तों में दिए रुपए :** उसकी बातों पर विश्वास करके भोमसिंह ने 28 अप्रैल 2021 को एलेक्स के बताए अनुसार एक्सिस बैंक के खाते में दो लाख रुपए नकद जमा कराए। इसके बाद लगातार उससे बातचीत होती रही। परिवादी ने 26 अप्रैल 2021 को 40 हजार रुपए फोन-पे से ऑनलाइन ट्रांसफर किए, जबकि 27 अप्रैल 2021 को पेटीएम से 24999 रुपए ट्रांसफर किए। इसके अलावा भी 15 हजार रुपए अलग-अलग टुकड़ों में ट्रांसफर किए। 17 मई 2021 को 50 हजार रुपए भेजे। इस तरह कुल तीन लाख 29 हजार 999 रुपए का भुगतान एलेक्स को कर दिया।

इतनी राशि देने के बावजूद भी भोमसिंह को वीजा नहीं मिला, तो उसने लगातार एलेक्स से संपर्क रखा, लेकिन वो झांसा देता रहा। बाद में उसने श्रवण सिंह से बातचीत की, तो पता चला कि उसके साथ भी एलेक्स ने फ्रॉड करके रुपए हड़प लिए हैं। तब, भोमसिंह ने उस शातिर के साथ फोन पर बात कर पेमेंट लौटाने को कहा, तब भी शातिर लगातार दिलासा देता रहा, लेकिन अब तक न तो उसे वीजा मिला और न ही उसके रुपए ही रिफंड किए गए। तब पीड़ित ने कोर्ट में इस्तगासा पेश किया। कोर्ट के आदेश पर माता का थान पुलिस स्टेशन में यह रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# बॉर्डर इलाके में पकड़ा गया बांग्लादेशी

▶▶ हमीरा की बस्ती से बीएसएफ ने दबोचा

▶▶ सम थाना पुलिस ने जेआईसी को सौंपा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर से लगते भारत पाकिस्तान बॉर्डर के प्रतिबंधित सम थाना इलाके में बीती रात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने एक बांग्लादेशी युवक को पकड़ा। सम थाना पुलिस ने संदिग्ध युवक से पूछताछ कर उसे संयुक्त जांच कमेटी के हवाले किया जहां सभी सुरक्षा एजेंसियां बांग्लादेशी नागरिक के बॉर्डर इलाके में आने का कारण पड़ताल करेंगी। बीती रात सीमा सुरक्षा बल को हमीरा की बस्ती के पास संदिग्ध हालत में घूमता एक युवक दिखाई दिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद फैजल निवासी बंगलादेश बताया। जैसलमेर आने व बॉर्डर इलाके में पहुंचने के सवालों पर वो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इसको लेकर सीमा सुरक्षा बल ने उसे सम थाना पुलिस को सौंपा। सम थाना एसएचओ सुरजाराम ने बताया कि पकड़े गए मोहम्मद फैजल के पास से कुछ भी संदिग्ध तो बरामद नहीं हुआ लेकिन प्रतिबंधित थाना क्षेत्र में बांग्लादेशी युवक के आने के बाद से उसे जांच के लिए संयुक्त जांच कमेटी को सौंपा गया है। जहां जिले की सभी सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर जैसलमेर आने का कारण जानने का प्रयास करेंगी।

# स्नैक कैचर ने बचाई घायल सांप की जान

## पांच फीट लम्बे कोबरा का इलाज करवाकर जंगल में छोड़ा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर के स्नैक कैचर इमरान ने एक घायल कोबरा प्रजाति के सांप की जान बचाई। करीब पांच फीट लम्बे सांप की रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। इमरान ने उसको रेस्क्यू कर पशु हॉस्पिटल में इलाज करवाया और सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। स्नैक कैचर इमरान ने बताया कि सांप हमारे पर्यावरण के लिए बेहद जरुरी है और हमें सांप को कभी भी मारना नहीं चाहिए। ये सभी का जीवों के प्रति कर्तव्य भी बनता है कि हम उनकी रक्षा करें। दरअसल, जैसलमेर के रामगढ़ रोड पर एक होटल के पास एक कोबरा प्रजाति का सांप मिला। वह अचेत अवस्था में जमीन पर पड़ा था। वहां मौजूद कुछ लोगों ने जैसलमेर के स्नैक कैचर इमरान को मौके पर बुलाया। स्नैक कैचर इमरान मौके पर पहुंचे। जब उन्होंने सांप को पास से देखा, तो पाया कि उसकी रीढ़ की हड्डी टूटी हुई थी। सांप पूरी तरह से अचेत था, लेकिन उसकी सांसें चल रही थीं। इमरान ने सांप को उठाया और सीधे पशु हॉस्पिटल लेकर गए। वहां डाक्टरों ने एक्स-रे और चेकअप के बाद सांप का इलाज किया। उसकी टूटी हड्डी पर प्लास्टर किया। इलाज के दौरान सांप को होश आने लगा और धीरे-धीरे उसकी हालत में सुधार दिखने लगा। प्लास्टर के बाद स्नेक कैचर इमरान ने उसको जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया। इमरान का कहना है कि ये सांप जंगल में धीरे-धीरे रेंग कर शिकार करेगा और अपने आप सही हो जाएगा। पर्यावरण के लिए अहम है सांप स्नैक कैचर इमरान ने बताया



कि हर जीव का इस धरती पर उतना ही हक है, जितना हमारा है। सांप हमारे इको-सिस्टम में एक बेहद जरूरी भूमिका निभाता है। ये खेतों और जंगलों में चूहों जैसे कीटों की संख्या नियंत्रित करता है। यदि हम इन्हें मारते हैं, तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ता है। उन्होंने बताया कि ये घटना सिर्फ एक रेस्क्यू नहीं, बल्कि एक सीख है कि इंसानियत सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं होनी चाहिए वन्य जीवों में भी जीवन बसता है।

# रामदेवरा से पोकरण तक नई रेल लाइन को मंजूरी

▶▶ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की घोषणा, यात्रा में बचेंगे 45 मिनट



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रामदेवरा से पोकरण तक नई रेल लाइन को मंजूरी देने की घोषणा की है। इससे रामदेवरा आने वाले श्रद्धालुओं और जैसलमेर क्षेत्र के रेल यात्रियों को बड़ी सौगात मिली है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रामदेवरा से पोकरण तक नई रेल लाइन को मंजूरी देने की घोषणा करते हुए बताया कि ये लाइन कैलाश टेकरी और भैरव गुफा जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ते हुए गुजरेगी। इससे न केवल आस्था के स्थलों तक पहुंच आसान होगी, बल्कि क्षेत्रीय पर्यटन को भी नया बल मिलेगा। रेल मंडल के प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि यह नया ट्रैक सीधे पोकरण से जुड़ाव प्रदान करेगा, जिससे बीकानेर व जोधपुर से जैसलमेर आने वाली ट्रेनों की गति में सुधार हो सकेगा और करीब 45 मिनट का समय बचेगा। इंजन और डिब्बों की अदला-बदली में लगने वाला समय की भी बचत हो सकेगी। उन्होंने बताया कि रेल मंत्री ने इस परियोजना की घोषणा की। अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि रेल लाइन निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण और अन्य प्रक्रियाएं शीघ्र आरंभ होंगी। रेलवे विभाग ने इसे प्राथमिकता पर लेते हुए जल्द काम शुरू करने का भरोसा दिलाया है। रामदेवरा आने वाले श्रद्धालु अब ट्रेन से सीधे भैरव गुफा और कैलाश टेकरी जैसे आस्था स्थलों तक पहुंच सकेंगे। इससे रामदेवरा की धार्मिक यात्रा और भी समृद्ध होगी। ये लाइन पूरी तरह से बिजली की होगी।

# राजपूत शिक्षा कोष में एक करोड़ की राशि

▶▶ जरूरतमंदों को शिक्षित करने की शुरुआत : पद्मश्री नारायण सिंह

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** राजपूत समाज की ओर से शादी-सगाई और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में होने वाली फिजूलखर्ची को रोकने के उद्देश्य से पदमश्री और पद्मभूषण से सम्मानित नारायण सिंह मानकलाव की अगुवाई में शिक्षा नेग कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। नारायण सिंह मानकलाव ने बताया- एक किसान की मृत्यु होने के बाद उनके छह बच्चों को गोद लेकर राजपूत छात्र प्रोत्साहन निधि का गठन किया गया था। समाज के लोगों से सहयोग लेते हुए इन बच्चों की शिक्षा के लिए कार्य किया जा रहा है। साल दर साल इसमें लोगों का जुड़ाव बढ़ता गया और अब यह कोष लगभग एक करोड़ रुपए की राशि का होने वाला है। उन्होंने कहा कि समाज के पीड़ित और जरूरतमंद युवाओं को पढ़ा-लिखाकर काबिल बनना सभी का दायित्व है। इसी शिक्षा ने कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर अन्य समाज भी शिक्षा कार्यक्रम का हिस्सा बन रहे हैं। कार्यक्रम के तहत किसी भी आयोजन में खर्च होने वाले रुपयों का आधा प्रतिशत शिक्षा में खर्च करने का आह्वान किया गया था। जिसके सकारात्मक परिणाम सब सामने आने लगे हैं।

# तीन दिन में पांच डिग्री गिरा तापमान, गर्मी-लू से राहत

▶▶ रुक-रुक हवा का दौर जारी, 14 अप्रैल से फिर बढ़ेगी गर्मी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बाड़मेर।** बाड़मेर सहित अन्य इलाकों में नया विक्षोभ एक्टिव होने से गर्मी का असर कम हुआ है। शुक्रवार को सुबह से रुक-रुक कर हवाओं का दौर चल रहा है। वहीं तापमान भी बीते दो दिनों से गिर रहा है। न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री दर्ज किया गया है। दरअसल, गर्मी ने इस सीजन अप्रैल में सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फर्स्ट वीक में शुरू हुई गर्मी दूसरे वीक में जारी रही। मंगलवार को अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 31.5 डिग्री पहुंच गया था। अप्रैल में यह पहली बार हुआ है कि बाड़मेर में गर्मी ने 67 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा है। गुरुवार को बाड़मेर का अधिकतम पारा तीन डिग्री तक लुढ़ककर 41.6 डिग्री पर पहुंच गया। वहीं गुरुवार को न्यूनतम पारा 25.8 डिग्री दर्ज पहुंच गया। शुक्रवार को न्यूनतम पारे मामूली चढ़कर 26.2 डिग्री दर्ज किया गया। शुक्रवार को सुबह से रुक-रुक आंधी चल रही है।

लेकिन लू व गर्मी का असर बीते दिनों की अपेक्षा थोड़ा कम है। लोग गर्मी से बचने के लिए जतन करते नजर आए। वहीं नींबू पानी, ज्यूस कॉर्नर सहित पेय पदार्थों का लोग सेवन ज्यादा करते नजर आए। दोपहर को आसमान में हल्के बादलों की आवाजाही होगी। इससे कुछ जगह हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बादल छाए रहने की संभावना जताई है। वहीं दिन का पारा 40 डिग्री और रात का पारा 24 डिग्री तक पहुंच सकता है। 12-13 अप्रैल को भी बादल छाए रहेगें। 14 अप्रैल से एक बार भीषण गर्मी का दौर शुरू होने की संभावना है।

# प्लॉट खुलवाने के नाम पर ठगी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के उदय मंदिर थाने में कोर्ट में इस्तगासे के जरिए इनामी ड्रा खुलवाने और प्लॉट खुलने का झांसा देकर ठगी होने का मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में अब्दुल वाहिद ने बताया कि सनसिटी रियल प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड के प्रोपराइटर रसाल खान ने एक योजना शुरू की थी। जिसमें प्रतिमाह 1000 रुपए किश्त के हिसाब से कुल 45 किस्त जमा करवाने पर एक प्लॉट देने की घोषणा की गई थी। आप है कि 45 किश्त जमा करवाने के बावजूद भी आरोपी प्रोपराइटर ने प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं करवाई और न ही परिवादी को रुपए वापस दिए। ऐसे में परेशान होकर पीड़ित की ओर से थाने में रिपोर्ट दी गई लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। इसके बाद पीड़ित कोर्ट पहुंचा और कोर्ट के जरिए अब थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 852 | 836 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 240 | 238 |
| जिंक स्लैब | 259 | 256 |
| लीड इन्गॉट | 182 | 175 |
| टिन स्लैब | 2755 | 2808 |
| निकल | 1343 | 1292 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 822 | 810 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 813 | 800 |
| कॉपर आर्मेचर | 804 | 793 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 738 | 735 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 535 | 529 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 578 | 572 |
| एल्युमिनियम | 190 | 190 |

लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9152 | -650 |
| टिन | 31435 | -55 |
| लीड | 1895 | +4975 |
| जिंक | 2646 | -2450 |
| एल्युमिनियम | 2359 | -4100 |
| निकल | 14954 | +846 |

# व्यापार जगत

# निवेशकों के डूबे तीन लाख करोड़

▶▶ ट्रंप टैरिफ, FIIs ने बढ़ाई चिंता



**मुंबई।** भारत के बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स लगातार दूसरे सप्ताह (सात अप्रैल-11 अप्रैल) गिरावट में रहे। निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की व्यापार नीति में आए उतार-चढ़ाव से पैदा हुई अनिश्चितता से जूझ रहे हैं। हालांकि, ट्रंप के चीन को छोड़कर अन्य देशों पर भारी "रिस्प्रोकाल" टैरिफ पर 90 दिनों की रोक लगाने के फैसले के बाद बाजार ने सप्ताह के आखिर में ज्यादातर नुकसान की भरपाई कर ली। एनएसई का निफ्टी-50 इंडेक्स शुक्रवार को 1.92% बढ़कर 22,828.55 पर बंद हुआ, जबकि बीएसई सेंसेक्स में 1.77% की बढ़त आई और यह 75,157.26 पर बंद हुआ। इसके बावजूद दोनों इंडेक्स इस सप्ताह (सात अप्रैल-11 अप्रैल) के दौरान 0.3% की गिरावट के साथ बंद हुए। निवेशक अब भी सतर्क बने हुए हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वार और गहराता जा रहा है। चीन ने अमेरिकी आयात पर टैरिफ बढ़ाकर 125% कर दिया है। ट्रंप के चीनी वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाकर 145% करने के फैसले के जवाब में चीन ने यह कदम उठाया है। गौरतलब है की इस सप्ताह सबसे ज्यादा गिरावट मेटल और रियल्टी इंडेक्स में आई। सप्ताह के दौरान 13 प्रमुख सेक्टर्स में से नौ में गिरावट रहे। इसमें रियल एस्टेट और मेटल सेक्टर में सबसे अधिक गिरावट आई, जो क्रमशः 4% और 2.9% नीचे रहे। हैवीवेट फाइनेंशियल और इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) सेक्टर में क्रमशः 0.9% और 2.3% की गिरावट आई। इसमें लगातार दूसरे वीक साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई।

आईटी शेयरों में इस चिंता के चलते गिरावट आई कि ट्रेड वार की वजह से दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में मंदी आ सकती है। अमेरिका आईटी कंपनियों के लिए एक प्रमुख बाजार है। इसके अलावा ब्रोडर मिडकैप में लगातार तीसरे हफ्ते साप्ताहिक गिरावट आई। इस हफ्ते यह 0.3% गिर गया। जबकि स्मॉलकैप में साप्ताहिक आधार पर 0.1% की वृद्धि हुई। बाजार में गिरावट की वजह से निवेशकों को नुकसान हुआ है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप शुक्रवार (बाजार बंद होने के समय) 4,01,55,574 करोड़ रुपए था।

## रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा सोना

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतें रातों-रात 3,218.07 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं, जिसके बाद यह 3,207 डॉलर पर बंद हुईं। भारत में भी सोने की कीमतों में तेजी से उछाल आया और यह करीब 93,380 प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। यह उछाल ऐसे समय में आया है जब वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता बढ़ने और मौद्रिक नीति की बदलती



अपेक्षाओं के बीच निवेशक पीली धातु की ओर आकर्षित हो रहे हैं। गौरतलब है की उछाल के पीछे मुख्य कारणों में से एक अमेरिकी डॉलर इंडेक्स में गिरावट है, जो 100 अंक से नीचे चला गया है।

# सोयाबीन की पेराई 10% घटी, सोया खली निर्यात भी पड़ा सुस्त

**मुंबई।** सोयाबीन की पेराई में सुस्ती देखने को मिल रही है। चालू तेल वर्ष यानी 2024-25 (अक्टूबर से सितंबर) के छह महीनों में सोयाबीन की पेराई में गिरावट दर्ज की गई है। चालू तेल वर्ष में कुल पेराई में आ रही कमी की वजह देश में सोयाबीन तेल का बड़े पैमाने पर आयात और सोया खली की मांग सुस्त पड़ रहा है। चालू तेल वर्ष में सोया खली का निर्यात भी घट रहा है। सोयाबीन उद्योग के प्रमुख संगठन सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (SOPA) के आंकड़ों के अनुसार तेल वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-मार्च अवधि में 60.50 लाख टन सोयाबीन की पेराई हो चुकी है। पिछली समान अवधि में यह आंकड़ा 67.50 लाख टन था। इस तरह चालू तेल वर्ष के पहले छह महीने में सोयाबीन की पेराई में 10 फीसदी से अधिक कमी देखी गई है। मार्च महीने में भी सालाना आधार पर सोयाबीन की पेराई में गिरावट दर्ज की गई है। मार्च में नौ लाख टन सोयाबीन की पेराई हुई, जबकि पिछले साल मार्च में यह आंकड़ा 10.50 लाख टन था। SOPA के मुताबिक चालू तेल वर्ष में 115 लाख टन पेराई होने का अनुमान है। पिछले तेल वर्ष में 122.50 लाख टन सोयाबीन की पेराई हुई थी। जाहिर है कि चालू तेल वर्ष में सोयाबीन की पेराई कम होने का अनुमान लगाया गया है। ऐसा तब है जब वर्ष 2024-25 में सोयाबीन का उत्पादन अधिक होने का अनुमान है।

वर्ष 2024-25 में 125.82 लाख टन उत्पादन का अनुमान है, जो इससे पहले वर्ष के 118.74 लाख टन सोयाबीन उत्पादन से अधिक है। पिछले तेल वर्ष के कैरीओवर को मिलाकर इस तेल वर्ष में सोयाबीन की कुल उपलब्धता 135.76 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले तेल वर्ष की कुल उपलब्धता 149 लाख टन से कम है। चालू तेल वर्ष के पहले 6 महीने के दौरान सोया खली के निर्यात में भी गिरावट देखने को मिल रही है। SOPA के अनुसार तेल वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-मार्च अवधि में 11.12 लाख टन सोया खली का निर्यात हुआ है, जो पिछली समान अवधि में निर्यात हुई 13.47 लाख टन से करीब 17.50 फीसदी कम है। मार्च महीने में भी सोया खली का निर्यात घटा है।

## आप का राशिफल 12 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-1-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक 5 6 6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): लेन देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-7-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-7-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-4-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-4-7-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा। शुभांक-6-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-4-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-4-6-9

# इंडस्ट्रियल ग्रोथ छह महीने में सबसे धीमी, आईआईपी घटकर 2.9% पर आया



**नई दिल्ली।** देश की औद्योगिक गतिविधियों की रफ्तार फरवरी में धीमी हो गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, इंडस्ट्रियल आउटपुट यानी आईआईपी (Index of Industrial Production) फरवरी में सिर्फ 2.9% बढ़ा। जबकि जनवरी में आईआईपी 5.01% की दर से बढ़ा था, जो पिछले आठ महीनों में सबसे तेज़ बढ़त थी। गौर करने वाली बात है कि यह बीते छह महीनों में सबसे धीमी रफ्तार है। इसके पहले सितंबर 2024 में आईआईपी की दर 3.2% रिकॉर्ड की गई थी। आईआईपी में सबसे ज्दाया वज़न रखने वाला सेक्टर मैन्युफैक्चरिंग यानी विनिर्माण है, जिसकी ग्रोथ फरवरी में 2.9% रही। यह दर पहले के मुकाबले कम है, जिससे साफ है कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की तेजी थोड़ी थम गई है। खनन (माइनिंग) सेक्टर की हालत और भी कमजोर रही। इस सेक्टर की ग्रोथ फरवरी में सिर्फ 1.6% रही, जो यह दिखाता है कि खनन और कच्चे माल के उत्पादन में गिरावट आई है। बिजली उत्पादन में फरवरी में 3.6% की ग्रोथ दर्ज की गई, जो बाकी सेक्टर्स की तुलना में बेहतर रही। लेकिन यह बढ़त इतनी नहीं थी कि मैन्युफैक्चरिंग और माइनिंग की सुस्ती की भरपाई कर सके।

# मुंबई के बाद चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में 5G सर्विस




**मुंबई।** टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने चेन्नई के मशहूर एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक स्टेडियम) में अपनी 5G सर्विस शुरू कर दी है। कंपनी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सीजन के मौके पर यह कदम उठाया है, ताकि क्रिकेट फैंस को तेज और बेहतर इंटरनेट का अनुभव मिल सके। वोडाफोन आइडिया ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि एमए चिदंबरम स्टेडियम में 5G कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। शुक्रवार को चेपॉक स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला होने वाला है। इस बड़े मैच को देखने आने वाले हजारों दर्शकों के लिए वीआई ने स्टेडियम में अतिरिक्त 5G साइट्स लगाए हैं। कंपनी ने अपनी नेटवर्क क्षमता को बढ़ाने के लिए BTS और MassiveMIMO जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया है। ये तकनीकें तेज इंटरनेट स्पीड और बिना रुकावट के कनेक्शन देने में मदद करती हैं। कंपनी का कहना है कि चेपॉक स्टेडियम में मौजूद क्रिकेट फैंस अब 5G की मदद से लाइव इंटरनेट का मजा ले सकेंगे। चाहे वह मैच की लाइव स्ट्रीमिंग हो, सोशल मीडिया पर अपडेट शेयर करना हो या दोस्तों के साथ वीडियो कॉल, 5G सर्विस के साथ सब कुछ तेज और आसान होगा। कंपनी ने स्टेडियम के नेटवर्क को इस तरह तैयार किया है कि भीड़भाड़ के दौरान भी इंटरनेट की स्पीड कम न हो। वीआई ने इस पहल के जरिए आईपीएल सीजन का फायदा उठाने की कोशिश की है। चेपॉक जैसे बड़े स्टेडियम में 5G सर्विस शुरू करना कंपनी के लिए एक अहम कदम है, क्योंकि यह न केवल क्रिकेट फैंस को बेहतर अनुभव देगा, बल्कि वीआई की तकनीकी ताकत को भी दिखाएगा।

# भीनमाल में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई

**▶▶ वक्ताओं ने समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने और आपसी एकता पर दिया जोर**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** भीनमाल स्थित माली समाज छात्रावास में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महात्मा फुले की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। अध्यक्ष भारताराम सुन्देशा ने महात्मा फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके वक्ताओं ने समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने और आपसी एकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि महात्मा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को पुणे में हुआ था। फुले ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा में लगा दिया। वे गरीबों, महिलाओं, दलितों और पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए काम करते रहे। सचिव सुरेश सोलंकी ने बताया कि 19वीं सदी में समाज में उच्च वर्ग का वर्चस्व था। ऐसे में फुले ने अपनी पत्नी सावित्रीबाई के साथ मिलकर लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा दिया। उन्होंने 1848 में पुणे में देश का पहला कन्या विद्यालय खोला। पारसमल सांखला ने बताया कि महात्मा फुले बाल-विवाह के विरोधी और विधवा-विवाह के समर्थक थे। फुले दंपति ने मिलकर देश में कुल 18 स्कूल स्थापित किए। दलितों और वंचितों के अधिकारों के लिए उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना की। भंवरलाल सोलंकी ने कहा कि महात्मा फुले का जातिगत भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ संघर्ष आज भी प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में समाज के कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इनमें हजारीमल, बाबूलाल सुन्देशा, ओमप्रकाश सुन्देशा समेत कई प्रमुख लोग शामिल थे।

# फर्जी पावर अटॉर्नी बनाकर बेची दुकान, गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** स्थानीय पुलिस ने करीब बारह वर्ष पूर्व फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी बनाकर मुख्य बाजार में कीमती दुकान बेचकर रुपए हड़पने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार फर्जी पावर अटॉर्नी बनाकर अपने भाई-बहन की पुश्तैनी दुकान को अन्य लोगों को बेचकर रुपए हड़पने के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा व पुलिस उप अधीक्षक अन्नराज सिंह राजपुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी रामेश्वर लाल भाटी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। आरोपी की पहचान दिलीप कुमार के रुप में हुई है। आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने वर्ष 2012 में फर्जी तरीके से अपने भाई-बहन की पुश्तैनी दुकान का अपना बताकर दूसरों को बेच दिया और पैसे भी हड़प लिए। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया कि आरोपी ने धोखाधड़ी से फर्जी दस्तावेज तैयार कर बिक्री की और धोखाधड़ी की रकम स्वीकार की। पुलिस टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार किया। कार्रवाई गनी मोहम्मद उपनिरीक्षक, मदनलाल कांस्टेबल व रामलाल कास्टेबल द्वारा की गई।



# रानीवाड़ा के कोटड़ा गांव में बिजली कटौती से लोग परेशान

**▶▶ विद्युत विभाग की मनमानी से बढ़ी उपभोक्ताओं की परेशानी**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा के ग्रीड सब स्टेशन दातवाडा से जुड़ा कोटड़ा गांव के उपभोक्ता बिजली कटौती से लगातार परेशान हैं। जीएसएस के कर्मचारियों की मनमानी रवैया ने उपभोक्ताओं को लगातार रुलाने का काम कर रहा है। उपभोक्ताओं की शिकायत है कि पावर ग्रिड में कार्यरत कर्मी रात्रि में रोज कोटड़ा क्षेत्र की बिजली को काट देते हैं तथा जीएसएस से जुड़े अन्य क्षेत्रों की फीडर में निर्वाध बिजली देने का काम करते हैं जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र उपभोक्ता इस भयानक गर्मी में परेशान हो रहे हैं। बिजली की आपूर्ति लगातार शानित रहने से घरों में लगें विद्युत उपकरण भी नहीं चल पा रहे हैं। लगातार बिजली की आंख मिचौनी से उपभोक्ताओं का विभाग के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग के कर्मचारियों की मनमानी रवैया के कारण कोटडा में बिजली को हे करंट लग रहा है यही कारण है कि कभी ब्रेक डाउन या फिर कभी शट डाउन कहकर ग्रामीण इलाकों में प्रतिदिन बिजली बाधित कर दी जाती है। विभाग के इस मनमानी रवैया के कारण सैकड़ो विद्युत उपभोक्ताओं को नियमित रूप से बिजली नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन हमें निराशा ही हाथ लगी। उपभोक्ताओं का कहना है यदि व्यवस्था में सुधार नहीं लाई गई तो आंदोलन किया जाएगा।

# शिविर में स्वास्थ्य पर चर्चा

**▶▶ शिविर में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना करने रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने पर जोर दिया**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** भीनमाल में सन टू ह्यूमन मिशन द्वारा तीन दिवसीय नए दृष्टिकोण वाला शिविर प्रारंभ हुआ। इस शिविर में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना करने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। शिविर में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने पर जोर दिया जा रहा है। बाजार में बढ़ते रसायन युक्त और मिलावटी आहार के बारे में जागरूकता फैलाई जा रही है। इम्युनियम सिस्टम को मजबूत करने के लिए योग और ध्यान के विभिन्न प्रयोग करवाए जा रहे हैं। जीवन जीने के महत्व पर जोर दिया जा रहा है। इसके अलावा साधना के माध्यम से जीवन में कसावट लाने की प्रक्रिया पर चर्चा की जा रही है। शिविर में करीब बीस आइटम वाला ऊर्जावान एल्कलाइन नाश्ता परोसा जा रहा है। भक्ति गीतों पर नृत्य के माध्यम से श्रोता आनंद से झूम उठे। ध्यान और ऑक्सीजन बढ़ाने वाले व्यायाम के विभिन्न प्रयोग कराए जा रहे हैं। शिविर के आयोजन में कन्हैया लाल खंडेलवाल, अशोक मेहता, जयरूपराम माली, जोगाराम चौधरी, नारायण जांगिड़, रमेश अग्रवाल, दिनेश भाटी, भरत शर्मा, सुमित माहेश्वरी, हनुमान शर्मा, नवरतन अग्रवाल, हरिराम विश्नोई, बाबूलाल सोलंकी, सुरेश अग्रवाल, कमलेश महेश्वरी, कैलाश माहेश्वरी, सांवलाराम सेन, जीवाराम विश्नोई, सुरेश विश्नोई, गोपाल बालोत, दिशा खंडेलवाल, भगवती देवी खंडेलवाल, लीलावती अग्रवाल, शोभा शर्मा आदि का सहयोग रहा।



# भाजपा 13 से 25 तक मनाएगी भीमराव आंबेडकर जयंती

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने भारत रत्न डाक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य मे 13 से 25 अप्रेल तक होने वाले कार्यक्रमों के लिए जिला संयोजक की जिम्मेदारी भाजपा जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित को एवं सह संयोजक जिला महामंत्री हरीशचन्द्र राणावत, जिला सह संयोजक किरण भारतीय प्रधान भीनमाल, जिला सह संयोजक किसान नेता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष भगवानाराम को दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह मंडल क्षेत्र में कार्यक्रम मनाने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने मण्डल संयोजक, मण्डल सह संयोजक की भी घोषणा की है। विधानसभा आहोर के आहोर मंडल संयोजक किशोर सिंह अजीतपुरा, सह संयोजक कानाराम दमामी एवं बागरा मण्डल संयोजक जोग सिंह आड़वाड़ा, सह संयोजक हिम्मता राम गर्ग व भाद्राजून मण्डल संयोजक दिनेश सिंह राठौड़, सह संयोजक जसराज हीरागर एवं चांदराई मंडल संयोजक भंवरपुरी गौस्वामी, सह संयोजक जितेंद्र हीरागर एवं गोदन मंडल संयोजक प्रकाश कुमार गर्ग, सह संयोजक भवानी सिंह मीठड़ी व गुडा. बालोतान मण्डल संयोजक जयंतीलाल कुमावत, सह संयोजक दीपक कुमार मेघवाल को दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह जालोर विधानसभा के जालोर नगर मंडल संयोजक का दायित्व संजय बोराणा को व मंडल सह संयोजक रमेश कुमार बारुपाल को बनाया गया है। जालोर ग्रामीण मंडल संयोजक जयंती लाल माली, सह संयोजक हितेश हीरागर, उम्मेदाबाद मण्डल संयोजक जोगराज राजपुरोहित, सह संयोजक मोहनलाल मेघवाल, सायला मंडल संयोजक रगाराम देवासी, सह संयोजक भंवरलाल हीरागर, जीवाणा मंडल संयोजक केवदाराम चौधरी, सह संयोजक मानाराम मेघवाल एवं पोषाणा मंडल संयोजक उदयसिंह दादाल, सह संयोजक का दायित्व मैसाराम मेघवाल को सौपा गया है। इसी तरह विधानसभा भीनमाल के भीनमाल नगर मंडल संयोजक प्रवीण कुमार दवे, सह संयोजक माधाराम राणा व भीनमाल ग्रामीण मंडल संयोजक पांचाराम प्रजापत, सह संयोजक फगलूराम मेघवाल, एवं बागोड़ा मंडल संयोजक देवीसिंह को व सह संयोजक जेताराम मेघवाल को बनाया गया है। जुंजाणी मंडल संयोजक सावलाराम देवासी, सह संयोजक नरपत कुमार मेघवाल एवं नरसाणा मंडल संयोजक रमेश कुमार विश्नोई, सह संयोजक हरीश कुमार मेघवाल व रामसीन मण्डल के संयोजक मदनसिंह राव व सह संयोजक उत्तम कुमार गर्ग को दायित्व दिया गया है। विधानसभा रानीवाड़ा के रानीवाड़ा मण्डल संयोजक पर गोविन्द रावल एवं सह संयोजक दिनेश कुमार गर्ग को बनाया गया है। जसवंतपुरा मण्डल संयोजक आर के रमेश मेघवाल को व सह संयोजक लक्ष्मण सिंह देवल, एवं करड़ा मण्डल संयोजक ललीत राजपुरोहित व सह संयोजक रमेश कुमार मेघवाल वणधर एवं सांकड़ मण्डल संयोजक का दायित्व अमृतलाल चौधरी, सह संयोजक नरपतराम कोली को सौंपा गया है। बड़गांव मण्डल संयोजक प्रकाश कुमार सेन, सह संयोजक कालुराम कोली बामनवाड़ा को दायित्व दिया गया है। विधानसभा सांचोर के सांचोर नगर मण्डल संयोजक का दायित्व मोडाराम बुनकर, सह संयोजक मांगीलाल दर्जी, सांचोर ग्रामीण मण्डल संयोजक ईश्वर सुथार व सह संयोजक रतनाराम तरीगर व अरणाय मण्डल संयोजक गणेशाराम चौधरी, सह संयोजक परसाराम मेघवाल, झाब मण्डल संयोजक रिड़मलसिंह डांगी, सह संयोजक डूंगराराम पुरोहित एवं एवं सह संयोजक टीम हर्षोल्लास से जयंती कार्यक्रम आयोजित करेंगे।



# 265 जरुरतमंदों को बांटी चप्पलें

**▶▶ पशु मेले में शिव साई समिति ने की मदद**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** आधुनिकता के युग मे आज भी जरूरतमंद परिवारों को तपती धूप में नगे पैर चलना पड़ता। अपनी रोजीरोटी के लिये यह परिवार दूरदराज इलाकों में भ्रमण करता रहता है। एंसे लोगों का सहयोग की आवश्यकता रहती है। इसी को देखते हुए समाज सेवा में हमेशा तत्पर रहने वाली स्वयंसेवी संस्था शिव सांई समिति रानीवाड़ा के बैनर तले भामाशाह रमेश कुमार पुरोहित , दलपत कुमार पुरोहित डूंगरी, गुरुदेव फिलिग सेन्टर एच पी पेट्रोल पम्प रानीवाड़ा के सहयोग से आपेश्वर पशु मेला सेवाडिया में नंगे पैर चलने वालों को चिन्हित कर उन्हें मौके पर ही चप्पलें दी गई। इस नेक कार्य के साथ स्वयंसेवक उनका आर्शीवाद लेकर आगे बढ़ते हैं। नई चप्पलें पहनते ही उनके चेहरे पर मुस्कान देखी जा सकती थी। इस मौके पर भारतीय किसान संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष सोमाराम चौधरी ने चप्पलें पहनने वाले लाभान्वित सदस्यों को नशा मुक्त जीवन जीने के उपाय बताया और उन्हें नशा मुक्त की शपथ दिलाई। शिव सांई सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेप कुमार खण्डेलवाल ने बताया कि गर्मी के मौसम हमेशा मानव सेवा के रचनात्मकता कार्य के साथ मेला मे जरूरतमंदों की सहयोग करने का अवसर मिलता है। आपेश्वर पशु मेला सेवाडिया मे समिति द्वारा तीन दिनों मे 265 जरुरतमंद पुरुष महिलाओं को चप्पले दी गई। उसके बाद उनके चेहरे खिल गए।




# अवैध बजरी खनन मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

**▶▶ 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त**
**▶▶ सायला पुलिस ने 3 अलग-अलग जगहों पर की कार्रवाई**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** जालोर की सायला पुलिस ने थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग जगह बजरी खनन कर परिवहन करने के मामले में कार्रवाई की। पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट के मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सायला थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि जालोर एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशानुसार जिले अवैध बजरी/ जिप्सम खनन की रोकथाम को लेकर खनन माफियों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान अखरोट के तहत सायला थाने की तीन टीमों ने अलग-अलग जगह कार्रवाई की है।

**टीम प्रथम-** हेड कॉन्स्टेबल रूपाराम के नेतृत्व में सायला थाना क्षेत्र के कोमता सरहद में 2 आरोपियों के द्वारा अवैध बजरी खनन कर 2 बिना नम्बर की ट्रैक्टर-ट्रॉली में भर कर परिवहन करने के लिए जाते समय पकड़ कर जब्त किया तथा चालक सायला के कोमता निवासी अगराराम (36) पुत्र जोईताराम मेघवाल व भरत (30) पुत्र बलवंताराम भील को गिरफ्तार किया।

**टीम द्वितीय-** एएसआई राजाराम के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के कोमता गांव की सरहद में नदी में अवैध बजरी खनन कर ट्रेक्टर में भरकर परिवहन करने के मामले में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। साथ ही आरोपी मारू सिंह (39) पुत्र मांग सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया है।

**टीम तृतीय-** हेड कॉन्स्टेबल भंवर लाल के नेतृत्व में कोमता क्षेत्र के नदी में अवैध बजरी खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में परिवहन करने के मामले में एक आरोपी जीताराम (20) पुत्र पारसाराम भील को गिरफ्तार किया तथा उसके कब्जे से बजरी से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किया। पुलिस ने चारों के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। कार्रवाई टीम में एएसआई राजाराम, बाबूलाल, हेड कॉन्स्टेबल भंवरलाल, कॉन्स्टेबल लक्ष्मणराम, रमेश कुमार, रामदेवसिंह, अर्जुन कुमार, रामनिवास, मनोहरलाल व नरसीराम मौजूद रहे।

# भीनमाल में तीन देव प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा

**▶▶ आज होगी हनुमान जी, शनि महाराज और चामुंडा माता की प्राण-प्रतिष्ठा**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** भीनमाल रेलवे स्टेशन के सामने श्री बाला हनुमानजी, शनिदेव महाराज और श्री चामुंडा माता जी की प्रतिमा प्रतिष्ठा महोत्सव का दूसरा दिन संपन्न हुआ। आचार्य शास्त्री यशवंत व्यास और वेद पाठी ब्राह्मणों ने वैदिक अनुष्ठान कराए। दिन की शुरुआत प्रातः पूजन से हुई। निक्षेपान्त वास्तु पूजन के बाद हवनात्मक लघुरुद्र पूजन और स्नपन विधि संपन्न हुई। मूर्ति मूर्तिपति लोकपाल पूजन में शान्तिक पौष्टिक हवन का आयोजन किया गया। सायंकाल में धान्यदिवास शयनादिवस का पूजन और आरती हुई। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक महंत श्री 1008 प्रेमभरती महाराज और महंत कपिलगिरी महाराज थे। गजीपुरा महंत के शिष्य मुकेश भारती महाराज भी उपस्थित रहे। पूर्व संध्या पर श्री सीताराम सुंदरकांड पाठ सेवा समिति सिरोही ने सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर वृषभ लग्न में तीनों देवी-देवताओं की मूर्ति प्रतिष्ठा की जाएगी।



# बादलों की आवाजाही से लू से मिली राहत

**▶▶ पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 3 दिन में 3 .3 डिग्री गिरा तापमान**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** सांचौर में पिछले कुछ दिनों से मौसम में बड़ा उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है। जिससे पिछले 3 दिन में दिन के तापमान में 3.3 डिग्री गिरावट होकर 39 डिग्री दर्ज किया।

जिससे आमजन को लू से हल्की राहत मिली। बता दे प्रदेश के कई जिलों में हल्की तो तेज बारिश हुई हैं। जिसके प्रभाव से गुरुवार को जालोर-सांचौर में हल्के बादल छाय रहे और हवा चली। जिसके चलते से जालोर-सांचौर में पिछले 3 दिनों से दिन व रात के तापमान में गिरावट दर्ज हो रही हैं। पिछले 3 दिनों में दिन के तापमान में 3.3 डिग्री गिरावट होकर 39 डिग्री व रात के तापमान में 8.6 डिग्री गिरावट के साथ 20.5 डिग्री दर्ज किया गया हैं। वही 7 अप्रैल को दिन का तापमान 42.3 डिग्री व रात का तापमान 29.1 डिग्री दर्ज किया गया था। तापमान में गिरावट से आमजन को लू से हल्की राहत मिली। हालांकि गर्मी का प्रकोप जारी हैं।

**दो दिन में लू से मिलेगी राहत**

■ **मौसम विशेषज्ञ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि जालोर-सांचौर में आगामी 2 दिन तक तापमान में गिरावट होकर दिन का तापमान 88 से 39 डिग्री तक दर्ज होने के साथ ही लू से हल्की राहत मिलेगी। जिसके बाद 15 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त हो जाएगा। जिससे फिर तापमान में बढ़ोतरी होकर 42 से 43 डिग्री तक पहुंचने के साथ लू चलने की संभावना हैं।**

# अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** जालोर जिले में अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन भौकाल के तहत भीनमाल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी व अंग्रेजी शराब बरामद की है। जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में जिलेभर में संचालित अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा व भीनमाल उपअधीक्षक अन्नराज सिंह राजपुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी रामेश्वरलाल भाटी के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक चैनाराम मय टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर सरहद खानपुर में सुरेश कुमार पुत्र मनाराम जाति सरगरा, निवासी थुरथाना रामसीन के कब्जे से अंग्रेजी शराब की 15 बोतलें, बियर की 24 बोतलें और देशी सादा मदिरा के 183 पव्वे बरामद की गई।



# चार साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**▶▶ अकेली महिला के साथ लूटपाट कर हुआ था फरार**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** स्थानीय पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्नाटक राज्य में एक करोड़ रुपये की ठगी के दो मामलों में चार साल से फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी तेजाराम उर्फ दिनेश पुत्र लीलाराम जाति जाट निवासी चारणीयों की ढाणी पुनासा, पुलिस थाना भीनमाल, जिला जालोर है। आरोपी पर भीनमाल क्षेत्र में एक महिला के साथ दिनदहाड़े घर में घुसकर मारपीट कर गहने लूटने का भी गंभीर आरोप था। मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द यादव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदार व पुलिस उपअधीक्षक अन्नराजसिंह राजपुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी रामेश्वरलाल भाटी के नेतृत्व में एसआई श्रीमती सरिता के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी निगरानी, मुखबिर तंत्र और कड़ी मेहनत से आरोपी की तलाश शुरू की और 10 अप्रैल 2025 को उसे दस्तियाब कर पुलिस थाना लाया गया। यहां गिरफ्तार कर आरोपी से पूछताछ की गई, जिसमें उसने कबूल किया कि वह वर्ष 2021 में कर्नाटक राज्य में दो अलग-अलग ठगी के मामलों में शामिल रहा है। दोनों मामलों में उसने लगभग एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की और तभी से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पूर्व में जारी स्थायी वारंट के तहत कार्यवाही की।



# केंद्रीय सहकारी बैंक के एमडी ने की अधिकारियों संग बैठक

**▶▶ सरकारी योजनाओं से ग्राहकों को लाभान्वित करने के दिए निर्देश**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर के केन्द्रीय सहकारी बैंक की शाखा धुंबडिया में प्रबंध निदेशक(एमडी) नारायण सिंह चारण की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक हुई। जिसमें अधिकारियों को सरकार की योजना से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में राज्य सरकार द्वारा संचालित ब्याजमुक्त अल्पकालीन ऋणों के वितरण द्वारा अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने, खरीफ में वितरित ऋण एवं अवधिपार ऋणों की वसूली करने, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन को गति देने, गोपाल किसान क्रेडिट कार्ड योजना में पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने, कॉमन सर्विस सेन्टर, जन औषधि केन्द्र को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। साथ ही खाद-बीज सहित सहकारी समितियों में व्यवसाय विविधिकरण को बढावा देने एवं अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों का ग्राम स्तर पर प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में धुंबडिया शाखा के शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार, ऋण पर्यवेक्षक डायाराम देवासी सहित समस्त सहकारी समितियों के व्यवस्थापक मौजूद रहे।



# विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जीवाणा।** निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेतलावास के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जिसमें जोधपुर के मेहरानगढ़ दुर्ग, जसवंत थडा, के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता रमेश कुमार बिश्नोई ने दो अलग अलग ग्रुप बनाकर प्रभारी नियुक्त किए गए। इस भ्रमण से विद्यार्थियों को मेहरानगढ़ दुर्ग और जैविक पार्क के बारे में जानकारी दी गई। भ्रमण में विद्यालय के तेजा राम,



मंडोर उद्यान , कम्प्यूटर सेंटर रातानाड़ा एवं माचिया जैविक उद्यान शामिल थे। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार परिहार के नेतृत्व में दो बस से जोधपुर शहर के ऐतिहासिक स्थान एवं आईटी सेंटर निर्मला कंवर, भानूमति कंवर, जगा राम चौधरी, मला राम, गेबा राम, अरविंद पारंगी, भैरू सिंह खेतलावास, दिनेश कुमार, मटार खान, सुरेश सागर एवं सीता राम ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

# हनुमान जयंती पर निकाली शोभायात्रा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बड़गांव।** बड़गांव कस्बे में शुक्रवार को हनुमान जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। हनुमान जयंती पर कस्बे के कुडी चौक पर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शाम करीब 4 बजे शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में कस्बासियों के साथ व्यापारियों ने भाग लिया। शोभायात्रा हनुमान मंदिर से होकर अम्बे माता मंदिर से रावली शेरी से होते हुए बस स्टैंड, चार रास्ता, होली चौक से पुनः हनुमान मंदिर पहुंच कर विसर्जन हुई। शोभायात्रा में आगे डिजे की धून पर नृत्य करते हुए युवा चल रहे थी। इस दौरान जय श्रीराम के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस मौके पर अर्जुन सिंह,चम्पालाल माली, महेन्द्र सिंह, उत्तमचंद सोनी सहित बड़ी संख्या कस्बेवासियों ने भाग लिया।

## सुविचार

सफलता प्राप्त करनी है तो फिर कार्य भी करना होगा, बातें तो हर कोई करता है।

- अज्ञात

जागरूक संपादकीय

# साजिश का सरगना

मुंबई में हुए 26/11 आतंकी हमले के 17 साल बाद इसकी साजिश रचने वाले एक आरोपी तहव्वुर राणा को भारत लाया गया है। विशेष अदालत ने उसे एनआईए को 18 दिन की रिमांड पर सौंपा है। जिस मामले में उसे आरोपी बनाया गया है, उस 2008 के आतंकी हमले में 166 लोगों की मौत हो गई थी। इसके अलावा सैकड़ों लोग घायल हुए थे। इस हमले में कई पुलिसकर्मी भी शहीद हो गए थे, जिसमें मुंबई पुलिस के तीन बड़े अधिकारी भी शामिल थे। पाकिस्तान से आए आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने इस हमले को अंजाम दिया था। इनमें से एक आतंकी अजमल कसाब को जिंदा पकड़ा गया था, जिसे साल 2012 में फांसी दे दी गई। तारीख 26 नवंबर, 2008... दिन-बुधवार। हर दिन की तरह मुंबई की व्यस्त सड़कों पर लोगों की चहलकदमी जारी थी। उधर आतंकियों के मुंबई में घुसने का सिलसिला भी जारी था। कोलाबा के समुद्री तट पर एक बोट से दस आतंकी उतरे, छिपते-छिपाते हथियारों से लैस ये आतंकी कोलाबा की मच्छीमार कॉलोनी से मुंबई में घुसे और अलग-अलग गुटों में बंट गए। इनमें से दो आतंकी यहूदी गेस्ट-हाउस नरीमन हाउस की तरफ बढ़े, जबकि दो आतंकी छत्रपति शिवजी टर्मिनल (सीएसटी) की तरफ। दो-दो आतंकियों की टीम होटल ताजमहल की तरफ और बाकी बचे आतंकी होटल ट्राईडेंट ओबरॉय की तरफ बढ़ गए। इसके बाद इमरान बाबर और अबू उमर नामक आतंकी लियोपोल्ड कैफे पहुंचे और रात करीब साढ़े नौ बजे वहां एक जोरदार धमाका किया। जिसके बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। उधर आतंकियों की एक दूसरी टीम (जिसमें कसाब और अबू इस्माइल खान शामिल थे), सीएसटी पहुंचे और अंधाधुंध गोलियां बरसाने लगी। देखते ही देखते इन आतंकियों ने 50 से अधिक लोगों को मौत के घाट उतार दिया। आतंकियों की तीसरी टीम होटल ताजमहल और चौथी टीम होटल ट्राईडेंट ओबरॉय पहुंच गई और यहां भी आतंकियों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दी। होटल ताजमहल में तो कम, लेकिन होटल ट्राईडेंट ओबरॉय में 30 से अधिक लोग मारे गए। इस हमले में आतंकियों से लोहा लेते हुए महाराष्ट्र एटीएस के प्रमुख हेमंत करकरे, पुलिस अधिकारी विजय सालस्कर, आईपीएस अशोक कामटे और कॉन्स्टेबल संतोष जाधव शहीद हो गए। कई घंटों तक चली मुठभेड़ में आखिरकार राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड्स ने नौ आतंकियों को मार गिराया और 10वें आतंकी अजमल कसाब को जिंदा पकड़ लिया गया। पूछताछ में कसाब ने बताया था कि उसका पूरा नाम मोहम्मद अजमल आमिर कसाब है और वो पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के उकाड़ा जिले के दिपालपुर का रहने वाला था। वो सरकारी स्कूल में चौथी क्लास तक पढ़ा है। साल 2000 में स्कूल छोड़ने के बाद वो लाहौर में अपने भाई अफजल के पास रहने आ गया।

## कस्टडी में तहव्वुर राणा

# अब पाकिस्तान होगा बेनकाब



वीना गौतम

बीते गुरुवार यानी 10 अप्रैल 2025 की शाम करीब 6:30 बजे जब मुंबई 26/11 हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अफसर दिल्ली पहुंचे, ठीक उसी समय पाकिस्तान की सरकार ने राणा से छुटकारा पाने की विधिवत शुरुआत की। पाक विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने बुलाई गई एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि तहव्वुर राणा पाकिस्तान का नहीं कनाडा का नागरिक है और उसने पिछले दो दशकों से अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों को रिन्यू नहीं कराया है। उसके पास कनाडा की नागरिकता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह बात तकनीकी रूप से सच है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि 64 वर्षीय तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है।

इमेज

वह पैदा कनाडा में हुआ था और यहीं पढ़ाई लिखाई करके पाकिस्तानी सेना में डॉक्टर के तौर पर कई सालों तक काम किया है। यहीं रहते हुए उसके अंदर भारत के विरुद्ध जहर भरा था और इसी पाकिस्तान की परवरिश ने उसके अंदर आतंक की आत्मा ने प्रवेश कराया था। इस पृष्ठभूमि की अहमियत पाकिस्तान भी जानता है, इसलिए उसे पता है कि जांच एजेंसियों के कब्जे में रहने के दौरान राणा पूछताछ में जैसे जैसे 26/11 की परतें खोलेगा वैसे वैसे पाकिस्तान बेनकाब होगा। अमेरिकी गल्फस्ट्रीम जी 550 विमान से दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड होने वाला तहव्वुर राणा, अमेरिकी कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक कनाडा में रहते हुए न केवल पाकिस्तान के संपर्क रहा है बल्कि जल्दी जल्दी पाकिस्तान जाता रहा है और इस दौरान उसके पाकिस्तानी सेना से भी संबंध बने रहे हैं। इसलिए भारत पहुंचने के बाद राणा की जो पहली तस्वीर जारी हुई है, जिसमें पीछे से दिखाया गया है कि एनआईए के अफसर उसे दबोचे हुए हैं,पाकिस्तान को यह डराती है। राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल के हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा गया है। आतंकी राणा से एनआईए के अधिकारियों द्वारा पूछताछ शुरू हो चुकी है। यह पूछताछ राष्ट्रीय जांच एजेंसी के उच्च अधिकारी कर रहे हैं। यह पूरी पूछताछ इंटेरोगेशन रूम में सीसीटीवी के सामने होगी, जिसकी पूरी रिकॉर्डिंग की जाएगी। यही नहीं राणा की कस्टडी के दौरान रोजाना पूछताछ की एक डायरी भी तैयार होगी जो न सिर्फ इस एक मामले में बल्कि पाकिस्तान की और भी अनगिनत करतूतों का काला चिट्ठा खोलेगी। इसलिए भी पाकिस्तान बहुत छटपटा रहा है। दरअसल गुजरे 7 मार्च 2025 को ही जब अमरीका के सुप्रीम कोर्ट ने तहव्वुर राणा की भारत भेजे जाने से संबंधित उस अर्जी को भी ठुकरा दिया, जिसमें राणा ने अमरीकी कोर्ट से कहा था, 'मैं पाकिस्तानी मुस्लिम हूं, इसलिए अगर मुझे भारत भेजा गया तो मैं मार दिया जाऊंगा।' तभी यह स्पष्ट हो गया था कि न सिर्फ राणा बल्कि पाकिस्तान भी तहव्वुर राणा को भारत भेजे जाने से क्यों थर थर कांप रहा है? वास्तव में 2008 में भारत के मुंबई शहर में 26 नवंबर को जो भयानक




आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 166 मासूम लोग मारे गए थे और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। उस हमले के मास्टर माइंड में से एक तहव्वुर हुसैन राणा था। तहव्वुर राणा को साल 2013 में डेविड कोलमैन हेडली के साथ मुंबई हमले को अंजाम देने और डेनमार्क में हमले की योजना बनाने के आरोपों का दोषी पाया गया था। इसलिए अमरीकी अदालत से इसे 14 साल जेल की सजा सुनाई थी। राणा पाकिस्तान में सक्रिय चरमपंथी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा रहा है। मुंबई में 26/11 हमले को अंजाम देने के लिए डेविड कोलमैन हेडली और तहव्वुर राणा ने कई बार हमले के पहले और उसके बाद भी मुंबई की यात्रा की थी, ताकि किसी को इन पर शक न हो। चूंकि मुंबई हमले में 6 अमरीकी नागरिक भी मारे गए थे, इसलिए अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई बहुत बारीकी से हमलावरों का सूत्र खोज रही थी, उन्हीं दिनों राणा और हेडली अक्टूबर 2009 शिकागो एयरपोर्ट पर धरे गए। तब ये दोनों एक चरमपंथी हमला करने के लिए डेनमार्क जा रहे थे। इनकी खतरनाक योजना जिलैंड्स-पोस्टेन अखबार के दफ्तर पर हमला करने की थी। क्योंकि इस अखबार ने पैंगबर मोहम्मद के विवादास्पद कार्टून प्रकाशित किए थे। तब तक किसी को नहीं पता था ये 26/11 के भी गुनाहगार हैं। लेकिन गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ से यह खुलासा हुआ और अलग अलग की गई पूछताछ के दौरान तहव्वुर राणा ने माना कि पाकिस्तान में लगने वाले लश्कर के प्रशिक्षण शिविरों में वह और हेडली भाग लिया करते थे। पहली बार तभी यह खुलासा भी हुआ था कि 2006 की शुरुआती गर्मियों में हेडली और लश्कर के दो सदस्यों ने उनकी गतिविधियों के कवर के रूप में मुंबई में एक इमीग्रेशन ऑफिस खोलने पर चर्चा की थी। वास्तव में मुंबई पर हमले का मिशन लश्कर-ए-तयैबा ने डेविड कोलमैन हेडली को सौंपा था। इसमें राणा ने अपनी इमीग्रेशन सर्विसेज की मदद से हेडली को पांच साल का बिजनेस वीजा दिलवाने में मदद की थी। जबकि राणा जानता था कि हेडली के वीजा पाने का मकसद क्या है? हेडली और राणा बचपन के दोस्त थे, दोनो बचपन में एक साथ ही स्कूल में पांच सालों तक पढ़ाई की थी, इसके बाद दोनो अलग हो गए और सालों बाद 2006 में शिकागो में मिले। लेकिन जब भारत ने अमरीका से राणा को उसे सौंपने का अनुरोध किया तो राणा ने अमरीकी कोर्ट में उसे प्रत्यर्पित न किए जाने की गुजारिश की लेकिन कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। राणा 13 नवंबर 2024 को निचली अदालत के प्रत्यर्पण संबंधी फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गया, मगर वहां भी 21 जनवरी 2025 को याचिका खारिज कर दी गई, जिसके बाद यह तय हो गया कि अब राणा को भारत हर हाल में भेजा जायेगा। 13 फरवरी 2025 को अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी ऐलान कर दिया कि राणा को भारत भेजा जाएगा। क्योंकि 6 फरवरी 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने दोबारा भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने वाली याचिका को भी खारिज कर दिया था। लेकिन एक बार फिर से पुनर्विचार याचिका लगाये जाने से लग रहा था कि मामला फिर अटक सकता है, लेकिन आखिरकार 7 मार्च 2025 को अमरीकी सुप्रीम कोर्ट ने इस पुनर्विचार याचिका को रद्द कर दिया। इस तरह 28 अगस्त 2018 को एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने राणा के खिलाफ जो गिरफ्तारी वॉरंट जारी किया था और 4 दिसंबर 2019 को भारत ने पहली बार राणा के प्रत्यर्पण के लिए अमरीका को जो डिप्लोमेटिक नोट दिया था, उसका वास्तविक नतीजा 10 अप्रैल 2025 को मिला जब तहव्वुर राणा को भारत ले आया गया। सवाल है आखिर तहव्वुर राणा को, भारत प्रत्यर्पित किया जाना, हिंदुस्तान की कितनी बड़ी कूटनीतिक सफलता है? निःसंदेह तहव्वुर राणा का भारत आना भारत की बहुत बड़ी कूटनीतिक सफलता साबित होगी।

## पंचांग

शनिवार, 12 अप्रैल 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - चैत्र |
| पक्ष | - शुक्ल |
| तिथि | - पूर्णिमा 29.53 तक |
| वार | - शनिवार |
| नक्षत्र | - हस्त 18.08 तक |
| योग | - व्याघात 20.40 तक |
| करण | - विष्टि 16.37 तक |
| सूर्योदय | - 06.25 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.53 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.22 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 07.01 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - कन्या |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.14 से 13.04 |
| राहु काल | - 09.31 से 11.05 |
| व्रत, त्यौहार | - चैत्री पूनम, वैशाख स्नानारंभ, बहुचराजी मेला, हनुमान जन्मोत्सव, |
| दिशा शूल | - पूर्व |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## दुर्लभ योग : शनिवार को हनुमान जयंती पर करें खास उपाय

शनि और मंगल ऐसे ग्रह हैं, जिनकी कुदृष्टि यदि किसी पर पड़ जाए तो उसके हर कार्य में बाधाएं उत्पन्न होने लगती हैं। काम धीमी गति से होने लगते हैं और कई तरह की उलझनों का सामना करना पड़ता है। लेकिन जब यही दोनों ग्रह अनुकूल होते हैं तो व्यक्ति को रंक से राजा बना सकते हैं। सुख, संपत्ति, धन, ऐश्वर्य और मान-सम्मान सब कुछ दिला सकते हैं। यदि कोई जातक शनि दोष, शनि की साढ़ेसाती, शनि की ढैया या मंगल दोष से पीड़ित है तो हनुमान जयंती पर कुछ विशेष उपाय करके शनि और मंगल की कृपा प्राप्त कर सकता है। ज्योतिषी बताते हैं कि शनिवार या मंगलवार को यदि हनुमान जयंती आए तो वह अति उत्तम मानी जाती है। शनिवार शनि देव का दिन है और मंगलवार हनुमान जी का दिन होता है। इस बार हनुमान जयंती 12 अप्रैल 2025 को शनिवार को पड़ रही है। इस विशेष संयोग में हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने से न केवल शनि देव प्रसन्न होंगे बल्कि जीवन से नकारात्मकता भी दूर होगी। जीवन में सुख और मंगल ही मंगल रहेगा। जिनकी कुंडली में मंगल दोष है, उन्हें हनुमान जयंती के दिन उपवास रखना चाहिए। लाल रंग के वस्त्र पहनकर हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करें। सिंदूर और चमेली का तेल चढ़ाएं। हनुमान जी को चोला चढ़ाएं। सुंदरकांड, हनुमान बाण और हनुमान चालीसा का पाठ करें। गरीबों को मसूर की दाल दान करें। इन उपायों से मंगल दोष का प्रभाव कम होगा।

**शनिदेव की कृपा पाने के उपाय**

शास्त्रों के अनुसार शनिदेव को सबसे धीमी गति से चलने वाला ग्रह माना गया है। यह व्यक्ति के कर्मों का सूक्ष्म मूल्यांकन करते हैं। यदि कोई जातक शनिदेव के नकारात्मक प्रभाव में है तो हनुमान जयंती के दिन विशेष रूप से हनुमान जी की पूजा-अर्चना करें। शनिदेव से जुड़े दान करें। इस बार हनुमान जयंती शनिवार को होने से इसका विशेष फल प्राप्त होगा। हनुमान जी के समक्ष सरसों के तेल का दीपक जलाएं और उसमें काला तिल डालें। ऐसा करने से शनिदेव की अशुभ दृष्टि से मुक्ति मिलेगी।

## गीता सार

**जितात्मनः प्रशान्तस्य परमात्मा समाहितः ।**
**शीतोष्णसुखदुःखेषु तथा मानापमानयोः ॥**

**भावार्थ :**
जिसने मन को वश में कर लिया है, उसको परम-शान्ति स्वरूप परमात्मा पूर्ण-रूप से प्राप्त हो जाता है, उस मनुष्य के लिये सर्दी-गर्मी, सुख-दुःख और मान-अपमान एक समान होते है।

## तारीख विशेष

### सुमित्रा महाजन

सुमित्रा महाजन भारतीय जनता पार्टी की प्रसिद्ध महिला राजनीतिज्ञों में से एक हैं। वह 16वीं लोकसभा की अध्यक्ष रही हैं। अपने कार्यकर्ताओं के बीच वे 'सुमित्रा ताई' के नाम से प्रसिद्ध हैं। वर्ष 1982-1985 में पहली बार सुमित्रा महाजन इंदौर नगर निगम में उपमहापौर बनी थीं। वे 1989 से लगातार लोकसभा चुनाव जीतती आ रही हैं। लोकसभा सांसद सुमित्रा महाजन नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं, बारहवीं, तेरहवीं, चौदहवीं, पंद्रहवीं और अब सोलहवीं लोकसभा की भी सदस्य हैं। सुमित्रा महाजन का जन्म 12 अप्रैल, सन 1943 को महाराष्ट्र के रत्नागिरि ज़िले में चिपलुन नामक स्थान पर हुआ था। इनके पिता का नाम नीलकंठ साठे तथा माता का नाम ऊषा था। सुमित्रा महाजन ने अपनी एम.ए. तथा एल.एल.बी. की डिग्री 'इंदौर विश्वविद्यालय' (अब देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय) से प्राप्त की थी। सुमित्रा जी का विवाह 29 जनवरी, 1965 को इंदौर के प्रसिद्ध वकील जयंत महाजन से हुआ था। ये दो पुत्रों की माता हैं। वर्ष 1982 में पहली बार सुमित्रा ताई इंदौर नगर निगम में उपमहापौर बनी थीं। इसके बाद राजनीति में उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। सुमित्रा महाजन निरंतर इंदौर लोकसभा क्षेत्र से आठ बार जीत हासिल कर चुकी हैं। उन्होंने 1989 में अपने ससुराल इंदौर से पहली बार चुनाव लड़ा था। तब पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रकाश चंद्र सेठी को उनसे हार का सामना करना पड़ा था। मराठी परिवार से ताल्लुक होने के चलते सुमित्रा महाजन की मराठी वोटों पर अच्छी पकड़ रही है। सुमित्रा महाजन प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 1999 से 2004 तक राज्यमंत्री रहीं। वे इंदौर संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी की सांसद हैं। वे यहां से लगातार आठवीं बार सांसद बनी हैं, जो किसी भी महिला सांसद के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। सुमित्रा महाजन इंदौर में पहले बहू, फिर बेटी और अब 'सुमित्रा ताई' (बहन) के नाम से जानी जाती हैं। सुमित्रा महाजन औषध नियंत्रण पर उपसमिति की संयोजक रही हैं। वे महिला सशक्तीकरण पर संयुक्त समिति और महिलाओं से जुड़े कानूनों (आपराधिक कानूनों) के मूल्यांकन पर बनी उपसमिति से भी जुड़ी रही हैं।

## दुनिया बदल गई

# शादियों में जासूसी का चलन आज भी जारी

लोकमित्र गौतम

दुनिया कितनी ही बदल गई हो, भले इस डिजिटल दौर में छिपाने के लिए कुछ भी न बचा हो। लेकिन सच यही है कि शादियों में दूल्हा-दुल्हन की जासूसी पहले भी होती थी, आज भी हो रही है और अगर मानव मनोविज्ञान पर यकीन करें तो भविष्य में भी होती रहेगी। अपने देश में शादी से पहले दूल्हा और कभी कभी दुल्हन की जासूसी करवाने का रिवाज नया नहीं है। हां, इस डिजिटल युग में तौर तरीके और जासूसी के दायरे जरूर बदले हैं। पहले जहां पारंपरिक जासूस परिवार, पड़ोसियों और रिश्तेदारों से जानकारियां जुटाते थे, वहीं अब तकनीक के इस्तेमाल से गहराई जांची जाती है। जहां तक भावी दूल्हा या दुल्हन में किसकी ज्यादा जासूसी होती है, यह सवाल है तो निःसंदेह पहले की तरह अब भी अनुपातिक स्तर पर जासूसी दूल्हे की ही ज्यादा होती है। अगर देश के भौगोलिक अनुपात में बात करें तो उत्तर भारत में सबसे ज्यादा जासूसी होती है, खासकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और बिहार में। यहां शादियों में धोखाधड़ी के मामले ज्यादा होते हैं, इसलिए शादी वाले परिवार दूल्हे की बैकग्राउंड चेकिंग करवाते हैं।

इमेज

लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि दक्षिण भारत में शादियों को लेकर जासूसी होती ही नहीं, काफी होती है बल्कि हाई-प्रोफाइल मामलों में तो यह चलन तेजी से बढ़ भी रहा है, खासकर तब जब लड़का विदेश में काम करता हो। बड़े शहरों (मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद) में भी यह ट्रेंड घटने की बजाय बढ़ रहा है, जहां लड़के खुद को ऊंचे पदों पर बताकर लड़कियों को शादी के लिए फंसाते हैं। अब जासूस दूल्हे और दुल्हन के बारे में उनके दफ्तरों या पड़ोसियों से जानकारियां नहीं इकट्ठा करते बल्कि उनकी डिजिटल दुनिया खंगालते हैं। विशेषकर दूल्हे की सोशल मीडिया प्रोफाइल (फेसबुक, इंस्टाग्राम लिंक्डइन ट्विटर) को देखकर उसकी लाइफस्टाइल, उसके दोस्तों और विचारधारा का पता लगाया जाता है। उसके पुराने पोस्ट, लाइक, कमेंट से यह समझा जाता है कि वह किन विचारों या आदतों से जुड़ा है। उसकी ऑनलाइन डेटा ट्रैकिंग करते हैं। मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी से उसकी ऑनलाइन उपस्थिति (जोमाटो, स्विगी, अमेजान, ओला/उबर) की हिस्ट्री देखते हैं ताकि उसके खानपान रहन सहन और कहां आता जाता है, इसका पता लगे। डार्क वेब और डेटा लीक वेबसाइटों पर उसके नाम और पहचान की जानकारी से वित्तीय स्थिति और आपराधिक रिकॉर्ड निकाले जाते हैं। लिंक्डइन और जॉब की बताई गई कंपनी की वेबसाइट से क्रॉस-चेक कर यह देखा जाता है कि दूल्हे ने जहां नौकरी बताई है, वहां वह सच में काम करता भी है या नहीं। डिग्री की प्रमाणिकता के लिए यूनिवर्सिटी वेबसाइट और सरकारी डेटाबेस से वेरिफिकेशन किया जाता है। फाइनेंशियल स्टेटस और लोन हिस्ट्री जानने के लिए बैंक स्टेटमेंट, क्रेडिट स्कोर (सिबिल), और प्रॉपर्टी रिकॉर्ड्स की जांच करके यह पता लगाया जाता है कि कहीं होने वाला दूल्हा कर्ज में तो नहीं डूबा? दुल्हन को आमतौर पर इस तरह की जांच पड़ताल से नहीं गुजरना पड़ता। लेकिन दूल्हों के बारे में काई बार यह पता चलता है कि दूल्हे ने भारी लोन लिया हुआ है, जिसे उसने छिपाया था। इस मामले में भावी दुल्हनों के भी फोन नंबर से कॉल डिटेल्स और चैट हिस्ट्री (व्हाट्सएप, टेलीग्राम) की जांच करके यह देखा जाता है कि उसका किसी और के साथ कोई सीरियस अफेयर तो नहीं है। डेटिंग ऐप्स (टिंडर बुम्बले) पर कोई पुराना या गुप्त अकाउंट तो नहीं है, इसकी भी पड़ताल की जाती है। दूल्हे की नशे की आदतों आदि की भी जासूसी होती है। बार और क्लब की विजिट हिस्ट्री, शराब या ड्रग्स की लत से जुड़ी जानकारियां क्लब और दोस्तों से ली जाती हैं। ड्रग्स या शराब पीने के केस में पुलिस रिकॉर्ड और डॉक्टर से जुड़ी फाइलें भी देखी जाती हैं। पहले जहां सिर्फ सैलरी में 'सिफर' बढ़ाना आम झूठ था, वहीं आजकल दूल्हे मियां अपना स्टार्टअप या खुद के बिजनेस का झूठ धड़ल्ले से बोलते हैं। कई बार खुद को "एंटरप्रेन्योर" बताने वालों के पास हकीकत में कोई निश्चित और स्थिर आय तक नहीं होती। ऐसे मामलों में उनकी कंपनी का जीएसटी नंबर, रजिस्ट्रेशन और टैक्स रिटर्न चेक किए जाते हैं। पहले दूसरी शादी की सच्चाई को निकालना मुश्किल होता था, लेकिन अब आधार, पैन, और कोर्ट के मैरिज रिकॉर्ड्स से आसानी से पता लग जाता है कि व्यक्ति पहले से शादीशुदा तो नहीं है। झूठे पारिवारिक बैकग्राउंड का भी जासूसी करके पर्दाफ़ाश किया जाता है क्योंकि कई भावी दूल्हे राजा खुद को किसी बड़े कारोबारी या सरकारी अफसर का बेटा बताते हैं, लेकिन डिजिटल जासूसी से पता चलता है कि दावा झूठा है। कुछ दूल्हे शादी के लिए यह झूठ बोलते हैं कि उनके पास कनाडा, अमेरिका, या ऑस्ट्रेलिया की पीआर(परमानेंट रेजीडेंसी) है। इसलिए उनकी पासपोर्ट ट्रैवल हिस्ट्री और वीज़ा स्टेटस को सरकारी वेबसाइट से वेरिफाई किया जाता है। इस डिजिटल युग में शादी से पहले जासूसी करने के तरीके ज्यादा आधुनिक और सटीक हो गए हैं। अब सिर्फ पारिवारिक पूछताछ से काम नहीं चलता, बल्कि सोशल मीडिया, फाइनेंशियल रिकॉर्ड, डेटिंग ऐप्स, और कानूनी दस्तावेजों की भी जांच की जाती है। पहले सिर्फ लड़के की नौकरी और परिवार देखे जाते थे, लेकिन अब डिजिटल पहचान, फाइनेंशियल बैकग्राउंड, और पर्सनल लाइफ की पूरी छानबीन की जाती है। शादी से पहले जासूसी का चलन विदेशों में भी है। हां, तरीके और जिन मामलों की जासूसी होती है वे यहां से कुछ अलग होते हैं। जहां तक यह सवाल है कि सबसे ज्यादा किन देशों में दूल्हों की जासूसी होती है, तो अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया सबसे ऊपर हैं। यहां बैकग्राउंड प्रोफेशनल एजेंसियों के ज़रिए चेक किया जाता है, खासकर जब शादी ऑनलाइन डेटिंग के ज़रिए तय होती है। लोग क्रेडिट स्कोर, जॉब स्टेटस, और क्रिमिनल रिकॉर्ड चेक करवाते हैं। जबकि अरब देश (यूएई, सऊदी अरब, कतर) में शादी से पहले खासतौर पर यह देखा जाता है कि लड़का धार्मिक रूप से कट्टर है या नहीं और उसकी फाइनेंशियल स्टेटस कैसी है मुस्लिम शादियों में लड़के के पारिवारिक इतिहास और धार्मिक विचारों की ज्यादा जांच होती है।

## पाठक पाती

### तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण भारत की कूटनीतिक जीत

तहव्वुर राणा का अमेरिका से प्रत्यारोपण भारत के लिए एक बड़ी कानूनी जीत है, क्योंकि वह 2008 के मुंबई हमले का मास्टरमाइंड है। राणा को पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली का साथी माना जाता है, जो 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है। इन आतंकवादी हमलों में 6 अमेरिकी नागरिकों समेत कुल 166 लोगों की मौत हो गई थी। राणा ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हेडली को भारतीय पर्यटक वीजा दिलाने में मदद की थी। उसने कथित तौर पर 26/11 के आतंकवादी हमलों को अंजाम देने में लश्कर-ए-तैयबा की मदद की थी। अपराध शाखा को हेडली और राणा के बीच ई-मेल संवाद मिला है, जिसमें हेडली ने मेजर इकबाल की ई-मेल आईडी के बारे में पूछा था। मेजर इकबाल को 26/11 आतंकी साजिश मामले में आरोपी के रूप में नामजद किया गया है। मुंबई में हुए 26/11 के आतंकवादी हमलों में जीवित बची देविका रोतावन ने कहा कि मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिए एक बड़ी जीत है।

सुभाष बुडावन वाला, रतलाम

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



खुशी है कि 26/11 मुंबई हमलों के आरोपी और साजिशकर्ताओं में से एक तहव्वुर राणा को भारत लाया गया है। मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं। कसाब को कानून के अनुसार फांसी दी गई, लेकिन साजिशकर्ता हमारी हिरासत में नहीं था। यह हमारे लिए एक बोझ था।

- नरेंद्र मोदी



हमारा हुनर अब तेजी से विश्व स्तर पर पहचान बन रहा है। यूपी जीआई टैग में देश में नंबर वन पर है। जीआई टैग पहचान का नया पासपोर्ट है। यह बताता है कि यह उत्पाद इस जमीन की पैदाइश है। यूपी अब संभावनाओं का नहीं, सामर्थ और सिद्धियों की भूमि बन रहा है।

- देवेंद्र फडणवीस



'कृष 4' फिल्म का निर्देशन एक नई चुनौती होगी। जिसमें दुविधा, तलाश और खोज शामिल होंगे। ऐसे कई पल आएंगे, जबलगेगा कि उनके जीवन का ये सबसे खराब निर्णय है। जब वह अकेले होंगे, तो वो अपने उन पलों को याद करेंगे। जिसमें वो डर जाते थे। अपने दर्शकों के प्यार को याद करेंगे।

- ऋतिक रोशन

## कुछ अलग | अजब गजब

# गर्मी से बचने ऑटो चालक ने बनाया गजब का जुगाड़, वीडियो देख लोग लोटपोट

जबलपुर में चिलचिलाती धूप से राहगीर परेशान हो गए हैं। पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया हैं। जिसका असर अब यह हो रहा है कि दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक सड़कों में सन्नाटा पसरा रहता है. इतना ही नहीं ऑटो चालकों को भी सवारियां नहीं मिल रही हैं, लेकिन जबलपुर के एक ऑटो चालक ने ऐसा कुछ किया कि उनको चिलचिलाती धूप में बिना बुलाए सवारियां मिल रही हैं। अब उनका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। लोग सिर्फ यहीं कह रहे हैं यह ऑटो है या फिर कूलर।

दरअसल, सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। यह वीडियो जबलपुर के सर्किट हाउस के नजदीक का है। जहां से एक सवारी ऑटो गुजर रहा है। खास बात यह है कि ऑटो चालक ने अपनी ऑटो के चारों तरफ बकायदा खस लगाई हुई है। जिसमें पंप के साथ पाइप भी लगा हुआ है। जो खस को ठंडा करता है। नतीजन ऑटो चालक के इस पैंतरे से ऑटो ठंडी भी रहती है। जिसे राहगीर देशी ऑटो कहकर भी पुकारने लगे हैं। वायरल वीडियो में ऑटो चालक ऑटो चला रहा है और सवारी बैठी हुई है, जो एसी ऑटो का लुफ्त उठा रही है।

जबलपुर के ऑटो का वीडियो वायरल होने के बाद मजेदार कॉमेंट यूजर्स कर रहे हैं। जहां एक यूजर ने



कॉमेंट किया हैं- एक नंबर भाई पब्लिक को राहत मिलेगी सुपर कूल ऑटो। अन्य यूजर ने लिखा हैं- जबलपुरिया लोग हैं यह शानदार। एक अन्य लिखते हैं कि जितना ऑटो खुला है उतना ही काफी है लपट खाने के लिए। जबकि एक यूजर का कहना है कि- हम जबलपुरिया हैं, संस्कारधानी में हर कुछ संभव है। बहरहाल सोशल मीडिया में अब यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

गौरतलब है कि बीते दिन ही जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने तापमान में हो रही लगातार वृद्धि के कारण स्कूलों का टाइम बदलने के आदेश जारी किए थे। जहां उन्होंने स्टूडेंट के स्वास्थ्य में विपरीत प्रभाव न पड़े इसको लेकर सभी स्कूलों को 1 बजे के पहले छुट्टी देने का आदेश निकाला था। जबलपुर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आसपास बना हुआ है। वहीं ऑटो रिक्शा वाले का यह जुगाड़ सवारियों को लुभा रहा है।

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

### स्व. रामदेव यादव की पुण्यतिथि कार्यक्रम बना सेवा और समर्पण की मिसाल

# रक्तदान शिविर में 160 युनिट रक्त एकत्रित व 150 मरीजों को दिया निशुल्क चिकित्सा परामर्श



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चौमूं।** शहर के जयपुर रोड स्थित शिवधारा हॉस्पिटल परिसर में रामदेव मेमोरियल संस्थान के तत्वावधान में स्व. रामदेव यादव की चतुर्थ पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर एवं निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 160 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवीय सेवा की मिसाल पेश की। साथ ही शिवधारा हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. रामनारायण यादव, 150 से भी अधिक मरीजों को निशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया। वही कार्यक्रम आयोजक सीमा यादव (प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव राजस्थान) एवं शिवधारा हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर रामनारायण यादव ने आए हुए सभी अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत-सत्कार किया और रक्तदाताओं का हौसला अफजाई किया। इस मौके डॉ रामनारायण यादव, सीमा यादव एवं परिवारजनों ने स्व. रामेश्वर यादव को पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ. रामनारायण यादव ने शिविर के आयोजन में न सिर्फ अहम भूमिका निभाई, बल्कि मानव सेवा को समर्पित अपने दृष्टिकोण से सभी का दिल जीत लिया। उनकी प्रेरणा से यह आयोजन एक सामाजिक आंदोलन का रूप लेता जा रहा है।

**डॉ. रामनारायण यादव : सेवा, संवेदना और समर्पण का जीवंत प्रतीक :** डॉ. रामनारायण यादव ने अपने कर्म, नेतृत्व और संवेदनशीलता से इस आयोजन को एक साधारण कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसेवा का एक प्रेरणास्पद अध्याय बना दिया। डॉ. रामनारायण यादव न केवल चिकित्सा क्षेत्र के एक कुशल विशेषज्ञ हैं, बल्कि समाजसेवा में भी उनकी गहरी आस्था और सक्रियता उन्हें विशिष्ट बनाती है। इस आयोजन में उनकी भूमिका एक मार्गदर्शक, प्रेरक और संरक्षक के रूप में देखी गई, जिन्होंने हर पहलू को आत्मीयता से संभाला। उनकी नेतृत्व क्षमता, आयोजन में अनुशासन, अतिथियों के प्रति आदरभाव, रक्तदाताओं के लिए सम्मान और हर चेहरे पर मुस्कान लाने की निष्ठा ने इस शिविर को यादगार और अनुकरणीय बना दिया। डॉ. रामनारायण यादव आज केवल एक चिकित्सक नहीं, बल्कि जनसेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरे हैं। उनके इस कार्य ने सिद्ध कर दिया कि जब इरादे नेक हों और सेवा भाव सच्चा हो, तो हर आयोजन एक सामाजिक क्रांति की ओर पहला कदम बन सकता है। शिविर में विधायक डॉ शिखा मील, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, आरएलपी नेता छूट्टन यादव, सभापति विष्णु सैनी, पश्चिम ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गिरिराज देवंदा, पार्षद गजेंद्र यादव, शैलेंद्र चौधरी, कमल भातरा, सुषमा यादव, माली समाज के पूर्व अध्यक्ष घीसालाल सैनी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। एडवोकेट हेमराज यादव, श्रीराम, दीपक योगी सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहा। यह कार्यक्रम न केवल एक श्रद्धांजलि समारोह था, बल्कि समाज सेवा के प्रति जागरूकता का प्रतीक भी बना।

## महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान ने वरिष्ठजनों का किया सम्मान



### 60 वर्ष से अधिक करीब 800 महिला-पुरुषों का किया गया सम्मान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चौमूं।** महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान की ओर से चौमूं बस स्टैंड स्थित सैनी समाज भवन में 60 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। जिसमें करीब 800 महिला-पुरुषों को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता नगर परिषद सभापति विष्णु सैनी ने की। इस दौरान अध्यक्ष सुरेश तंवर और महामंत्री डॉ. मानप्रकाश सैनी सहित संस्थान के अन्य पदाधिकारियों में सांवरमल सैनी, रामकिशोर सैनी, सतीश व सुरज सैनी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों को समाज की धरोहर बताते हुए कहा कि उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है। संस्थान की ओर से सभी सम्मानित वरिष्ठजनों को माला पहनाकर एवं शॉल, प्रदान किए गए। इस अवसर पर सभापति विष्णु सैनी ने कहा कि समाज को सशक्त और संस्कारित बनाने में वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका सबसे अहम रही है। उन्होंने संस्थान के इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय पहल बताया। समारोह में शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की भी खासी भागीदारी रही।

### मुमताज खां अध्यक्ष बने

**सादुलपुर।** नगर पालिका राजगढ में नगर पालिका कर्मचारी संघ राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन शाखा तारानगर की बैठक पालिका सभागार हॉल में अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार अरोडा, प्रांतीय संरक्षक रिछपाल सिंह चौधरी की उपस्थिति में आयोजित हुई। नगर पालिका राजगढ में राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन संघ के द्वारा निम्नानुसार मुमताज खां अध्यक्ष, उपाध्यक्ष शांति कुमार, अनिल चांवरिया महामंत्री, सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया एवं कार्यकारिणी का गठन किया गया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पोषण संगोष्ठी का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे पोषण पखवाड़े में सैंपऊ में बदरिका सेक्टर में पोषण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस सम्बन्ध में विभाग के उपनिदेशक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि 8 अप्रेल से 22 अप्रेल तक पोषण पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ब्लॉक,सेक्टर और आंगनबाड़ी केंद्र के स्तर पर विविध प्रकार की गतिविधियों का आयोजन कर उचित पोषण के प्रति आमजन में जागरूकता की जा रही है। सीडीपीओ सैपऊ भूपेश गर्ग ने कहा कि विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के साथ इस पखवाड़े के दौरान बच्चों के वजन, ऊंचाई की निगरानी कर पोषण ट्रेकर के माध्यम से पोषण श्रेणी का निर्धारण किया जा रहा है। इन्हीं आयोजनों की श्रृंखला में महिला पर्यवेक्षक सरस्वती देवी द्वारा बदरिका क्षेत्र में पोषण संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें पोषण रंगोली, पोषक व्यंजन प्रदर्शनी भी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं के साथ कुपोषण प्रबंधन पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनिश्चित करें कि पात्र लाभार्थियों को विभागीय सेवाओं का लाभ समय पर मिले। ब्लॉक कॉर्डिनेटर दिलीप सिंह ने पोषण ट्रेकर की उपयोगिता व प्रयोग तथा पोषण अभियान पोर्टल पर डेशबोर्ड एंट्री के बारे में समझाया। इस अवसर पर बदरिका क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं।

### रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा का कस्बे में स्वागत किया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** रतनगढ़ विधायक गोदारा ने कहा कि सरकार की योजनाओं से सिर्फ पूंजीपतियों को फायदा होता है। यह आम आदमी के हित में नहीं है। इस मौके पर चूरू सभापति पायल सैनी, पूर्व बिसुका उपाध्यक्ष आशाराम सैनी, समाजसेवी चिमनाराम कटारिया, समाजसेवी जगदीशप्रसाद कटारिया, ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नारायण बालान, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आसिफ खान, भादरा से बोबी सैनी आदि मौजूद थे।

### पुलिस ने सुरक्षा सखी टीम को ब्रीफ किया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** रतननगर आज गणगौर के त्यौहार के अवसर पर गणगौर गेट जहां पर गणगौर का मेला लगता है और गणगौर का विसर्जन किया जाता है वहां पर रतन नगर पुलिस प्रशासन और नारी शक्ति टीम का यानि सुरक्षा सखी टीम का ताल मेल देखा गया पुलिस द्वारा नारी शक्ति टीम यानि सुरक्षा सखी टीम को ब्रीफ किया गया। बताया गया कि किस प्रकार से यहां पर आपने मेले में महिलाओं की सहायता करनी है। इस अवसर पर संतोष परिहार, मंजू गोठवाल, लक्ष्मी गोठवाल, सुषमा गोठवाल, आची देवी, मुन्नी देवी, ललिता देवी कमला देवी आदि उपस्थित रहीं।

### श्रद्धालु हुए भाव विभोर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** राम मन्दिर में आयोजित भागवत कथा का समापन कृष्ण रुकमणी विवाह प्रसंग के साथ हुआ भागवत कथावाचक बाल संत भोलेबाबा ने बहुत भावपूर्ण वाणी से कथा के प्रसंग सुनाएं। कथा के दौरान श्रीकृष्ण व रूकमणी विवाह की सजीव झांकी सजाई गई। कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण के भजनों से वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। कथा के समापन पर श्रद्धालु नाचने पर विवश हो गए। श किया। कथा में शेखावाटी के प्रसिद्ध संत कैलाशनाथ महाराज व भजन सम्राट गुलाबनाथ महाराज ने भजनों से श्रोताओं में भगवान के प्रति उत्साह से भर दिया। आयोजक रमेशचन्द्र इन्दोरियां ने बताया कि श्रद्धालु कथा के समापन पर भावविभोर हो गए।

### द् यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ द्वारा निःशुल्क नेत्र लेन्स प्रत्यारोपण शिविर 20 अप्रैल को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** द् यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ द्वारा स्व लालचंद टमकू देवी पाटनी की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्रों प्रकाशचन्द, बिमल कुमार पाटनी के सौजन्य से नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 20 अप्रैल को किया जाएगा। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि द् यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार सुजानगढ में आयोजित होने वाले इस शिविर में डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उचित परामर्श दिया जाएगा तथा मोतियाबिंद के आपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा।

## भगवान महावीर की जीवनी पर डाला प्रकाश



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** भगवान महावीर स्वामी के 2623 वें जन्म कल्याणक दिवस का आयोजन बसंत हिरावत की ओर से रतन नगर में संत शिरोमणि दिनेश गिरी महाराज व साहित्यकार मुरारीलाल महर्षि की अध्यक्षता में किया गया। लोहिया कॉलेज के डॉ. कमल कोठारी मंचस्थ रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. केसी सोनी ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए आज के समय में उनके मूल्यों की महत्ता और प्रासंगिकता पर महत्पूर्ण व्याख्यान दिए। संत शिरोमणि दिनेश गिरी ने बताया कि आज के समय में सनातन धर्म की एकजुटता की आवश्यकता है। संत शिरोमणी बसंत हिरावत की ओर से किए जाने वाले कार्यों की सराहना की। साहित्यकार मुरारीलाल महर्षि ने भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों को आज की जरूरत बताई। डॉ. कोठारी ने भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों को सभी धर्मों में समन्वय स्थापित करने का और आज के समय में विश्व शांति के लिए इन सिद्धांतों की जरूरत पर गहराई से प्रकाश डाला। साध्वी अमृत प्रज्ञा ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन और उनके द्वारा प्रतिपादित किए गए।

## महात्मा फुले जयंती समारोह धूमधाम से सम्पन्न

### सामाजिक समरसता और शिक्षा के लिए फुले के योगदान को किया नमन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** कस्बे में शुक्रवार को सामाजिक एवं शैक्षणिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। श्रीराम नगर स्थित माली सैनी समाज भवन में आयोजित समारोह की अध्यक्षता माली समाज संस्थान फुलेरा के अध्यक्ष तेजकरण सैनी ने की। समारोह की शुरुआत महात्मा फुले के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात वक्ताओं ने उनके जीवन और समाज सुधार में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष तेजकरण सैनी ने कहा, 'महात्मा फुले ने विषम परिस्थितियों में समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है और हमें उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए।' समारोह में मौजूद प्रबुद्धजनों और समाजजनों ने 'महात्मा फुले अमर रहें' के उद्घोष के साथ केंद्र सरकार से फुले दंपति को भारत रत्न देने की मांग भी की। कार्यक्रम में पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, पार्षद अमरचंद सैनी, सावित्रीबाई फुले महिला मंच की अध्यक्ष अंजू सैनी, पूजा भाटी, दीपेश सैनी सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्तियां मौजूद रही ।

## भारत विकास परिषद द्वारा दूसरे दिन चयनित लाभार्थियों की आंखों की जांच



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** भारत विकास परिषद चूरू के तत्वावधान में बजाज परिवार मुंबई के सौजन्य से बजाज आई हॉस्पिटल में तीन दिवसीय नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर के दूसरे दिन चयनित लाभार्थियों को डॉ सुरेश गुप्ता की टीम द्वारा आंखों की जांच की गई जांच में सहयोग हाकम अली, ओमप्रकाश, नीतू, अनिता, डिम्पल व मीना ने किया। शिविर प्रभारी मदन सिंह राठौड़ ने बताया कि लाभार्थियों को सभी प्रकार की व्यवस्था के लिये भारत विकास परिषद के स्वयं सेवक बड़े ही मनोयोग से अपनी सेवा दे रहे है जिनमे मुख्य रूप से श्री श्याम सुंदर पारीक, उमेशचन्द्र चौहान, ओमप्रकाश इंदौरिया, संजय हुकमचन्द सोनी वैद्य बनवारी लाल शर्मा, पवन कुमार जांगिड़, शंकर जांगिड़ आदि हैं।

## स्व. भामाशाह मूलचंद मालू व दिवंगत पत्रकारों की स्मृति में 65 यूनिट रक्तदान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** स्व. भामाशाह मूलचंद मालू एवं दिवंगत पत्रकारों की पुण्य स्मृति में प्रेस क्लब सोसायटी की ओर से गुरुवार को उप जिला अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 110 रजिस्ट्रेशन हुए, जिनमें से 65 यूनिट रक्त डेडराज भरतिया अस्पताल की टीम द्वारा संग्रहित किया गया। शिविर का शुभारंभ सेवा निवृत्त न्यायाधीश श्याम सुंदर लाटा, अस्पताल प्रभारी डॉ. चन्द्रभान जांगीड़, सीआई मदनलाल विश्नोई, जयचंद शर्मा, प्रेस क्लब अध्यक्ष हनुमानमल वर्मा, जितेंद्र राजवी, शोभा कांत स्वामी एवं दिपक बैद ने रिबन काटकर एवं देवर्षि नारद मुनि एवं दिवंगत आत्माओं के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर किया गया। रक्तदान की शुरुआत नरेंद्र शर्मा द्वारा की गई। इसके पश्चात डॉ. चन्द्रभान जांगीड़, डॉ. चंदन मोटसरा, डॉ. कमलेश भारतीय, ईएमटी संजय खीचड़, जितेंद्र सहित कुल 65 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर के अवलोकन हेतु कई गणमान्यजन उपस्थित रहे, जिनमें राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष केशरीचंद शर्मा, गणेश दास स्वामी, व्यापार मंडल अध्यक्ष शिव भगवान सैनी, रामलाल मिश्र, सीबीईओ अशोक पारीक, एसीबीईओ बाबूलाल पारीक, डॉ. पूनमचंद भाटी, नरेन्द्र पपू नाई गणेशदास स्वामी, राजकुमार तिवारी, अनिल गोयल, धर्मेंद्र कुलहरी, संपतमल जांगीड़, बाबूलाल प्रजापत, सुरेश गौड़, संजय पारीक, फूसाराम स्वामी, संजय सैनी, आनंद देरासरी, बुलाकी शर्मा, राजेन्द्र मोदी, मयंक मोदी, मोहनलाल सैनी आदि शामिल रहे।

## प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा केंद्रों पर सख्ती से होगी ड्रेस कोड की पालना

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा आयोजित प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा 2024 में शामिल होने वाले महिला एवं पुरुष परीक्षार्थियों के लिए अलग-अलग ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है, जिन्हें परीक्षा केंद्रों पर सख्ती से लागू किया जाएगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में जिले में यह परीक्षा निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर पूर्ण अनुशासन एवं पारदर्शिता के साथ आयोजित होगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं परीक्षा समन्वयक हरिराम मीना ने बताया कि पुरुष अभ्यर्थियों के लिए बोर्ड द्वारा आधी आस्तीन की शर्ट/टी-शर्ट, कुर्ता, पाय, पेंट पहन कर आने की अनुमति होगी, जींस पहनने की अनुमति नहीं दी जाएगी। वहीं महिला अभ्यर्थियों के लिए सलवार सूट, चुन्नी या साडी, आधी/पूरी आस्तीन का कुर्ता, ब्लाउज अनुमत ड्रेस कोड होगा। बालों में केवल रबर बैंड ही अनुमत किया जाएगा, किंतु वेशभूषा में बड़ा बटन, मेटल बटन, किसी प्रकार का ब्रोच (जड़ाऊ पिन) या बैज या फूल आदि लगाकर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही लाख या कांच की पतली चूड़ियों के अलावा किसी भी प्रकार के जेवरात या अन्य तरह की चूड़ियां, कान की बाली, अंगूठी, ब्रेसलेट, घड़ी, धूप का चश्मा, बेल्ट, हैंडबैग, हेयर पिन, गंडा/ताबीज,कैप, हैट,स्कार्फ, स्टॉल, मफलर पहनकर परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। हवाई चप्पल, सैंडल, जूते एवं मोजे सभी टखने तक ही पहन कर आने की अनुमति होगी, मेटल चैन वाले जूते अनुमत नहीं होंगे। परीक्षा समन्वयक द्वारा बताया गया कि गृह विभाग के परिपत्र की पालना में सिख धर्म के अनुयायियों को कड़ा, कृपाण एवं पगड़ी आदि धारण कर परीक्षा में शामिल होने की अनुमति होगी, किंतु कृपाण छोटी साइज का व कवर्ड होना जरूरी है, उसे भी टेबल पर रखने की अनुमति नहीं होगी। यदि फ्रिसकिंग के दौरान सिख धर्म अनुयायियों द्वारा वर्णित प्रतीकों में कोई संदेहास्पद उपकरण पाया जाता है तो उसे परीक्षा हॉल में ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि अनुचित साधनों का उपयोग अनियमित एवं अविधिपूर्वक गतिविधियों में संलिप्त पाई जाती है तो उनके विरुद्ध राजस्थान सार्वजनिक भर्ती परीक्षा (भर्ती के अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम 2022 एवं संशोधन अधिनियम 2023 के संख्याक(17) के अनुसार 10 लाख से लेकर अधिकतम 10 करोड रुपए तक का दंड तथा 10 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है, जिसके अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है, साथ ही ऐसे परीक्षार्थियों को आगे परीक्षा देने से विवर्जित भी किया जाएगा। इसके अलावा समय से पूर्व अपने निर्धारित केंद्र पर पहुंचे, प्रथम पारी में प्रात: 9 बजे के बाद एवं द्वितीय पारी में 2.00 बजे के बाद अर्थात परीक्षा के निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व के बाद किसी भी हालात में केन्द्रों पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जिला नियंत्रण कक्ष प्रभारी मांगीलाल आर्य ने बताया कि CCTV कैमरा सहित अन्य भौतिक व्यवस्थाओं की रिपोर्ट, जिले में लगाए गए उपसमन्वयकों द्वारा नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध करा दी गई है। जिले में बने सभी 12 केदो पर प्रत्येक कक्षा कक्ष केंद्र अधीक्षक कक्ष एवं मुख्य द्वार पर एक-एक कैमरा लगाए जाने के आदेशों अनुसार कुल 149 सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल किये जा चुके हैं। सभी केंद्र अधीक्षको से आग्रह किया है कि सीसीटीवी कैमराज, वीडियोग्राफर, पुलिस व्यवस्था बायोमेट्रिक,फ्रिसकिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को चेक कर ले, पूर्ण संतुष्टि उपरांत ही कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करें। जिले में परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी अपनी किसी भी तरह की समस्या के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 0564220033 एवं नियंत्रण कक्ष प्रभारी के मोबाइल नंबर 9414413473 एवं सहायक प्रभारी के मोबाइल नंबर 8890921093 पर संपर्क कर सकते हैं।

## सभी त्योहार भाईचारे का संदेश देते हैं : महनसरिया

**चूरू।** नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया के मुख्य आतिथ्य में वन विहार कॉलोनी में ईद मिलन व होली मिलन तथा रामनवमी का पर्व मनाया गया इस अवसर पर महन सरिया ने कहा कि सभी त्योहार भाइचारे का संदेश देते हैं तथा सभी धर्मों का आदर सत्कार होना चाहिए इस अवसर पर फूलों से होली खेली गई तथा एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी तथा देश में अमनञचेन बना रहे की रामनवमी पर्व पर श्री राम से अपील की। इस अवसर पर बनवारी लाल शर्मा, महेंद्र ओला, सांवरमल बुडानिया, छगन शर्मा, डॉक्टर सुशील बुडानिया, भंवर सिंह राजवी, जाफर खा जोइया, इदरीश गिरदावर, इनायत खान रेलवे, नागरमल जांगिड़ ,मनोहर लाल जोशी, शौकत खान अखान, सनोद पचौरी, लछुराम राव, अब्बास नागरा, लियाकत खा कंपाउंडर रामलाल सहारन, हेमराज कस्बा, सुगनाराम कस्बा, प्रताप कस्बा, आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन असगर खान जोइया,व आनंद बाला ने किया समारोह की अध्यक्षता किसना राम बाबल ने की।

# मगरीवाड़ा बाण माता मंदिर गोशाला का उद्घाटन हुआ

## चारा गोदाम सहित हॉल का भी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत मगरीवाड़ा के बाणमाता मंदिर परिसर के आसपास खाली पड़ी भूमि पर गो सेवा समिति की ओर से गोशाला का निर्माण कार्य किया गया है। अब मगरीवाड़ा के आसपास बेसहारा घूमने वाले गोवंश के लिए यह गोशाला वरदान साबित होगी। जिसके तहत दो दिवसीय धार्मिक आयोजन को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा गया। दो दिन में हजारो की संख्या में पंहुचे गो भक्तों की ओर से इस बाण माता मंदिर के दर्शन करने के साथ गोशाला के धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेकर दान दिया। गोसेवा समिति मगरीवाड़ा ने बताया कि गोसेवा समिति की ओर से गोशाला के शुभारंभ को लेकर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसके तहत शुक्रवार को सुबह साढे सात पर बाणमाता मंदिर परिसर में महाआरती का आयोजन हुआ। साथ ही साधु संतों की उपस्थिति में सुबह करीब साढे दस बजे समस्त गोवंश का गोशाला में प्रवेश करवाने के साथ गो माता का पूजन किया गया। भजन कलाकार छोटूसिंह रावणा ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। भजन कलाकार छोटूसिंह रावणा ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देने के साथ देर रात तक भजनों का समा बांधा गया । इस अवसर पर जैसलमेर विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि एक गाय की सेवा करना बड़े पुण्य का कारण कार्य हैं। इस लिए जो गो सेवक अपने घरों पर गायों की सेवा नहीं कर पाते हैं वह इस तरह की गोशाला में आकर सेवा करने के साथ दान पुण्य कर लाभ कमा सकते हैं । इस अवसर पर जालोर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी, रेवदर विधायक मोतीराम कोली, पूर्व विधायक जगसीराम कोली, जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित, महावीर सिंह देवड़ा मंडार, गोविंद सिंह देवड़ा मगरीवाडा सहित कई जने मौजूद थे।







# हड़मतिया हनुमान मंदिर वार्षिकोत्सव आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** कस्बे के हडमतिया हनुमान मंदिर मे ब्रह्मलीन महंत दीपकगिरी महाराज के शिष्य व आश्रय के महंत प्रकाशगिरी महाराज के सानिध्य में मंदिर का 41 वा वार्षिकोत्सव व हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रेल को धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव को लेकर मंदिर प्रांगण मे विशाल पांडाल लगवाया जा रहा है। 11 अप्रेल रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमे श्याम सुथार पाली व मोहनदास एण्ड पार्टी कालन्द्री द्वारा भजनो की प्रस्तुति दी गई। महंत प्रकाशगिरी महाराज ने बताया कि महोत्सव मे महाप्रसादी के लाभार्थी आर प्रवीण एण्ड कम्पनी अहमदाबाद जिसके दिनेश प्रजापत कालन्द्री महेश प्रजापत नवारा, नारायण लाल प्रजापत ऊड, सुरेश प्रजापत बावली, शीशलाल प्रजापत कालन्द्री लाभार्थी है। साथ ही गुरूदेव गोपालगिरी महाराज की मूर्ति स्थापना के लाभार्थी अजीतसिंह राजगुरू परिवार पाली होंगे। महोत्सव में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी सांसद लुंबाराम चौधरी जिला प्रमुख अर्जन पुरोहित, सरपंच ठाकुर महिपालसिंह देवड़ा, विप्र फाउंडेशन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष टाइगर अशोक राजपुरोहित, प्रधान हंसमुख कुमार का आतिथ्य रहेगा। महोत्सव मे कालन्द्री कस्बे समेत आसपास के दर्जनो गांवों के हजारों लोग भाग लेंगे। साथ ही अमर ध्वजा के लाभार्थी मोतीसिंह परमार कालन्द्री परिवार मौजूद रहेगा।

# राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** ब्रह्माकुमारीज़ की मुख्य प्रशासिका 101 वर्षीय दादी रतनमोहिनी की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें वरिष्ठ भाई-बहनों ने दादी के साथ के अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान देशभर से आए राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी विशेष रूप से मौजूद रहे।श्रद्धांजलि सभा के दौरान अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मोहिनी दीदी ने कहा कि मुझे दादी के साथ वर्षों तक रहने का सौभाग्य मिला, उनका जीवन अपने आप में प्रेरक, आदर्श और महान था।अतिरिक्त महासचिव बीके करुणा भाई ने कहा कि दादी ने सेवाओं को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखा था उसे हम सभी मिलकर पूरा करेंगे। अतिरिक्त महासचिव बीके डॉ. मृत्युंजय भाई ने कहा कि दादी अव्यक्त होकर भी उनकी यादें, शिक्षाएं और प्रेरणा हमारा मार्गदर्शन करती रहेंगी। इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में देशभर से आए पदाधिकारियों ने दादी के जीवन संस्मरणों को याद करते हुए राजयोग के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की।

# राज्यसभा सांसद डांगी का स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** राज्यसभा सांसद नीरज डांगी के मंडार पंहुचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से मुख्य सड़क मार्ग पर जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद डांगी को कांग्रेस नेता कृष्ण भाई पंचाल के निवास पर पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सभा सांसद डांगी का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस मोके पर राज्य सांसद डांगी ने कहा कि क्षेत्र की सभी समस्या पर मेरी नजर है और हर समस्या का निवारण करने के लिए लगातार पहल की जा रही है। इस मौके जिला उपाध्यक्ष हिमपाल सिंह देवल, आबूरोड प्रधान लीलाराम गरासिया, भटाना सरपंच भवानी सिंह देवड़ा,सोरडा सरपंच लेहराराम भाट, फजल मोम्मद, सवाराम चौधरी, हरिसिंह बिका, इम्तियाज भाटी, भैराराम चौधरी, मानाराम चौधरी, रावताराम चौधरी, भुराराम, मुकेश कुमार रामपुरा, अमित जोशी, रमेश जोशी, ललित भाट, लाखाराम चौधरी, देवाराम पुरोहित, पुनमचद पुरोहित, प्रकाश चौधरी, मुस्ताक सोरडा, महेश जोशी, महेश बढीया, खंगार राम, इम्तियाज खान, जैसाराम, समेत कई कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी समेत समाज बंधु उपस्थत थे। राज्यसभा सांसद नीरज डांगी आज रेवदर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। राज्यसभा सांसद डांगी मंडार के निकट सोरडा में कांग्रेस पार्टी के युवा नेता फिरोज सोरडा के निवास स्थान पर पहुंच कर हज यात्रा पर जा रहे फिरोज सोरडा के माता-पिता व चाचा चाची को शुभकामनाएं दी । डांगी ने कहा कि आप के साथ साथ जिलेभर के सभी हाजियों को शुभकामनाएं साथ ही आप सभी वहां जाकर देश में अमन शांति की दुआं करें । डांगी के साथ पहुंचे बाकी साथियों ने भी हज यात्रा की शुभकामनाएं दी ।





# पंजाब नेशनल बैंक ने मनाया 131 वां स्थापना दिवस



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** पंजाब नेशनल बैंक शाखा रेवदर ने बैंक का 131 वां स्थापना दिवस शाखा प्रबंधक जितेन्द्र कुमार मारू सहित शाखा स्टाफ सहायक प्रबंधक अमित गिरी प्रधान खजांची जगदीश कुमार एवं मनोज कुमार, जगदीश कुमार ने बैंक के ग्राहकों के साथ मनाया। इस दौरान शाखा प्रबंधक जितेन्द्र कुमार ने बताया पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना हुए 131 वर्ष पूर्ण किए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की अविभाजित भारत के लाहौर शहर में 1895 में स्थापित पंजाब नैशनल बैंक को ऐसा पहला भारतीय बैंक होने का गौरव प्राप्त है जो पूर्णतः भारतीय पूंजी से प्रारम्भ किया गया था। पंजाब नैशनल बैंक का राष्ट्रीयकरण 13 अन्य बैंकों के साथ जुलाई, 1969 में हुआ। अपनी छोटी सी शुरुआत से आगे बढते हुए पंजाब नैशनल बैंक आज अपने आकार तथा महत्ता में काफी आगे बढ़ गया है और वह भारत में प्रथम पंक्ति का बैंकिंग संस्थान बन गया है। इस दौरान शाखा प्रबंधक ने अपने बैंक के खाता धारकों को बैंक द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी।

# महात्मा गांधी नरेगा योजना के कार्यों का समय परिवर्तित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** राज्य सरकार की ओर से गर्मी के मौसम को देखते हुए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत कार्यों का समय परिवर्तित कर सुबह छः बजे से दोहपर एक तक किया गया है। जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने आदेश जारी कर बताया कि जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए राज्य सरकार की ओर से महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत कार्यों का समय तुरंत प्रभाव से सुबह छह बजे से दोपहर एक तक विश्राम काल रहित निर्धारित किया गया है। यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टरोल में अंकित टास्क प्रपत्र में करवाने के उपरांत एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर उपरांत कार्यस्थल छोड़ सकता है। यह व्यवस्था 15 जुलाई तक लागू रहेगी।

# आदर्श विद्या मंदिर सिलदर का वार्षिकोत्सव संपन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक सिलदर का वार्षिकोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महंत विशम्बरगिरी महाराज तथा महन्त सुरेशगिरी महाराज के सान्निध्य में की गईं। श्रीमती गीता बाई मनरूप सोनी, मुख्य वक्ता करण सिंह, अमरदास वैष्णव, वालाराम लोहार, महिपाल सिंह देवड़ा, मंछाराम माली ने दीप प्रज्ज्वलित किया। सूर्य नमस्कार योग, पिरामिड का साहसिक व तलवारबाजी प्रदर्शन एवं पन्ना धाय के बलिदान पर आधारित एकांकी का प्रस्तुति के साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम तथा वर्ष भर सह शैक्षिक गतिविधियों सहयोग करने वाले प्रतिभावान भैया- बहिनों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के सहयोगियों का सम्मान किया गया। इस महंत सुरेश गिरी ने वर्तमान शिक्षा के साथ संस्कार की आवश्यकता के साथ बढते मोबाइल के उपयोग के दुष्प्रभाव जानकारी दी। मुख्य वक्ता करण सिंह ने बताया कि इस देश मे संस्कृति एवं संस्कार के साथ शिक्षा देने का कार्य विद्या भारती कर रही है एवं विद्या भारती का लक्ष्य वसुधैव कुटुंबकम की भावना से सभी भैया दीदी आने वाली पीढ़ी का निर्माण कर रहे है और विद्या भारती मे पढने वाले भैया बहिन देशभक्ति एवं देश व समाज के प्रति अपनी आस्था बड़े इसलिए सेवानिधि के माध्यम से सहयोग करते है। प्रधानाचार्य अशोक ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और व्यवस्थापक बाबूलाल पुरोहित ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्या मंदिर के सभी आचार्य कल्पेशगिरी, गीनाराम, सुखदेव, भरत कुमार, जितेंद्र कुमार, अक्षय कुमार, मुकेश मेहरा, उर्मिला, किरण, सुनयना, सेवक विक्रम कुमार, सेविका बदामी देवी का सहयोग रहा।




# गौरेया पक्षी संरक्षण का संकल्प लिया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** निकटवर्ती गांव धुबाणा में हर पेड़ परिंडा 'गौरेया आओ ना' के तहत एक व्यक्ति एक पौधा मिशन टीम पहुंची। गांव वासियों को इकट्ठा कर पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत ने विलुप्त गौरेया पक्षी के बारे में जानकारी दी। साथ ही उसके संरक्षण के लिए मिशन द्वारा भामाशाहों के सहयोग 21 परिंडे व गौरेया हाउस वितरण किए। पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत से प्रेरित होकर दंपत्ती सुगना बाई -तोलाराम देवासी ने विलुप्त गौरेया संरक्षण के 101 गौरेया हाउस व परिंडा वितरण का संकल्प लिया। पन्नालाल व दंपति सारकी कुमारी-केसाराम देवासी गांव वासियों को बताया हमारा क्षेत्र पूरी तरह जंगल से घिरा हुआ है। तेज गर्मी में कोई भी पक्षी प्यास से मरे नहीं। उसके लिए हर पेड़ परिंडा अनिवार्य है। गांव वासियों ने गायत्री मंत्रो के साथ पानी से परिंडे को भरा। गोमाराम देवासी व कानाराम वेराजेतपुरा को पर्यावरण प्रेमियों की उपस्थिति में गांव वासियों को गौरेया पक्षी संरक्षण के प्रति जागरूकता दायित्व सौंपा। इस कार्यक्रम में सारकी कुमारी, केसाराम देवासी, सेवानिवृत्त वनपाल पन्नालाल, कानाराम वेराजेतपुरा, रुद्र राज कुमावत, गोराराम देवासी, कसनी बाई, नवुबाई, टिपुबाई, मीरा देवी, गजी देवी, शांति देवी, सोपु देवी, चेनाराम, गोमाराम देवासी, मुकेश, हरीश, पोनी, दुर्गा, राणाराम, सहित पर्यावरण प्रेमी मौजूद थे।

# क्षेंमकरी माता मंदिर वलदरा का प्रथम वार्षिकोत्सव संपन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** क्षेंमकरी माता मंदिर वलदरा के दो दिवसीय महोत्सव मे भजन संध्या के साथ ध्वजारोहण महाआरती व महाप्रसादी का आयोजन हुआ। घांची समाज सोलंकी परिवार वलदरा की ओर से आयोजित दो दिवसीय मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हुआ। गुरूवार रात्रि मे भजन संध्या के साथ चढ़ावे बोले गए। शुक्रवार सुबह माताजी के जयकारो के साथ ध्वजारोहण कर महाआरती हुई। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ मे आहूति दी गई व युवक युवतियों ने ढोल की ताल पर जमकर नृत्य किया। वही महिलाओं ने मंगल गीत गाए। इस अवसर पर महाप्रसाद का आयोजन किया गया। सोलंकी परिवार के साथ आगंतुक मेहमान और ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर चढावो के लाभार्थियों का माला साफा व शाल ओढ़ाकर कर स्वागत सत्कार किया गया।

# महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** शहर के गोकुल वाड़ी चौक में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर माली समाज सेवा संस्थान की ओर से मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा से याद किया। उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर माली समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष शंकरलाल परिहार, छोगाराम भाटी, गणेश राम, भाटी शंकरलाल सुन्देशा, अमृत लाल, टॉक नरेंद्र परिहार, मोहन गहलोत, दिलीप टॉक, प्रकाश परिहार शरद चौहान व समाज बंधु उपस्थित थे।



# सैनी समाज की ओर से रक्तदान शिविर

**सांसद डांगी ने किया उदघाटन**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सैनी समाज की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष में रक्तदान आयोजित किया गया। राज्यसभा सांसद नीरज डांगी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समाज के अध्यक्ष राजेंद्र सैनी ने सांसद डांगी का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। युवा संगठन की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर को डांगी ने अच्छी पहल बताया। समय-समय पर रक्तदान शिविर करवाने से गरीब, बेसहारा लोगों के लिए खून में मदद मिलती हैं। युवा संगठन के कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़चढ़कर स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर के आयोजन के लिए समाज के अध्यक्ष सैनी ने युवाओं के साथ सभी समाज के सदस्यों से अधिकाधिक संख्या में शिविर में भाग लिया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सरपंच व राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष भवानी सिंह, प्रदेश कांग्रेस सदस्य व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अमित जोशी, महामंत्री मुरारीलाल सैनी, ब्लॅड बैंक मुख्य अधिकारी धर्मेंद्र, हार्दिक सैनी, जयदीप सैनी, योगेश सैनी, मनीष सैनी, दीपक सैनी, आशीष दाना, नीतिन बैरवा, नितेश सैनी, रिंकू सैनी, राहुल सैनी, शंकर सैनी, विक्रम लोधा, यशवंत सैनी आदि मौजूद थे।



# मल्टीनेशनल कंपनी बोस्टन साइंटिफ़िक ने माधव विश्वविद्यालय में उद्यमिता की उड़ान भरी

*» विस्तार प्रोग्राम ने शोरूमा सोनमा का उजाला बनाया*

*» प्रशिक्षण एवं कोचिंग सेल के नेतृत्व में सफल प्री-प्लेसमेंट टॉक का आयोजन हुआ*

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय ने एक बार फिर युवाओं के सपनों को पंख लगाने के अभियान में आगे बढ़ाया है। विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं उद्यम सेल के निदेशक डॉ. अतुल कुमार मिश्रा कंपनी के ग्लोबल लेवल पर प्रतिष्ठित बोस्टन सिंटिफिक मल्टी नेशनल द्वारा एक विशेष प्री-प्लेसमेंट टॉक का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों के भविष्य का उदघाटन किया गया। इस ऑफ़लाइन सत्र में कंपनी द्वारा अपने विस्तार अर्ली यात्रा कार्य म की गहराई से जानकारी दी गई। यह कार्य म विशेष रूप से भारत के युवा युवाओं के लिए तैयार किया गया है, जिसमें प्रशिक्षण, उद्यमिता और वैश्विक कार्य संस्कृति के संगम का सुनहरा अवसर शामिल है। छात्रों को कंपनी की कार्यशैली, चयन प्र या और विभिन्न व्यावसायिक पथों के बारे में केवल विस्तृत जानकारी दी गई है। इस समारोह में छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और कार्यकर्ताओं से अपने प्रश्न पूछे, जैसे उत्तर बोस्टन सिंटिफिक के वरिष्ठ पदाधिकारी ने दिया। यह संवाद छात्रों को कंपनी की आंतरिक संस्कृति, तकनीकी नवाचारों और विकास के अवसरों को समझाने में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ। चॉकलेट विभाग के अधिष्ठाता डॉ. सॉविल ने इस अवसर पर कहा कि यह हमारे छात्रों के लिए न केवल जानकारी का स्रोत था, बल्कि एक प्रेरणा का संचार भी था। माधव विश्वविद्यालय के छात्रों का सर्वांगीण विकास लक्ष्य निरंतर प्रयासरत है।

# लाठी से किया हमला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** पुरानी सब्जी मंडी में पूर्व सरपंच ने एक युवक पर लाठी से हमला कर दिया। जिससे युवक घायल हो गया। पीड़ित की ओर से शहर कोतवाली में रिपोर्ट दी गई। जायदरा निवासी रताराम पुत्र रामाराम गरासिया ने रिपोर्ट देकर बताया कि वह आबूरोड सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने गया था। जहां जायदरा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच हकमाराम गरासिया ने पुरानी रंजिश के चलते उर पर लाठी से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया।

# हनुमानजी को लगेगा लापसी का भोग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** गांधीनगर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। गांधीनगर हनुमान चौराहा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के व्यवस्थापक जितेंद्र परिहार के अनुसार 250 किलो लापसी का भगवान को भोग लगाया जाएगा। इसके बाद ग्यारह बजे अन्नकूट व मंदिर में भजनों का आयोजन किया जाएगा।



# कुचामन में भगवान महावीर की जयंती पर शोभायात्रा निकाली

## भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** कुचामन में भगवान महावीर की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। जीओ और जीने दो, सूत्र के प्रतिपादक, अहिंसामय विश्वधर्म के प्रवर्तक, श्री 1008 भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का आयोजन जैन वीर मण्डल के तत्वाधान में मनाया गया। जन्म कल्याण के दिन निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रात: सभी जिनालयों में प्रात: 7 बजे अभिषेक व शांतीधारा व पूजन, श्री 1008 भगवान महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर डीडवाना रोड़ पर मूलनायक भगवान महावीर की जिले की सबसे बड़ी पदमासन सवा सात फीट का 65 श्रावकों बच्चो द्वारा कलशाभिषेक व शांतिधारा कर जन्म कल्याणक महोत्सव मन्दिर परिसर में सम्पन्न हुआ। नागौरी मन्दिर के अध्यक्ष विनोद झांझरी ने बताया कि प्रात: 08:30 बजे नागौरी मन्दिरजी से घट यात्रा में श्री जिनेश्वरदास दिगम्बर जैन विद्यालय ट्रस्ट पलटन गेट, श्री दिगम्बर जैन स्कुल घाटी कुआ के विद्यार्थी जैन ध्वज व भगवान महावीर के संदेश बैनर लेकर जयकारे लगाते हुए जुलूस में सबसे आगे चल रहे थे। जुलूस धान मण्डी से प्रारम्भ होकर नई नसियांजी, महावीर चौक पर अतिक्ति पुलिस अधिक्षक जिनेन्द्र जैन, परबतसर, व कुचामन की बेटी महिमा जैन प्रर्वतन निरीक्षक जोधपुर द्वारा झण्डा रोहण किया गया, महावीर चौक पर जिनेन्द्र जैन व महिमा जैन का जयकुमार पहाड़िया, विनोद झांझरी, सौभगमल गंगवाल, सुभाष पहाड़िया, अशोक जैन, सुभाष जैन व समाजजनों द्वारा माला, साफा पहनाकर स्वागत किया गया, तत्पश्चात् जुलुस बस स्टेण्ड, अम्बेडकर सर्किल, डीडवाना रोड, अहिंसा सर्किल होते हुए महावीर उधान पहुचा व भगवान महावीर का पाण्डुशिला पर कलशाभिषेक व शांतिधारा के पुण्यार्जक नवीनकुमार अनिलकुमार काला, प्रेमपुरा वाले रहे। पण्डित अजयकुमार जैन के सानिध्य में पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई, एवं पाठशाला के बच्चों की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान आने पर कमलकुमार कैलाशचन्द निर्मल कुमार पान्ड्या परिवार द्वारा पारितोषिक दिया गया। उसके पश्चात् जूलुस आथुना दरवाजा होते हुए नागौरी मन्दिर में पहुंचा। सुभाष पहाड़िया ने बताया कि दोपहर 4 बजे रथ यात्रा के सारथी विरेन्द्रकुमार सौरभकुमार पहाड़िया परिवार रहा, श्री जी के खजांची बनने का सौभाग्य अनिलकुमार पंकजकुमार डोसी परिवार को मिला। जुलूस में पाठशाला के बच्चो द्वारा भगवान महावीर के पांचो कल्याणक की मनमोहक झांकिया बनाई गई जिसकी सभी ने प्रंशसा की। जुलूस पुरानी धान मण्डी से प्रारम्भ होकर सदर बाजार, गोल प्याऊ, अम्बेडकर सर्किल, जैन भवन होते हुए वापसी नागौरी मन्दिर पहुंचा। संजय सेठी ने बताया कि जन्म कल्याणक के पूर्व संध्या पर सायंकाल 7 बजे अहिंसा सर्किल, डीडवाना रोड़ पर दीप प्रज्जवलन किया गया। सायंकाल 07:30 बजे श्री 1008 भगवान महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर, डीडवाना रोड़ पर समाज द्वारा वर्धमान स्त्रोत के 64 ऋद्धियों की दीप जलाकर आरती व आराधना की गई। देवेन्द्र पहाड़िया के अनुसार भारत विकास परिषद, लायन्स क्लब, महावीर इन्टरनेशनल, वैश्य महासंगठन, अग्रवाल समाज व विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जुलूस में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# फुले-अंबेडकर जयंती व स्व. बेसरवाल की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** डॉ. भीमराव अंबेडकर और ज्योतिबा फुले की जयंती और रक्तवीर युवा समाजसेवी स्व. राकेश बेसरवाल की तृतीय पुण्यतिथि पर 104 यूनिट रक्तदान हुआ। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा और अजय वर्मा नूआं ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में महात्मा ज्योतिबा फुले व भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करके पुष्प अर्पित किए। साथ ही युवा समाजसेवी रक्तवीर स्वत्र राकेश बेसरवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रक्तदान शिविर में 104 यूनिट रक्त का संग्रहण जीवन ज्योति रक्षा ब्लड बैंक झुंझुनूं द्वारा किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता पवन आलड़िया और डॉ. राजवीर बेसरवाल ने जानकारी देते हुए कहा हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। ताकि आए दिन दुर्घटनाओं में और बीमारियों में होने वाली ब्लड की कमी को कुछ हद तक दूर किया जा सके और महापुरुषों उनकी जयंती पर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जा सके। पवन आलड़िया ने बताया कि शुक्रवार को भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा ने 25वीं बार रक्तदान करके युवाओं के लिए मिसाल पेश की है। कार्यक्रम में भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव रघुवीर जोसवाल, माली समाज संस्थान के अध्यक्ष महेंद्र शास्त्री, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी के सरंक्षक महावीर सोनल, राकेश देवठिया, महावीर बेसरवाल, प्रो. हरिराम आलड़िया, डॉ. श्यामप्रताप, डॉ. फरीद आलम, सेवानिवृत्त डिप्टी निरंजनप्रसाद आल्हा, मुकेश झाझड़िया सरपंच, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सतवीर सिंह बरवड़, अजमेर डिस्कॉम एईएन रामप्रताप बरवड़, बीडीओ श्योपाल निर्मल, संदीप सैनी, पुष्पा बेसरवाल, ग्रामसेवक रेणू, वरिष्ठ अध्यापक रामकिशोर निर्मल, हितेश सैनी, अध्यापक सुनिल कलिया, विशाल आल्हा, योगेश कुमार टंडन, सुदर्शन, अशोक, नरेश सैनी, भारती बेसरवाल, ममता गर्वा, पिंकी बेसरवाल, अनिता, संदीप टंडन, प्रो. हितेश सैनी, सुरेंद्र सैनी, संजय सैनी, नवनीत सैनी, गोपीराम सैनी, उपेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

# रबी फसल समर्थन मूल्य पर सरसों, चना, गेंहू की खरीद का शुभारंभ



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सादुलपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति लि. के द्वारा रबी 2025-26 समर्थन मूल्य पर सरसों, चना व गेंहू के खरीद केंद्र कृषि उपज मंडी में मंत्रोचार के साथ शुभारम्भ किया गया राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ दिल्ली के द्वारा राजफैड जयपुर के माध्यम से चना व सरसों समर्थन मूल्य पर 10 अप्रेल से 90 दिवस तक क्रय की जाएगी सरसों प्रति क्विंटल 5950 रूपये, चना प्रति क्विंटल 5650 रु. में प्रति कृषक गिरदावरी के अनुसार एक हैक्टेयर पर सरसों 8.69 क्विंटल, चना प्रति हैक्टेयर 4.86 क्विंटल अधिकतम 40 क्विंटल खरीद की जाएगी एवं राजफैड के माध्यम से भारतीय खाद्य निगम के लिए गेंहू समर्थन मूल्य पर 2425 रु. प्रति क्विंटल व राज्य सरकार का बोनस 150 मिलाकर 2575 रूपये में 2 हैक्टेयर भूमि पर 100 क्विंटल व अधिकतम भूमि होने पर अधिक मात्रा में क्रय की जाएगी खरीद केंद्र का विधिवत फीता काटकर समिति के अध्यक्ष गणपतराम ख्यालिया ने उद्घाटन किया। उन्होंने कृषको से अपील की कि अनाज साफ़ सुथरा एवं सुखाकर लाये ताकि तुलाई के समय परेशानी नही हो समिति के उपकेन्द्र चाँदगोठी एवं सिधमुख में भी तुलाई की जायेगी जिसका उद्घाटन बाद में किया जायेगा इस मौके पर समिति के उपाध्यक्ष रामेश्वर लाल पूनियां, अमरसिंह सांगवान, ताराचन्द मीणा, संदीप कुमार, धर्मपाल मेघवाल, सुनीता कंवर, रामकरण शर्मा संचालक गण एव कृषि अधिकारी विजयपुरी एवं रणसिंह कस्वां, पंडित प्रदीप अत्री , बलवान, इकबाल चौहान, समिति कर्मचारी रामकिशन, राकेश, सुरेन्द्र, भूपसिंह, आजाद, महावीर, कंप्यूटर ऑपरेटर छोटूराम स्वामी उपस्थित थे प्रथम कृषक रामरतन नौरंगपुरा ने 40 क्विंटल सरसों की तुलवाई की गई।

# महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर भाजपा किसान मोर्चा ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** भाजपा किसान मोर्चा चूरू जिला कार्यालय में शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर फूले साहब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए गए और दीप प्रज्जवलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट ओमप्रकाश खिचड़ ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज सुधार के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने नारी शिक्षा को बढ़ावा दिया, बाल विवाह का विरोध किया, विधवा पुनर्विवाह का समर्थन किया और समाज में समानता के अधिकार हेतु संघर्ष किया। खिचड़ ने कहा कि फूले साहब पहले ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने वंचित और पिछड़े वर्गों को समाज में मान-सम्मान दिलवाने के लिए अलख जगाई। भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री कृष्ण भाकर ने कहा कि महात्मा फूले का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष कर नई चेतना का संचार किया। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा शहर मण्डल अध्यक्ष राकेश सैनी, गुलपुरा मण्डल अध्यक्ष मुकेश नेमिवाल, भाजपा ओबीसी शहर मण्डल अध्यक्ष सांवरमल स्वामी, डॉ. मान सिंह राठौड़, राजेश भार्गव ठेकेदार, अशोक चांगल, श्याम तोषनीवाल, सोमबीर खिचड़, मनोज सिंह, विकास महला, दीपक जांगिड़, कपिल शर्मा, मनीष स्वामी, सुमेर नाई, नासिर खोखर सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा ने मनाई ज्योतिबा फुले जयंती



**झुंझुनूं।** बगड़ रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में विधायक राजेंद्र भांबू के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया की अध्यक्षता में दूरदर्शी समाज सुधारक एवं विचारक ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा फूले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर विधायक भांबू ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने 19वीं सदी के भारत में जातिगत भेदभाव को चुनौती देने और महिलाओं की शिक्षा की वकालत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने जीवन पर्यंत दलित पिछड़े वर्गों के उत्थान हेतु संघर्ष किया था। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया ने कहा कि फूले ने अपना जीवन हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए समर्पित कर दिया था। भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता महेश जीनगर, संजय मोरवाल व महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सावित्री सैनी ने भी अपने विचार रखे।

# अनेकांत सिद्धांत से विश्व की विषमताओं पर नियंत्रण सम्भव : साध्वी विद्यावती



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** भगवान महावीर द्वारा प्रतिपादित अनेकांत सिद्धांत से समाज ही नहीं देश और विश्व की अधिकांश विषमताओं का निस्तारण हो सकता है। उक्त विचार आचार्य महाश्रमण की वरिष्ठ शिष्या शासनश्री साध्वी विद्यावती ने गुरुवार की रात्रि को व्यक्त किए। महाराणा प्रताप चौक सेठिया भवन में श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा की ओर से भगवान महावीर जन्म कल्याणक समारोह मनाया गया। उसमें उद्बोधन देते हुए साध्वी विद्यावती ने भगवान महावीर के समग्र हितकारी सिद्धांतों और उपदेशों का उल्लेख किया। मुख्य वक्ता के रूप में युवा साध्वी प्रशस्त प्रभा ने अनेकांत सिद्धांत की शास्त्रागत और तुलनात्मक रूप से व्याख्या की। साध्वी सूर्य यशा तथा साध्वी दिव्य प्रभा ने महावीर जयंती मनाने की प्रासंगिकता बताई। दोनों क्षेत्रों के तेरापंथ समाज के उक्त सामूहिक धर्मायोजन में तेरापंथ सभा के अध्यक्ष अमरचंद कोठारी ने अनेकांत से संबंधित गीतिका प्रस्तुत करते हुए सभी सहयोगी जनों का आभार जताया। सभा के मंत्री विनोद कोचर युवक, परिषद के अध्यक्ष प्रमोद दूगड़, अरविन्द कोठारी, मंत्री किशन धाडेवा सहित संदीप घोड़ावत, राजू देवी बोथरा, पवन कोठारी राजगढ़ के सुशील भगत सरावगी, वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार श्याम जैन, अभिषेक तथा प्रमोद सरावगी आदि ने भी महावीर सिद्धांतों से संबंधित विषयों पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महिला मंडल तथा युवक परिषद की ओर से सामूहिक गीतिकाओं की प्रस्तुति दी गई। ज्ञानशाला के छोटे छोटे बालक बालिकाओं ने भगवान महावीर के जन्म तथा त्रिशाला माता के जीवन से संबंधित आध्यात्मिक नाटिका की प्रभावी प्रस्तुति दी।

# बाल कलाकार हिमांशु जांगड़ा ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को फोटो स्कैच भेंट किया




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय न्यागल छोटी के छात्र व बाल कलाकार हिमांशु जांगड़ा ने राजस्थान सरकार के पंचायती राज व शिक्षा मंत्री को राजगढ़ आगमन पर उनकी हुबहू दो पेंटिंग भेंट की बाल कलाकार द्वारा तैयार हुबहू पेंटिग को देखकर शिक्षा मंत्री बड़े खुश हुए व बाल कलाकार को प्रोत्साहित करते हुए निरंतर मेहनत करते रहकर आगे बढने् का आशीर्वाद दिया बेहतर कलाकृति भेंट पर शिक्षा मंत्री द्वारा बाल कलाकार हिमांशु जांगड़ा को 1100 रुपए की नकद राशि भेंट की, वही शिक्षा मंत्री द्वारा मंच उद्बोधन के समय छात्र को 5000 रुपए की राशि देने की घोषणा की, बाल कलाकार के पिताश्री सुंदर जांगड़ा ने बताया है कि बच्चे की रुचि देखकर इस क्षेत्र में लगातार मेहनत कर रहा है, इससे पूर्व भी जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा चुका व सम्मानित हो चुका बाल कलाकार को मंच प्रदान व प्रतिभा निखारने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से अध्यापक सुनिल बैरासर लगातार प्रयास कर रहे है वही विद्यालय अध्यापक सुबेसिंह पूनिया ने कहा कि छात्र शिक्षा में प्रतिभाशाली व हमेशा अव्वल रहता है, इसी सत्र सरकार द्वारा टैबलेट वितरण किया गया था इस अवसर पैरालंपिक राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया, भाजपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य ओम सारस्वत, शिक्षाविद् भाजपा नेता डॉ मानसिंह राठौड , पूर्व उप जिला प्रमुख सुरेन्द्र स्वामी, भाजपा नेता जोगेंद्र झाझडिया, कृष्ण भाकर, शिक्षाविद् व समाजसेवी पवन गोठवाल, राज्यस्तरीय सम्मान प्राप्त सेवानंद चौहान, जयप्रकाश मेहरा, सीताराम सिंघल, चंद्रभान गोठवाल, रघुवीर बाडेटिया, जयवीर सिंघल, चंद्रभान मेहरा, व अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहें।

# डिफेंस पब्लिक स्कूल में महात्मा ज्योतिबाराव फुले जयंती मनाई

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शहर के न्यू कॉलानी में स्थित डिफेंस पब्लिक सीसै स्कूल में महात्मा ज्योतिबाराव फुले की 198वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने ज्योतिबाराव फूले के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर व माल्यार्पण कर की। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रा छात्राओं ने बढ चढकर भाग लिया तथा कविताओं एवं भाषणों के माध्यम अवगत कराया कि ज्योतिबाराव फूले एक महान, समाज सुधारक, कर्तव्यनिष्ट, शिक्षाविद् दार्शनिक, राष्ट्रप्रेमी तथा उच्च कोटि के व्यक्तित्व वाले व्यक्ति थे। संस्था के प्रधानाचार्य रामसिंह रोहिला ने बताया कि आपने महिलाओं उत्थान के लिए तथा उन्हे शिक्षित करने के लिए उनेक सामाजिक समस्याओं का सामना किया तथा अपनी धर्मपत्नी सावित्री बाई फूले को शिक्षित कर देश की प्रथम महिला शिक्षिका बनाया और महिलाओं में शिक्षा की दिव्य ज्योति को जलाया। जिसका प्रकाश आज पूरे भारत वर्ष में फैल चुका है और फैलता ही जा रहा है। कार्यक्रम में अंत में संस्था के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने ज्योतिबाराव फूले के जीवन परिचय पर तथा उनके समाज सुधार के कार्यों पर प्रकाश डाला तथा सभी विद्यार्थियों को उनके पचिह्नों पर चलने का आग्रह किया।

# न्यूज ब्रीफ

## महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती मनाई, प्रतिमा का माल्यार्पण कर किया नमन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामनसिटी।** शहर के पुराने बस स्टैंड पर स्थित शीतला माता मंदिर में शुक्रवार को सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती मनाई गई। जयंती को लेकर आयोजित कार्यक्रम के तहत उपस्थित लोगों ने फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकों नमन किया। नगर अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सैनी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए फुले की जीवनी के बारें में बताया। साथ ही उनके विचारों व आदर्शों के अनुरूप शिक्षा, समाज कल्याण, महिला सशक्तीकरण एवं सामाजिक समानता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो के बारें में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सैनी, तहसील अध्यक्ष मिठ्ठलाल माली (सैनी) सहित समाज के अन्य लोगो ने मौजूद रहकर फुले की जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनको याद कर नमन किया।

## जिला स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, सभी सरकारी भवनों पर की जाएगी रोशनी

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष 15 अप्रैल को जिला स्थापना दिवस मनाया जायेगा। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि 15 अप्रैल को धौलपुर जिला स्थापना दिवस को हर्षोल्लास से मनाए जाने के लिए जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्थापना कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद को प्रभारी अधिकारी तथा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवम् आयुक्त नगर परिषद को सहप्रभारी नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को प्रात: 7.30 बजे कचहरी प्रांगण से कलेक्ट्रेट प्रांगण तक प्रभात फेरी निकलेगी जिसके प्रभारी संयोजक आयुक्त नगर परिषद, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा होंगे। उन्होंने बताया कि प्रभात फेरी में आम नागरिक, जनप्रतिनिधियों के साथ साथ समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, विद्यालय के छात्र-छात्राएं, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड के कैडेट्स, बीएड कॉलेज के विद्यार्थी, एएएनएम, जीएनएम के प्रशिक्षणार्थी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कृषि पर्यवेक्षक, सफाई कर्मचारी, आरएसी पुलिस लाइन के जवान, होमगार्ड के जवान आदि भाग लेंगे। प्रभात फेरी के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के संबंध में आमजन को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, कानून व सुचारू यातायात की व्यवस्था पुलिस विभाग के द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि 14 एवं 15 अप्रैल को सरकारी कर्यालय, भवन, ऐतिहासिक इमारतों आदि पर रोशनी व सफाई को व्यवस्था की जाएगी। जिसके आयुक्त नगर परिषद प्रभारी संयोजक होंगे।

## श्री पंचमुखी बालाजी धाम में हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य जागरण व भंडारा का आयोजन आज

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राम गिरि जी महाराज की असीम अनुकंपा से श्री पंचमुखी बालाजी धाम सादुलपुर में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए एडवोकेट अनिरुद्ध पाटोदिया युवा सेवाभावी विद्वान पंडित मंगतूराम शर्मा दाधीच ने बताया कि शनिवार की शाम भंडारा 12 अप्रैल शनिवार रात्रि 8:00 बजे से जागरण 12 अप्रैल रात्रि 9:00 बजे से विशेष अग्नि नृत्य जल नृत्य तलवार नृत्य एवं विविध प्रकार के नृत्य की प्रस्तुतियां कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जाएगी महंत गिरवर सिंह ने सभी भक्तों से आग्रह किया है की अधिक से अधिक संख्या में जागरण एवं भंडारे में आने का कष्ट करें।

## ओपी व्यास के दिल्ली किशोर न्यास बोर्ड अध्यक्ष बनने पर ब्राह्मण समाज में खुशी

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** दिल्ली किशोर न्यास बोर्ड के अध्यक्ष पद पर पूर्व उप रजिस्ट्रार कानून मानव अधिकार आयोग ओम प्रकाश व्यास के नियुक्त होने पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सहित संपूर्ण राजस्थान में ब्राह्मण समाज ने खुशी व्यक्त की। अलवर ब्राह्मण समाज के समाज सेवी पंडित आशीष शर्मा ने बताया ओम प्रकाश व्यास के दिल्ली किशोर न्यास बोर्ड के अध्यक्ष बनने पर ब्राह्मण समाज के प्रतिष्ठित विप्र जनों ने खुशी व्यक्त की। साथ आशीष शर्मा ने बताया जल्दी ही अलवर बुलाकर नवनियुक्त अध्यक्ष ओपी व्यास का भव्य स्वागत किया जायेगा। खुशी व्यक्त करने वालों मे बीकानेर अखिल भारतीय पुष्टिकर सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सी पुरोहित, दिल्ली से समाजसेविका सुनीता शर्मा, बीकानेर से रवि पुरोहित आदि समाज विप्रजनों ने खुशी व्यक्त की!

## महात्मा फुले के नाम सर्किल और स्मारक की मांग



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राष्ट्रीय सैनी सभा ने महात्मा फुले अतिथि भवन फौज का मोहल्ला में अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सैनी की अध्यक्षता में महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती मनाई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण कुमार सैनी थे। पार्षद प्रदीप सैनी ने जिला मुख्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम सर्किल और स्मारक की मांग राज्य सरकार से की। डॉ. कमलचंद सैनी ने युवाओं से महात्मा फुले के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। डॉ. सैनी ने अपने सम्बोधन में कहा कि महात्मा फुले और सावित्री बाई फुले भारत रत्न के हकदार हैं। उन्होंने अंधेरे में महिला शिक्षा का दीप प्रज्वलित किया था। कार्यक्रम में गौ संवर्धन संस्थान के अध्यक्ष प्रवीण सवामी, पूर्व पार्षद ज्योति प्रकाश शर्मा, राष्ट्रीय सैनी सभा के संभाग प्रमुख अजय सैनी, डॉ. मनीष सैनी, जीएसटी अधिकारी रमेश सैनी, कर सलाहकार एडवोकेट किशन सैनी, मोहनलाल बड़ागांव, प्रिंसिपल रामेश्वरलाल सैनी, मदनलाल सैनी, लालचंद बुडाना, श्रीराम सैनी, संदीप सैनी, व्याख्याता दलीप सैनी, राकेश सैनी, रणधीर कारोडिया, अशोक हलकारा, विधानसभा अध्यक्ष बुधराम सैनी, मुकेश सैनी, रणधीर सैनी, बाबूलाल सैनी, योग गुरु लालचंद सैनी, राकेश सैनी, विक्रम सैनी, शीशपाल सैनी आदि ने फुले के जीवन पर प्रकाश डाला।



## बाली विधानसभा कांग्रेस प्रभारी सिसोदिया का स्वागत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** कस्बे में अणसी मंदिर परिसर में कांग्रेस बाली विधानसभा प्रभारी देवी सिंह सिसोदिया का नाडोल आगमन पर नाडोल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने साफा माला पहनाकर बहुमान किया। इस दौरान कांग्रेस देसूरी ब्लॉक अध्यक्ष सुशीला गौड़, नाडोल मंडल अध्यक्ष मदन सिंह राजपुरोहित, महामंत्री यशपाल सिंह नारलाई, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भैरुसिंह राजपुरोहित, सरपंच संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर मेवाड़ा, लखमाराम सरपंच, मंडल उपाध्यक्ष टिकमचंद भटनागर व अयाज हुसैन, जगदीश सिंह राजपुरोहित, पप्पू, सुलेमान खा, कांग्रेस महिला ब्लाक अध्यक्ष शमीम जोया, सुमित्रा जैन, तेजाराम मेघवाल, भलाराम मोबारसा, कैलाश भटनागर, नारायणलाल भटनागर, प्रकाश भटनागर आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उसके बाद नाडोल नगर अध्यक्ष की नियुक्ति कर गए।

# मांडोत खिंवाड़ा बालाजी ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्वाचित

### विजयी जुलूस निकला

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** स्थानीय कस्बे बालाजी मंदिर ट्रस्ट के चुनाव शुक्रवार को बालाजी महाप्रसादी स्थल पर चुनाव अधिकारी घीसाराम चौधरी के सानिध्य में संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी घीसाराम चौधरी ने बताया कि ट्रस्ट के अध्यक्ष पद पर टोटल छह लोगों ने अपना नामांकन दाखिल किया। जिसमें से चार लोग ने अपने नाम वापस ले लेने के बाद दो उम्मीदवार केवलचंद मांडोत व अमृतलाल खांटेड मैदान में डटे रहे। ऐसे में ट्रस्ट के 61 मतदाताओं में से 55 मतदाताओं ने अपने मतदान का प्रयोग किया। जिसमें केवलचंद मांडोत को 34 व अमृतलाल खांटेड को 21 मत प्राप्त हुए। ऐसे में मांडोत को 13 मतो से विजयी घोषित किया गया।

उधर, मांडोत के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर विजयी जुलुस निकाला गया। जो मुख्य बस, मेन बाजार, रावला चौक होते हुए बालाजी मंदिर जाकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर ट्रस्ट के पूर्व सचिव एडवोकेट निर्मल आचार्य, खिंवाड़ा व्यापार संघ अध्यक्ष दलपतसिंह राठौड़, पूर्व अध्यक्ष कन्हैयादास वैष्णव, अरावली क्षेत्रिय विकास समिति के राष्ट्रीय महासचिव केएम सुथार, खिंवाड़ा सरपंच श्रीपाल वैष्णव, पिलोवनी सरपंच किशोरसिंह राजपुरोहित, डाक्टर अम्बेडकर सेवा संस्थान संयोजक बस्तीमल सोनल, खैड़ा देवी ग्रुप अध्यक्ष रोकड़चंद सेवग, जितेंद्र शर्मा, गोपालसिंह उदावत, जीवाराम देवासी, कैलाश बंजारा, श्रवण आचार्य आदि उपस्थित थे।





## खुडाला में राष्ट्रीय पक्षी की मौत

**बाली।** खुडाला स्थित पिपलिया कृषि फार्म में शुक्रवार को एक साथ 10 मोरों की रहस्यमयी मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय किसान दिनेश चौधरी ने फार्म पर कुछ मृत मोर देखे। तीन मोर तभी जीवित थे, लेकिन तड़प रहे थे। दिनेश ने दो मोरों को बचाने का प्रयास किया। उन्हें पानी पिलाया, लेकिन मोरों के मुंह से झाग निकलने लगा और उनकी भी मौत हो गई। सूचना मिलते ही फालना पुलिस थाने से एएसआई पुखराज और दो कांस्टेबल मौके पर पहुंचे। एक घंटे बाद क्षेत्रीय वन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम भी आ गई। वन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि सभी मृत मोरों को बाली स्थित पशु चिकित्सालय ले जाया जाएगा। मेडिकल बोर्ड का गठन कर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हुए। सभी ने राष्ट्रीय पक्षी की मौत की गहन जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# जैतारण-रायपुर की 78 पंचायतें ब्यावर में जाएंगी

### 89 ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन, 50 नई बनेंगी

**पाली।** पाली राज्य सरकार की ओर से नगर निकायों, पंचायत समितियों व ग्राम पंचायतों के पुन सीमांकन व पुनर्गठन के प्रस्ताव तैयार दिए हैं। जिले में सिरियारी नई पंचायत समिति होगी। इसके साथ ही 89 ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन कर 50 नई ग्राम पंचायतों को बनाया जा रहा है। जैतारण की 38 व रायपुर पंचायत समिति की 40 ग्राम पंचायतों व उनके अधीन आने वाले 267 गांवों को ब्यावर जिले में शामिल किया जा रहा है। ब्यावर नया जिला बनने से पहले पाली जिले में जैतारण-रायपुर को शामिल करते हुए कुल 341 ग्राम पंचायतें थीं। जिसमें दो शहरी क्षेत्र में शामिल हो गई। 78 ग्राम पंचायतें नवसृजित ब्यावर जिले में शामिल हो रही हैं। वर्तमान में 260 ग्राम पंचायतें अस्तित्व में थी। इसके बाद अब 50 नई ग्राम पंचायतें बन रही है। इसके बाद 310 ग्राम पंचायतें हो जाएंगी। दो पंचायत समितियों के ब्यावर में जाने के बाद भी पाली जिले में 10 ही पंचायत समितियां अस्तित्व में रहेंगी। क्योंकि सिरियारी नई ग्राम पंचायत बनी है तो बगड़ी को पहले ही पंचायत समिति बनाया जा चुका है। दूसरी ओर पाली नगर निगम में 2019 के बाद अब परिसीमन हो रहा है। लेकिन इस बार भी ज्यादातर वार्डों के दायरे ठीक पिछले बार जैसे ही हैं। एक दो वार्डों में मोहल्लों को बदला गया है। वार्डों की संख्या 65 में कोई कमी नहीं हुई है। सबसे कम रानी नगर पालिका में 20 वार्ड रहेंगे।




# चामुंडा माता मेले में उमड़े श्रद्धालु

**नाडोल।** खारडा रोड पर स्थित चामुंडा माता मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को भरे मेले में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मां के दरबार में धोक लगाकर महाप्रसादी ग्रहण की। मेले में भजनों के कार्यक्रम में किशोर राव दुर्गा म्यूजिकल ग्रुप नाडोल के भजन गायक दीपक नारलाई, शंकर टांक डायलाना, मनीष हटेला रानी के भजनों पर झांकी नृत्य कलाकार निखिल राव, कोमल राव, गणेश गांथी, गोविंद नारलाई, खुशी भाटी पाली, एक्टर सपना, रिंकु मारवाडी आदि कलाकारों ने महाकाली, शिव पार्वती, मां चामुंडा आदि झांकियों ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। मेला आयोजक जब्बरसिंह राजपुरोहित द्वारा अतिथियों एवं दानदाताओं का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया। मेले में सायर कंवर धर्मपत्नी स्व. मेघसिहं राजपुरोहित, गीता कंवर धर्मपत्नी जब्बरसिंह राजपुरोहित (जोशी) परिवार नाडोल की ओर से आयोजित महाप्रसादी में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मेले में मांगीलाल, तेजराज सोनी नाडोल द्वारा मेलार्थियों को प्रसाद वितरित किया। मंच संचालन एन.एस राव ने किया। मेले में नाडोल कांग्रेस अध्यक्ष मदनसिहं राजपुरोहित उप सरपंच भवानीसिंह राजपुरोहित, भंवरलाल सोनी, छतरसिंह राजपुरोहित, उषांकंवर, नरपतसिंह, पूजा कंवर, कैलाश सिंह, तेजस्वी, पूरण कंवर, गणपतसिंह, मिना कंवर मंगेशसिह, राजवी, हेमान्शु, छोगाराम मेघवाल, प्रकाश माली सहित उपस्थित थे।



## सिद्ध योगी अनूपदास के 177वें जन्मोत्सव पर श्रद्धांजलि

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** रावणा राजपूत छात्रावास संस्थान फालना में संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा रावणा राजपूत समाज के सिद्ध योगी अनूपदास महाराज के 177वें जन्मोत्सव पर उनकी तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रवक्ता सुखसिंह खंगारोत ने साध अनूपदास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को बताया कि साध अनूपदास का जन्म चैत्र शुक्ल चतुर्दशी सवंत 1905 को पाली जिले के बांगडी गांव में हुआ था। बचपन से ही भक्ति में लीन रहते थे। वह जमीन को अपनी माता समझकर ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने की कहते थे।

शराब एवं मांस का सख्त विरोध करते हुए कहा कि शराबी विकलांग होता है, इसलिए शराब जैसी वैशाख बैसाखी पर चलता है। इस अवसर पर सुखसिंह खंगारोत, लक्ष्मण सिंह चौहान, यशपाल सिंह मांगलिया, महेंद्र सिंह, अशोक सिंह पवार, विशाल, तुषार सहित विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# ज्योतिबा फुले जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** स्थानीय गांव सेसली में बामसेफ एवं भारतीय युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में ज्योतिबा फुले और डा. भीमराव आंबेडकर से संबंधित निबंध, पोस्टर, क्विज, मेहंदी एवं रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वर्ग के विद्यार्थियों ने अलग-अलग महात्मा बुद्ध, आंबेडकर, ज्योतिबा फुले आदि के चित्र बनाए एवं उनको मेहंदी के द्वारा अपने हाथों पर उकेरा और बाहर से पधारे हुए वक्ताओं ने ज्योतिबा फुले और बाबा साहब आंबेडकर के बारे में प्रबोधन दिया। इस अवसर पर गोमाराम, मेघाराम, कपूर, रमेश, दिनेश, मुकेश, विजय, नरेश, हर्षित, महेंद्र, सुरेश, शांतिलाल, मनीष, विनोद, राहुल, ललित आदि मौजूद रहे।



# अवैध खनन : 13 .22 लाख रुपए का जुर्माना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** माइंस डिपार्टमेंट की ओर से प्रदेशभर में अवैध खनन, परिवहन और स्टोरेज के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। सोजत के खनिज अभियंता ऑफिस की टीम ने जिले में दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा। एक मारवाड़ जंक्शन के गोलाई क्षेत्र में और दूसरी सोजतरोड़ में अवैध रूप से बजरी का परिवहन कर रही थी। फालना डिपो के पास बाली में खनिज मेसनरी स्टोन का अवैध परिवहन करते हुए डंपर को जब्त किया। खनिज अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि इस महीने में क्षेत्राधिकार में अवैध खनन के एक और अवैध परिवहन के नौ मामले दर्ज किए गए हैं। कुल 10 मामलों में लगभग 13.22 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इस दौरान कुल तीम डम्पर और सात ट्रैक्टर सहित विभिन्न वाहनों को जब्त किया। अब तक 11.95 लाख रुपए का जुर्माना वसूला जा चुका है। कलेक्टर के निर्देश पर उपखंड स्तरीय टीमों द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी रखी जा रही है।

# पाली में अवैध गैस रिफिलिंग का मामला पकड़ा

### 17 सिलेंडर, रिफिलिंग की मशीन जब्त, टैक्सी में रखे थे सिलेंडर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली रसद विभाग की टीम ने कोतवाली थाना पुलिस की सूचना पर शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रिफिलिंग करने का मामला पकड़ा। यहां से रसद विभाग की टीम ने 17 गैस सिलेंडर और रिफिलिंग में काम आने वाली मशीन जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू की।

पाली डाकघर के बाहर टैक्सी में कुछ इस तरह गैस सिलेंडर भरे हुए खुले में पड़े थे। जिला रसद अधिकारी पाली मनजीत सिंह ने बताया कि कोतवाली थाना पुलिस की सूचना पर शुक्रवार दोपहर को पुराना बस स्टैंड डाकघर के सामने पहुंचे। जहां एक सवारी टैक्सी में भारत गैस के सिलेंडर भरे हुए मिले। वहीं सामने स्थित एक दुकान की तलाशी ली तो उसमें भी गैस सिलेंडर और रिफिलिंग के काम आने वाल मशीन मिली। मौके से 17 गैस सिलेंडर जिसमें पांच सिलेंडर खाली थे और एक रिफिलिंग के काम आने वाली मशीन जब्त की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दिलशाद नाम का युवक यहां शॉप संचालित कर रहा था।



# सोजत में अवैध खनन पर 13 लाख की पेनल्टी

### खनिज विभाग ने 10 वाहन जब्त किए, 12 लाख रुपए वसूले

**पाली।** सोजत खनिज विभाग ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने अप्रैल माह में अब तक तीन डंपर और सात ट्रैक्टर जब्त किए हैं। इन वाहनों पर कुल 13.22 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई गई है। विभाग ने इनमें से 12 लाख रुपए की वसूली कर ली है। खनिज अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि कलेक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री के निर्देशन में ये अभियान चलाया जा रहा है। विभाग की टीम प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रही है।

मारवाड़ जंक्शन के गोलाई मार्ग और सोजत रोड क्षेत्र से बजरी का अवैध परिवहन करते वाहन पकड़े गए। बाली के फालना में एक डंपर को मशीनरी स्टोन का अवैध परिवहन करते हुए जब्त किया गया। खनिज विभाग के उड़न दस्ते ने अन्य क्षेत्रों में भी कार्रवाई की है। 10 अप्रैल तक विभाग ने एक अवैध खनन और नौ अवैध परिवहन के मामले दर्ज किए हैं। सभी मामलों में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# फालना रेलवे स्टेशन पर युवक को हार्ट अटैक, चिकित्सालय में मौत

### तीन बहनों का इकलौता भाई, पांच माह की बेटी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** फालना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में युवक को हार्टअटैक आ गया। युवक और साथ आ रहा परिचित फालना स्टेशन पर उतर गए। जहां तबीयत ज्यादा बिगड़ी तो पहले उसे फालना और फिर बाली अस्पताल ले जाया गया। बाली में डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

घटना 10 अप्रैल गुरुवार की शाम को हुई। युवक के रिश्तेदार कैलाश कुमार माली ने बताया कि जालोर जिले के भाद्राजून इलाके में मुलेवा गांव के रहने वाले गणेशाराम मेलों में नाश्ते की दुकान लगाते हैं और खेती-बाड़ी करते हैं। उनका बेटा अर्जुन कुमार (27) पांच साल से मुंबई में स्टेशनरी शॉप में काम करता था। 15 दिन पहले ही वह जालोर से मुंबई गया था। 13 अप्रैल रविवार को सिरोही जिले के पोसालिया कस्बे में होने वाले भगवान गौतम ऋषि के मेले में गणेशाराम नाश्ते की दुकान लगाना चाह रहे थे। इस काम के लिए बेटे की मदद की जरूरत थी। उन्होंने आठ अप्रैल को बेटे अर्जुन को जालोर लौट आने के लिए कहा। अर्जुन नौ अप्रैल की शाम एक परिचित के साथ मुंबई से ट्रेन पकड़कर जालोर के लिए रवाना हो गया।



10 अप्रैल की शाम फालना में अर्जुन की ट्रेन में तबीयत खराब हो गई। जिसको बाली हॉस्पिटल ले गए जहा डाक्टर ने अर्जुन को मृत घोषित कर दिया। बाली थाने के एएसआई गणपत सिंह ने परिजनों को घटना की सूचना दी। शव को बाली हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। अर्जुन गणेशाराम का इकलौता बेटा है और मृतक की तीन बहनें हैं और पांच माह की बेटी है, परिजन बाली पहुंचे और शव का पोस्टमॉर्टम करा शुक्रवार को जालोर लेकर पहुंचे। जहां अर्जुन का अंतिम संस्कार किया गया।

## मवेशी की टक्कर से युवक घायल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में शुक्रवार दोपहर को सड़क पर अचानक आए मवेशी से टकराकर एक 20 साल का युवक गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर किया गया। पाली के मंडली निवासी 20 साल का लक्ष्मण सिंह पुत्र भंवर सिंह शुक्रवार दोपहर को अपने घर बाइक से जा रहा था। इस दौरान हेमावास चौराहे के पास उसकी बाइक सड़क पर अचानक आए मवेशी से टकरा गई। इस हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोट आई। इलाज के लिए उसे पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में घायल के परिजन हॉस्पिटल पहुंचे। जहां उसकी हालत देख उनकी आंखों से भर आई।

■ घर लौटते समय बाइक के सामने आया मवेशी, गंभीर हालत में जोधपुर रेफर

## ट्रांसफॉर्मर से लगी आग

**पाली।** सादड़ी में शुक्रवार को एक सिंगल फेस ट्रांसफॉर्मर में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। मीणों का झुंपा क्षेत्र में रघुनाथ प्रजापत के मकान के पास स्थित कांटे की बाड़ आग की चपेट में आ गई। घटना की सूचना मिलते ही सादड़ी नगरपालिका की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक बाड़, मवेशियों का बाड़ा और चारा जलकर राख हो चुका था। स्थानीय लोगों की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। आग की लपटें देखते ही आसपास के लोग तुरंत एकत्र हुए। उन्होंने खूंटे से बंधे मवेशियों को छोड़कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। अगर लोग समय पर नहीं पहुंचते तो मवेशियों की जान को भी खतरा हो सकता था।

### देसूरी पुलिस की बड़ी कामयाबी

# दूध के ड्रमों में छिपाकर ले जाया जा रहा था डोडा पोस्त, दो तस्कर गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम कसने के अभियान के तहत देसूरी पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। थानाधिकारी हरिसिंह राजपुरोहित के निर्देशन में की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 86 किलो 510 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, देसूरी नाल के पास नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम ने देसूरी की ओर आ रही दो मोटरसाइकिलों को रोका। पूछताछ करने पर दोनों बाइक पर रखे दूध के ड्रमों से संदिग्ध वस्तु की गंध आने पर जांच की गई। जांच के दौरान दूध के आठ ड्रमों में अवैध डोडा पोस्त पाया गया, जिसे तस्करी के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल रघुवीर मीणा, कांस्टेबल रामचंद्र विश्नोई और रामचंद्र कुचामन, जगदीश कुमार की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस ने मौके पर ही दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर मोटरसाइकिलें जब्त कर लीं।

थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित ने बताया कि आरोपी महेंद्र पुत्र देवाराम 30 वर्ष निवासी डोली कला पुलिस थाना कल्याणपुर जिला बालोतरा व रमेश विश्नोई पुत्र मेकाराम 24 वर्ष निवासी जांगूओ की ढाणी लांबड़ा लूणी को गिरफ्तार कर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की विस्तृत जांच जारी है। उन्होंने बताया कि देसूरी थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



# पाली की 28 बस्तियों में मेडिकल कैंप का आयोजन

**पाली।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता सप्ताह के तहत आयोजित मेडिकल कैम्प में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। पाली में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को लेकर छह अप्रैल से 14 अप्रैल तक सात दिन के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

गुरुवार को शहर की 28 बस्तियों में 28 चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इन आयोजनों का उद्देश्य बाबा साहब के विचारों का प्रचार-प्रसार करना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। गुरुवार को सेवा भारती, विद्या भारती एवं नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (NMO) द्वारा पाली नगर की विभिन्न 28 बस्तियों में मेडिकल कैम्प लगाया गया। कैंप में अनुभवी डाक्टरों की टीम ने बच्चों से लेकर बड़ों के सेहत की मुफ्त जांच कर दवाइयां दी। 11 अप्रैल को शहर की विभिन्न बस्तियों में भजन मंडली द्वारा भजन गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। 13 अप्रैल को एकता और समरसता को समर्पित समरसता दौड़ क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित की जाएगी। जो आंबेडकर सर्कल से सुबह 6:30 बजे शुरू होकर सूरजपोल, लोढा बाल निकेतन, शिवाजी सर्कल, सीरवी छात्रावास होते हुए साइंस पार्क पहुंचकर सम्पन्न होगी। इसमें सभी आयु वर्ग के नागरिक भागीदारी निभाएंगे। उसी दिन शाम को आंबेडकर सर्किल पर दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम रखा गया है। 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर वाहन रैली, रक्तदान शिविर और विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

# श्री कोटेश्वर महादेव का मेला संपन्न

### विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

### पांच किलोमीटर दौड़ साइकिल में जितेंद्र व माइल दौड़ में अर्जुन प्रथम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** निकटवर्ती कोट बालियान श्री कोटेश्वर महादेव का मेला शुक्रवार को भरा गया। मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। मेले में सर्वप्रथम प्रतियोगिता में साइकिल रेस पुरुषों की मुंडारा पेट्रोल पंप से रवाना होकर कोट मेला मैदान तक करीब पांच किलोमीटर की आयोजित हुई। जिसमें प्रथम जितेंद्र, द्वितीय भरत व तृतीय स्थान पर कपूराराम रहे। इस दौरान माइल दौड़ रेस पुरुषों की जो कोट इंडियन ऑयल कॉपेरिशन से मेला स्थल तक एक किलोमीटर की आयोजित की गई। इसमें प्रथम अर्जुन मीणा बोया, द्वितीष प्रकाश मीणा व तृतीय कैलाश, 100 मोटर रेस पुरुष 18 वर्ष से ऊपर प्रथम सियान कोट व द्वितीय राहुल कालबेलिया, 100 मीटर रेस बालक 14 वर्ष में प्रथम नीरज व द्वितीय गमाराम चौधरी, 100 मीटर रेस पुरुष 40 वर्ष से ऊपर प्रथम बसंत घांची व द्वितीय रमेश कुमार पूर्व सरपंच, छोटी साइकिल रेस बालिका में प्रथम हनी सिंह व द्वितीय कविता, मटकी रेस बालिकाएं 100 मीटर में प्रथम भावना व द्वितीय कविता, धीमी साइकिल रेस 100 मीटर में प्रथम दिनेश सैन व द्वितीय रमेश, तीन पांव रेस 100 मीटर पुरुष में प्रथम दिनेश सेन व सुनील द्वितीय सांखलाराम देवासी व अचलाराम रहे। चम्मच रेस बालिकाएं 100 मीटर में प्रथम रसिका व द्वितीय नीतू, बोरी रेस बालक 100 मीटर में प्रथम दिनेश सेन व द्वितीय वैभव, छोटी साइकिल रेस बालक में प्रथम नीरज व द्वितीय विक्रम देवासी रहे।



### ज्योतिबा फूले और आंबेडकर जयंती समारोह

## 45 प्रतिभागियों का सम्मान, सामाजिक एकता का संदेश

**बाली।** बीजापुर में ज्योतिबा फूले और बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन से हुई। समारोह में 45 प्रतिभागियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सोशल मीडिया एक्टिविस्ट अशोक मेघवाल ने अपने संबोधन में कहा कि अधिकारों की रक्षा के लिए न्यायपालिका का सहारा महत्वपूर्ण है। मोतीलाल परिहार ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वोट को बेटी की तरह संभालकर देना चाहिए। ओम मारवाड़ी ने व्यक्तित्व विकास पर जोर देते हुए कहा कि यह सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने समाज सुधारकों के विचारों और उनके योगदान को याद किया। समारोह में सामाजिक एकता और समानता का संदेश दिया गया।



# लखनऊ की 'अग्नि परीक्षा'

## प्वाइंट्स टेबल में पांचवें और गुजरात पहले स्थान पर

**नई दिल्ली। आईपीएल में अगला मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाला है। यह मैच शनिवार को दोपहर में खेला जाएगा। इस मैच में आईपीएल के मैच में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। लखनऊ की भीषण गर्मी में इन दोनों टीम के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। गुजरात टाइटंस ने लगातार चार मैच जीते हैं और वह नेट रन रेट बेहतर होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स से ऊपर पहले स्थान पर है। इन दोनों टीम के समान आठ अंक हैं।**



### सिराज पेश करेंगे मुश्किल

सिराज पर पावर प्ले में बड़े शॉट खेलना आसान नहीं होगा तथा सलामी बल्लेबाज एडेन माक्रम और मिशेल मार्श को खेलते समय सावधान रहना होगा। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा की अभी तक कोई खास कमी नहीं खली है क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा ने सिराज का अच्छी तरह से साथ दिया है। बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर अपने शानदार प्रदर्शन से टीम के मुख्य स्पिनर राशिद खान पर भी हावी हो गए हैं। राशिद ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में अच्छी गेंदबाजी करके लय हासिल करने के संकेत दिए थे। अगर वह अपना प्रदर्शन जारी रखते हैं तो लखनऊ के बल्लेबाजों के लिए काफी मुश्किल पैदा हो सकती है।

### लखनऊ ने जीते तीन मैच

लखनऊ ने अभी तक तीन मैच में जीत हासिल की है और वह अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। इस मैच में आक्रामक बल्लेबाजों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। लखनऊ की टीम में पूरन ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक 288 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 225 है जो किसी भी विरोधी टीम के लिए चिंता का विषय हो सकता है। वेस्टइंडीज के इस बल्लेबाज ने अभी तक 25 चौके और 24 छक्के लगाए हैं। लेकिन गुजरात के खिलाफ मैच में उन्हें सिराज की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। इस तेज गेंदबाज ने पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है और उनके नाम पर पांच मैच में 10 विकेट दर्ज हैं। उनका इकोनॉमी रेट भी 7.70 है।

### दोनों कप्तानों की फॉर्म चिंताजनक

- दोनों टीमों के लिए अपने कप्तान की फॉर्म चिंता का विषय है। शुभमन गिल और ऋषभ पंत कुशल बल्लेबाज हैं, लेकिन आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहे हैं। गिल ने आईपीएल के 2023 के सत्र में 890 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। मौजूदा सत्र में वह अभी तक केवल 148 रन बना पाए हैं। लखनऊ ने ऋषभ पंत को रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था लेकिन उन्होंने अभी तक चार पारियों में केवल 19 रन बनाए हैं। अगर गिल और पंत अपनी वास्तविक फॉर्म में लौट आते हैं तो फिर लखनऊ के दर्शकों का भरपूर मनोरंजन होना तय है।

### गुजरात टाइटंस

- बी साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएत्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़, करीम जनत।

### लखनऊ सुपर जायंट्सः

- ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्करम, आर्यन जुयाल, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्जके, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हैंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, शार्दुल ठाकुर, अवेश खान, आकाश दीप, मणिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी, आकाश सिंह, शमर जोसेफ। प्रिंस यादव, मयंक यादव, रवि बिश्नोई।

# विराट कोहली पाटीदार से नाराज

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 24वें मुकाबले में गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से मात दी। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने 20 ओवर में 163/7 स्कोर किया। केएल राहुल की तूफानी पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने 17.5 ओवर में इस टारगेट को चेज कर लिया। मैच के दौरान विराट कोहली की बल्लेबाजी कोच और मेंटॉर दिनेश कार्तिक के साथ एनिमेटेड चैट वायरल हो गई। मैच के दौरान कोहली नाखुश लग रहे थे। 16वें ओवर में वह बाउंड्री लाइन पर कार्तिक से बात करते हुए देखे गए।



### बाउंड्री पर बात करते नजर आए विराट

- उस समय विराट कोहली को दिनेश कार्तिक के साथ बातचीत करते हुए देखा गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह मैदान पर फील्डिंग पोजीशन के बारे में थी। कमेंटेटर्स ने लाइव प्रसारण पर इस मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि अगर कोहली या दिनेश कार्तिक के पास आरसीबी कप्तान के लिए कोई इनपुट है, तो उन्हें उनके पास जाकर मैसेज देना चाहिए। फील्डिंग करते समय भी कोहली काफी उत्साहित थे और उन्होंने कप्तान से फील्डर्स को सही स्थान पर खड़ा करने के लिए कहा।

### राहुल ने बनाए नाबाद 93 रन

- मैच के बाद कार्तिक के साथ पूर्व कप्तान का वीडियो वायरल हो गया। कोहली दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेल के अधिकांश समय तक एनिमेटेड रहे, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। केएल राहुल ने आरसीबी के खिलाफ 93 रन की शानदार पारी खेलकर दिल्ली को जीत दिलाई। मुकाबला देख रहे फैंस ने अनुमान लगाया कि क्या कोहली आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार से नाराज थे, क्योंकि उन्होंने खेल के अहम स्टेज में सही फील्डिंग नहीं की और सही गेंदबाजों को गेंद नहीं थमाई।

# दिल्ली की प्वाइंट्स टेबल में लंबी छलांग

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के 24वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी चौथी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ दिल्ली के अब प्वाइंट्स टेबल में 8 अंक हो गए हैं, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तीसरे स्थान पर बरकरार है। यह पहली बार है जब दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल सीज़न के अपने पहले चार मैच जीते हैं। लगातार 4 मैच जीतकर दिल्ली की टीम अब प्वाइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। वहीं, गुजरात पहले नंबर पर बरकरार है। गुजरात इस समय 5 में से 4 में जीत हासिल करने में सफल रही है और 8 अंक और +1.413 नेट रन रेट के साथ पहले नंबर पर है। दूसरे नंबर पर दिल्ली है जिसके भी 8 अंक हैं लेकिन नेट रन रेट में गुजरात से पीछे है, दिल्ली के पास +1.278 का नेट रन रेट है। तीसरे नंबर पर बेंगलुरु हैं।





### चार टीमें कर सकती प्लेऑफ में क्वालीफाई

अबतक आईपीएल में कुल 24 मैच खेले जा चुके हैं, इस दौरान 4 टीमें अच्छा परफॉर्म करने में सफल हो गई है। खासकर गुजरात टाइटंस और दिल्ली ने धमाकेदार परफॉर्मेंस किया है। गुजरात, दिल्ली के अलावा बेंगलुरु भी शानदार परफॉर्मेंस करने में सफल रही है और उम्मीद है कि ये टीमें ऐसे ही खेलती रही तो प्लेऑफ में क्वालीफाई करने में सफल हो सकती है। मुंबई, सीएसके और हैदराबाद के लिए खुद को प्लेऑफ में बनाए रखना है तो अपने आने वाले मैचों में अच्छा खेल दिखाकर जीत हासिल करनी होगी। क्योंकि यहां से एक भी हार इन टीमों के लिए प्लेऑफ की राहें मुश्किल कर सकती है। बता दें कि दिल्ली, गुजरात, बेंगलुरु और पंजाब को क्वालीफायर करने के लिए अभी भी पांच मुकाबले जीतने हैं। हालांकि टीमों के पास अभी 9-9 मुकाबले बाकी हैं।

# सिद्धू ने माही को बताया सर्वश्रेष्ठ कप्तान

**नई दिल्ली।** ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी ने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को कप्तान नियुक्त किया है। धोनी इस साल आईपीएल में बतौर अनकैप्ड खिलाड़ी खेल रहे हैं। वहीं धोनी के चेन्नई की कमान एक बार फिर संभालने पर नवजोत सिंह सिद्धू ने रिएक्शन दिया है और उन्होंने कहा है कि चेन्नई का लक अब तेजी से बदल जाएगा। नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा, "हम दोनों (वीरेंद्र सहवाग के साथ) यह चर्चा कर रहे थे कि भईया धोनी को कप्तान बना दो। देखो एकदम से इनका जो लक है ना वो चेंज हो जाएगा। क्योंकि भईया तोड़-जोड़ के मामले में, कप्तानी में, अगर कोई श्रेष्ठों में श्रेष्ठ है, सर्वश्रेष्ठ है, भारतीय क्रिकेट में तो धोनी है। वो अब कैसे कुनबा जोड़ेंगे, कहां की ईट लाएंगे, कहां का रोड़ा लाएंगे और कहां से कुनबा जोड़ेंगे, एक नई सोच को लेकर वो इस टीम के साथ आएंगे।" धोनी ने 2008 से 2023 तक सीएसके की अगुआई की थी और टीम को पांच आईपीएल खिताब दिलाए थे। उन्होंने 2024 सत्र से पहले गायकवाड़ को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी थी। गायकवाड़ को 30 मार्च को जोफ्रा आर्चर की शॉर्ट गेंद पर चोट लगी थी और तब से उन्होंने दो मैच खेले हैं।



# 'यह मेरा ग्राउंड है' केएल राहुल की बेंगलुरु में दिखी 'दादागिरी'



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 24वें मुकाबले में गुरुवार को केएल राहुल की दादागीरी देखने को मिली। 164 रन का टारगेट चेज करने उतरी दिल्ली ने 58 रन पर 4 विकेट खो दिए थे। एक समय लगने लगा था कि आरसीबी आसानी से इस मुकाबले को जीत लेगी। हालांकि, केएल राहुल ने साबित कर दिया कि भले ही उनकी टीम बदल गई हो पर उनका होम ग्राउंड तो बेंगलुरु ही है।

### आक्रामक दिखे राहुल

- केएल राहुल ने 53 गेंदों पर 93 रन की आतिशी पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 7 चौकों के साथ ही 6 छक्के लगाए। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स ने 18वें ओवर में ही टारगेट चेज कर लिया। केएल राहुल ने दिल्ली को जीत दिलाने के बाद बेहद आक्रामक अंदाज में क्यों मनाया जश्न। उनके इस जश्न का वीडियो से वायरल हो रहा है। उन्होंने अपनी पुरानी टीम के हाथों से मैच छीन लिया और दिल्ली को लगातार चौथी जीत दिलाने में मदद की। डीसी को जीत के लिए 18 गेंदों पर 18 रन चाहिए थे, जब राहुल ने दो छक्के और एक चौका लगाकर मैच खत्म किया। शांत रहने वाले राहुल आक्रामक पक्ष दिखाया। उन्होंने पहले अपनी छाती पीटी और फिर इशारा किया कि हम उनका मैदान है।

# मनोरंजन

## कृष 4 में दिखेंगी प्रियंका ?



कृष 3 के बारह साल बाद इस फिल्म की चौथी किस्त की आधिकारिक घोषणा की गई। ऋतिक रोशन स्टारर कृष 4 को आदित्य चोपड़ा की यशराज फिल्म्स प्रोड्यूस करेगी। दिलचस्प बात यह है कि ऋतिक कृष 4 के साथ निर्देशक के तौर पर अपना डेब्यू करेंगे। अभिनेता ने अपने पिता राकेश रोशन की विरासत को आगे बढ़ाते हुए निर्देशन का कार्यभार संभाला। इसके बाद ये खबर आई कि इस फिल्म में कई पुराने किरदारों की वापसी हो सकती है। प्रियंका चोपड़ा फिल्म में फीमेल लीड प्ले करेंगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ऋतिक और आदित्य ने कृष 4 में मुख्य भूमिका के लिए प्रियंका को लेने का फैसला किया है। अभिनेत्री कथित तौर पर सुपरहीरो फिल्म में प्रिया की भूमिका निभाने के लिए वापस आएंगी। दरअसल इस वक्त ऋतिक अमेरिका में हैं, ऐसा पता लगा कि उनकी निक और प्रियंका से मुलाकात भी हुई है। अमेरिका में प्रशंसकों के साथ मीट-एंड-ग्रीट कार्यक्रम के दौरान, ऋतिक ने खुलासा किया कि उन्होंने न्यूयॉर्क में प्रियंका और निक के साथ कुछ बेहतरीन समय बिताया। उन्होंने ब्रॉडवे शो के लिए निक की भी प्रशंसा की। ऋतिक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसमें वे इस मुलाकात के बारे में बात कर रहे हैं। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, "ऋतिक और प्रियंका एक बेहतरीन पेयर हैं। कृष' मूवी के बाकी दो पाट्र्स में ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा की केमिस्ट्री ने लोगों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। बताया जा रहा है कि फिल्म की जर्नी 'कोई मिल गया','कृष' और 'कृष 3' के किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती दिखाई देगी। ऐसे में 'कृष 4' में प्रियंका चोपड़ा की वापसी तय है और वो इसमें प्रिया की भूमिका में नजर आएंगी।

## करीना की एआई वीडियो वायरल



सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें करीना कपूर पाकिस्तान के कराची में एक रेव पार्टी में डांस करती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो को देखने के बाद हर कोई हैरान रह गया। लेकिन जैसे ही इसकी असल सच्चाई समाने आई तो करीना के फैंस भड़ गए। दरअसल, इस रेव पार्टी में खुद करीना कपूर नहीं, बल्कि उनके एनिमेटेड अवतार को डांस करते हुए दिखाया गया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि नाइट क्लब में लगी एक बड़ी स्क्रीन पर करीना कपूर का एनिमेटेड वीडियो डांस करते हुए चलाया जा रहा है। जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो करीना कपूर खान के फैंस भड़क उठे। एक यूजर ने कमेंट किया, 'डिलीट कर दो, इससे पहले कि करीना देख लें।', दूसरे ने लिखा, 'बिल्कुल नहीं, ये तो हमारे आइकन का अपमान है।', वहीं तीसरे ने लिखा, 'डिलीट करो।' वहीं, कुछ यूजर्स ने पाकिस्तान को लेकर तंज भी कसे। एक ने लिखा, 'तुम्हारे पास रेव पार्टी के लिए पैसे हैं?', दूसरे ने कमेंट किया, 'मुझे लगा था कि तुम लोगों के पास सिर्फ क्रिकेट के लिए पैसे होते हैं।'

## अनन्या बिड़ला ने जाह्नवी को गिफ्ट की लेम्बोर्गिनी

जाह्नवी कपूर लग्जीरियस लाइफ स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। उनका फैशन स्टेटमेंट से लेकर कार कलेक्शन सभी कुछ चर्चा में रहता है। अब जाह्नवी कपूर की एक नई कार खबरों में आ गई है। दरअसल, जाह्नवी कपूर को उनकी दोस्त ने लग्जरी कार गिफ्ट की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जाह्नवी कपूर को उनकी दोस्त अनन्या बिड़ला ने बैंगनी लेम्बोर्गिनी हुराकैन इवो स्पाइडर गिफ्ट की है। उनकी इस लग्जरी कार की कीमत चार करोड़ रुपए से लेकर 4.99 करोड़ रुपये तक के आसपास है। सोशल मीडया पर हर तरफ इस कार के चर्चे हैं। जाह्नवी कपूर के कार कलेक्शन की बात करें तो टोयोटा लेक्सस (2 करोड़ 50 लाख), मर्सिडीज जीएलई 250डी (67 लाख 15 हजार), बीएमडब्ल्यू एक्स5 (95 लाख 90 हजार), मर्सिडीज बेंज एस-क्लास (1 करोड़ 62 लाख) है। जाह्नवी कपूर ने 2018 में फिल्म धड़क से डेब्यू किया था। इस फिल्म में उन्हें काफी पसंद किया गया था। इसके बाद वो घोस्ट स्टोरीज में नजर आईं।





## 'हिल गया सिस्टम'



स्त्री 2 में तमन्ना का कैमियो रोल काफी सुर्खियों में आया था। इसमें 'आज की रात' सॉन्ग पर उन्होंने दमदार डांस परफॉर्मेंस दी। अब तमन्ना के डांस का जलवा अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म रेड 2 में भी देखने को मिला है। तमन्ना का नाम उन चुनिंदा एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल किया जाता है, जो अपने डांस मूव्स से लोगों के दिलों की धड़कनों को तेज कर देती हैं। इन दिनों वह कई फिल्मों में डांस नंबर देती नजर आ रही हैं। अब अजय देवगन की फिल्म रेड 2 का नया गाना नशा रिलीज हुआ है। इसमें तमन्ना का एनर्जेटिक डांस देखकर फैंस की निगाहें थम गई हैं। इस सॉन्ग का वीडियो देखने के बाद सिनेमा लवर्स पर एक्ट्रेस के डांस का नशा हो गया है। कातिलाना अंदाज और जबरदस्त डांस मूव्स से एक्ट्रेस ने लोगों को इंप्रेस किया है। यूट्यूब पर रिलीज होते ही सॉन्ग छा गया है। गाने में क्या खास देखने को मिला? इस गाने के बोल सुनते ही जुबां पर चढ़ जाते हैं और तमन्ना भाटिया का डांस इसे स्पेशल बना देता है। बता दें कि रेड 2 का नशा गाना तमन्ना भाटिया पर फिल्माया गया है। इस सॉन्ग को जानी ने लिखा है और जैस्मीन सैंडलस, दिव्या कुमार और सुमन्थो मुखर्जी ने इसे मिलकर अपनी आवाज दी है। टी-सीरीज के आधिकारिक इंस्टाग्राम पर भी इस गाने को शेयर किया गया है और इसके कमेंट सेक्शन में फैंस प्रतिक्रिया देते नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'नशा हो गया एकदम।' दूसरे ने टिप्पणी कि 'उफ्फ आपका डांस।' इसके अलावा, ज्यादातर लोग एक्ट्रेस के डांस मूव्स की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। अजय की रेड फिल्म साल 2018 में आई थी और दूसरा पार्ट रिलीज के लिए तैयार है।

## ऑस्कर की नई कैटेगरी, राजामौली ने जताई खुशी



हिंदी सिनेमा के दिग्गज फिल्म निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' ने एक बार फिर ऑस्कर में अपना दबदबा दिखाया है। फिल्म के एक फाइट सीन को ऑस्कर की नई कैटेगरी की घोषणा में जगह मिली है। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने ऑस्कर के लिए एक नए कैटेगरी का अनाउंसमेंट किया है। जिसमें आधिकारिक तौर पर बेस्ट स्टंट डिजाइन के लिए एक नई कैटेगरी का एलान हुआ है। यह नई कैटेगरी 2027 में रिलीज होने वाली फिल्मों के लिए 2028 में होने वाले 100वें एकेडमी अवाड्र्स में शुरू होगी। अपनी इस नई कैटेगरी की घोषणा करते हुए एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आट्र्स एंड साइंसेज ने अपने इंस्टाग्राम पर तीन फिल्मों के स्टंट सीन की तस्वीरें साझा की हैं। इनमें एसएस राजामौली की 'आरआरआर' के भी स्टंट सीन की एक तस्वीर शामिल है। आरआरआर के उस सीन को शामिल किया गया है जिसमें अभिनेता राम चरण बाघ से लड़ाई लड़ते हुए बाघ की ओर छलांग लगा रहे हैं। इस सीन में राम चरण बाघ की ओर हवा में उड़ते नजर आ रहे हैं। बता दें कि इससे पहले आरआरआर के गाने 'नाटू नाटू' को 2023 के ऑस्कर में बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग का अवॉर्ड मिला था। उनमें मिशेल योह स्टारर 2022 में आई मल्टीवर्स सागा 'एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स' का एक दृष्य शामिल है। जबकि तीसरी तस्वीर टॉम क्रूज की 2011 में आई 'मिशन इम्पॉसिबल- घोस्ट प्रोटोकॉल' से ली गई है। जिसमें टॉम क्रूज के एथन हंट को दुबई के बुर्ज खलीफा पर चढ़ते हुए दिखाया गया है। आरआरआर के सीन को एकेडमी की पोस्ट में जगह मिलने पर फिल्म के निर्देशक एसएस राजामौली ने भी खुशी जताई है। राजामौली ने इस पोस्ट को री-शेयर करते हुए अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, "आखिरकार, 100 साल के इंतजार के बाद 2027 में रिलीज होने वाली फिल्मों के लिए नए ऑस्कर स्टंट डिजाइन कैटेगरी के लिए उत्साहित हूं।



## साउथ में सरेआम कॉम्प्रोमाइज

एक्ट्रेस चाहत खन्ना ने हाल ही में साउथ इंडस्ट्री के बारे में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने साउथ फिल्म इंडस्ट्री का काला चिट्ठा खोलते हुए कहा है कि वहां कॉन्ट्रैक्ट में साफ-साफ लिखा होता है कि एक्टर, डायरेक्टर, प्रोड्यूसर के साथ कॉम्प्रोमाइज करना होगा। चाहत खन्ना ने इस बात का खुलासा हाउटरफ्लाई के साथ बातचीत के दौरान किया। एक्ट्रेस ने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच पर खुलासा करते हुए बताया कि वहां काम करने से पहले ही कॉम्प्रोमाइज के बारे में पूछ लिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह सारी चीजें वहां सरेआम होती हैं। कान्ट्रैक्ट साइन करने से पहले ऐसी बातें आपस में हो ही जाती है। कान्ट्रैक्ट में साफ लिखा होता है आपको कॉम्प्रोमाइज करना होगा। एक्ट्रेस ने कहा कि बॉलीवुड में भी ऐसा होता है, लेकिन यहां के तरीके कुछ अलग है। यहां अलग तरीके से एक्ट्रेस से पूछा जाता है। जब भी कोई नया एक्टर आता है तो उन्हें इन सभी चीजों का सामना करना पड़ता है। हालांकि चाहत खन्ना कहती है कि उनके साथ कभी ऐसा कुछ नहीं हुआ। चाहत खन्ना अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें बचपन में मोलेस्ट किया जा चुका है।

**थानेदार परीक्षा में एसओजी का एक्शन**

# जैसलमेर : फतेहगढ़ एसडीएम गिरफ्तार

**जैसलमेर।** राजस्थान पुलिस सब इंस्पेक्टर परीक्षा-2021 पेपर लीक की जांच कर रही एसओजी ने शुक्रवार को बड़ा धमाका कर दिया। एसओजी ने इस मामले में जैसलमेर के फतेहगढ़ के उपखंड अधिकारी हनुमानाराम को गिरफ्तार कर लिया। बाड़मेर के बिसारणिया गांव निवासी हनुमानराम को एसओजी की टीम ने एसआई परीक्षा में डमी अभ्यर्थी के रूप में बैठने के आरोप में गिरफ्तार किया है। हनुमानराम ने एसआई भर्ती परीक्षा में नरपतराम की जगह डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा दी थी।



### कई पदों पर रहे हनुमानाराम

1994 में जन्मे हनुमानाराम ने आरएएस परीक्षा 2021 में 22वीं रैंक हासिल की थी। इसके बाद हरिशचंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान जयपुर में 24 दिसंबर 2021 को ट्रेनिंग के लिए गए। 27 जून 2022 को ट्रेनिंग के दौरान सहायक कलेक्टर नागौर में पहली पोस्टिंग मिली। उसके बाद उनको 5 अगस्त 2023 को चितलवाना एसडीएम, 6 सितंबर 2024 को बागौड़ा एसडीएम बने।

### पिछले साल हुई थी शादी

- हनुमानराम के परिवार में पिता कौशलाराम, माता पेम्पो देवी, दो भाई और छह बहनें हैं। हनुमान के पिता और भाई गांव में खेती करते हैं। हनुमानाराम ने 2016 में भाटिया आश्रम सूरतगढ़ में रहकर आरएएस की तैयारी की थी। 2016 में आरएएस की परीक्षा दी लेकिन चयन नहीं हुआ। 2018 में बाड़मेर में सांख्यिकी विभाग संगणक के पद पर चयन हुआ। इसके बाद भी आरएएस की तैयारी की। 2021 में आरएएस की परीक्षा में 22वीं रैंक आई। एसडीएम हनुमानाराम की शादी 19 फरवरी 2024 को भीनमाल निवासी जीना उर्फ संगीता चौधरी के साथ हुई है।

### डमी परीक्षा को बड़ी रकम ली

- पेपर लीक की जांच कर रही एसओजी ने हाल ही में इंद्रा नाम की आरोपी को गिरफ्तार किया था। इंद्रा ने प्लाटून कंमाडर हरखू जाट की जगह डमी कैंडिडेट के रूप में परीक्षा दी थी। इसका कोर्डिनेशन इंद्रा के पति नरपत ने किया। जोधपुर रेंज आईजी की टीम ने चार दिन पहले नरपत और इंद्रा को गिरफ्तार किया। नरपतराम से पूछताछ में पता चला कि उसकी जगह हनुमानराम ने डमी परीक्षा दी थी। अब एसओजी ने हनुमानराम को गिरफ्तार किया है। हनुमानराम ने डमी परीक्षा देने के लिए बड़ी रकम भी ली थी।

## हरिभाऊ उपाध्याय नगर में सड़क निर्माण से मिलेगी हजारों लोगों को राहत : देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को अजमेर जिले के वार्ड नंबर 2 के विभिन्न क्षेत्रें में नाला एवं सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। देवनानी ने हरिभाऊ उपाध्याय नगर सी ब्लॉक में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस सड़क निर्माण कार्य पर कुल 112.68 लाख रुपए की लागत आएगी। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने हरिभाऊ उपाध्याय नगर विस्तार में आंतरिक सड़कों के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। इसके तहत 148.53 लाख रुपए की लागत से क्षेत्र की आंतरिक सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इसके पश्चात देवनानी ने वन उद्यान से दाहरसेन स्मारक होते हुए पुष्कर रोड तक नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस पर 53.21 लाख रुपए की लागत आएगी।



# राजस्थान में बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान के मौसम में बदलाव का दौर जारी है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पिछले तीन दिन से राज्य के मौसम में ठंडक है और गर्मी से राहत है। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्व अनुमान के अनुसार पश्चिम उत्सव का सर्वाधिक असर शुक्रवार को रहा। इसके असर से राज्य के जिलों का मौसम दोपहर में बदल गया। जयपुर, हनुमानगढ़ और नागौर में बारिश के साथ चने के आकार के ओले गिरे। इसके अलावा अलवर, सीकर और डीडवाना-कुचामन में तेज आंधी के साथ बारिश दर्ज की गई। ऐसे में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से कई इलाकों के तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार 12 अप्रैल तक पश्चिमी विक्षोभ का असर रहेगा। इसके बाद 14 अप्रैल से फिर से प्रदेश में गर्मी तेज होगी और हीटवेव का दौर शुरू होगा।



### तापमान 40 डिग्री से नीचे आया

- पिछले तीन दिन से एक्टिव पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य के अधिकांश शहरों में दिन-रात के तापमान में एक से लेकर 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई है। इसके अलावा अधिकांश शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया था। इसके अलावा, आंधी और बादल छाए रहने से मौसम खुशनुमा हो गया है।

### इन जिलों में बारिश का अलर्ट

- मौसम केंद्र जयपुर ने आगामी कुछ घंटे के लिए कई जिलों में बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ बीकानेर, चूरू, सीकर, झुंझुनू, नागौर, जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, जिलों और आसपास के क्षेत्रों में मेघगर्जन, हल्की बारिश और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

# पाली : दो ट्रेलरों की टक्कर, ड्राइवर जिंदा जला

**बाइक सवार को बचाने के दौरान हादसा**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** पाली के जाडन में शुक्रवार की शाम चूने से भरा ट्रेलर आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गया। भीषण सड़क हादसे में पीछे चल रहे ट्रेलर में आग लग गई, जिसमें ड्राइवर जिंदा जल गया। ग्रामीणों ने फायर बिग्रेड की टीम को सूचना दी, लेकिन उसके देरी से आने पर लोग भड़क उठे। हादसा पाली के सदर थाना एरिया में इंद्रा नगर के पास हाइवे पर शुक्रवार की शाम करीब साढ़े चार बजे हुआ। हादसे में एक बाइक सवार महिला भी घायल हो गई। जिसका हॉस्पीटल में इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, शाम को चूने से भरा एक ट्रेलर जाडन से पाली की तरफ जा रहा था। आगे चल रहे ट्रेलर के सामने रॉन्ग साइड से बाइक सवार आ गया। उसे बचाने के लिए ट्रेलर ड्राइवर ने ब्रेक लगाए, जिससे उससे पीछे चल रहा ट्रेलर टकराकर सड़क से नीचे खाई में उतर गया। भीषण टक्कर के बाद ट्रेलर का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया और ड्राइवर उसमें बुरी तरह से फंस गया। इसी बीच ट्रेलर में भीषण आग लग गई। हादसे में ड्राइवर जिंदा जल गया। ग्रामीणों में फायर बिग्रेड टीम पर देरी से पहुंचने का आरोप लगाया और टीम की गाड़ी में तोड़फोड़ की। सूचना पर सदर, शिवपुरा थाना पुलिस सीओ ग्रामीण रतनाराम देवासी भारी जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों से समझाइश की। हालांकि घटना के बाद हाइवे पर करीब चार से पांच किलोमीटर लंबा जाम लग गया।





## मुख्यमंत्री ने यज्ञ में आहुति देकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को न्यू सांगानेर रोड स्थित श्री चिंताहरण काले हनुमानजी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने एकादश कुंडात्मक सात दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ में शामिल होकर आहुति दी तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शर्मा ने कहा कि हमारा देश हमेशा से ऋषि-मुनियों का ऋणी रहा है। ऐसे आयोजनों से हमारी आने वाली पीढ़ी को भी सांस्कृतिक कार्यों को करने की प्रेरणा मिलती है तथा परम्पराएं समृद्ध होती हैं। इस दौरान महामण्डलेश्वर मनोहर दास महाराज, त्रिवेणी धाम के राम रिछपाल दास महाराज सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

- **ऋषि-मुनि कर रहे सनातन संस्कृति और परम्परा के संरक्षण का काम- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

# दिल्ली में नहीं बचेंगे बांग्लादेशी

**ठिकाने की तलाश कर रहे सात गिरफ्तार**

**गिरफ्त में किया बड़ा इंटरनेशनल खुलासा**

**नई दिल्ली।** बाहरी जिला पुलिस ने दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत सात बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। सभी पीरागढ़ी इलाके में छिपने का ठिकाना तलाश कर रहे थे। कुछ दिन पहले पकड़े गए एक बांग्लादेशी नागरिक ने इस बारे में पुलिस को जानकारी दी थी। पुलिस ने सभी को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय में पेश करने के बाद इनको निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस ने सभी को हिरासत केंद्र में भेज दिया है।

### 1500 संदिग्धों की जांच हुई

जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ जिला पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। अब तक इस क्षेत्र में करीब 1500 संदिग्ध लोगों की जांच की जा चुकी है, जिसमें से चार लोग पहले ही पकड़े जा चुके हैं।



### अफजल ने बताए पते-ठिकाने

निरीक्षक सुंदर सिंह के नेतृत्व में विशेष टास्क फोर्स ने कुछ दिन पहले सुल्तानपुरी से एक संदिग्ध बांग्लादेशी मोहम्मद अफजल को पकड़ा। जिसने बताया कि 10 अप्रैल 2025 को पीरागढ़ी कैंप में कुछ और बांग्लादेशी नागरिक छिपने के लिए ठिकाने की तलाश में आने वाले हैं। पुलिस टीम ने निगरानी शुरू कर दी।

### डंकी रूट से जाते यूरोप

पता चला कि बांग्लादेशी नागरिकों को अपने देश से यूरोपीय देशों में वीजा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए वह भारत में अवैध रूप से या फिर पर्यटक वीजा लेकर प्रवेश करते हैं और फिर यहां भारतीय दस्तावेज का इंतजाम करने के बाद डंकी रूट से यूरोप पहुंचने की कोशिश करते हैं।

### इनकी पहचान हुई

- शुरुआत में उन्होंने कोई पहचान पत्र देने से इनकार कर दिया। लेकिन कड़ाई से पूछताछ कर पर्यटक वीजा पेश किया, जिसकी अवधि समाप्त हो गई थी। इनकी पहचान सोहाग, मोहम्मद शाहिद उल्लाह कौहर भुइयां, मोहम्मद साजिब हसन, लिटन मलिक, मोहम्मद मिजानपुर रहमान, मोहम्मद जकारिया और बिस्वजीत चंद्र बर्मन के रूप में हुई।

**ओयो में इंजीनियर ने दी जान**

# गर्लफ्रेंड के बाथरूम जाते ही प्रेमी ने उठाया खौफनाक कदम



**नोएडा।** कुत्ते के इलाज को लेकर हुए विवाद में सेक्टर-27 स्थित एक ओयो होटल में रुके इंजीनियर ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इंजीनियर अपनी प्रेमिका के साथ होटल में ठहरा हुआ था। अस्पताल से मीमो प्राप्त होने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।


### हाथरस का रहने वाला था इंजीनियर

- पुलिस के मुताबिक हाथरस के आवास विकास कॉलोनी का रहने वाला 38 वर्षीय उमेश सिंह गुरुवार सुबह 11 बजे के करीब अपनी 22 साल की प्रेमिका के साथ सेक्टर-27 स्थित वेमेशन ओयो होटल आया था। वहां पर दोनों ने खाना खाया। किसी बात को लेकर दोनों के बीच में विवाद हो गया। इसी बीच उमेश ने होटल के कमरे में लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### कुत्ते के इलाज पर कहासुनी

- मृतक की प्रेमिका का दावा है कि जिस समय उमेश ने आत्महत्या की, वह वॉशरूम में थी। प्रेमिका ने पूछताछ के दौरान बताया कि दोनों के साथ उनका कुत्ता भी होटल आया था। कुत्ते के इलाज को लेकर प्रेमिका और इंजीनियर में कहासुनी हो गई। कुछ ही समय बाद उमेश ने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

## अहमदाबाद की रिहायशी बिल्डिंग में भीषण आग



**अहमदाबाद।** गुजरात में अहमदाबाद शहर के खोखरा इलाके में एक अपार्टमेंट में भीषण आग लग गई। घटना की सूचना के मिलते ही अग्निशमन विभाग की सात गाड़ियां मौके पर पहुंची। जानकारी के मुताबिक अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर आग लगी थी, जहां फंसे 18 लोगों को बचाया लिया गया है और आग पर भी काबू पा लिया गया है।

### इलेक्ट्रिक कुकर में आग

आग लगने की घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने अपार्टमेंट में फंसे लोगों को बचाने की कोशिश की थी। स्थानीय लोगों के अनुसार चौथी मंजिल पर एक कमरे में इलेक्ट्रिक कुकर में शॉर्ट-सर्किट के बाद आग लगी, जिससे चारों ओर धुआं फैल गया था।

### सूरत के वेसु में लगी थी आग

सूरत के वेसु इलाके में इमारत में आग लगने की घटना सामने आई थी। इमारत में लगी आग के भीषण रूप ले लेने के कारण कई लोग इमारत की छत पर फंस गए थे। घटना की जानकारी पर पहुंची दमकलकर्मियों की टीम ने छत पर फंसे सभी 18 लोगों को बचाया। सूरत के मेयर ने बताया कि आग सुबह 8 बजे हैप्पी एक्सेलेंसिया इमारत में आग लगी।

# इंदिरा गांधी नहर में पूर्ण नहरबंदी संभव

**12 जिलों में जलसंकट की आशंका**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बीकानेर।** पश्चिमी राजस्थान की जीवन रेखा मानी जाने वाली इंदिरा गांधी नहर में 20 अप्रैल के बाद कभी भी पूर्ण नहरबंदी की जा सकती है। वर्तमान में नहर से केवल पीने का पानी ही दिया जा रहा है, लेकिन नहरबंदी के बाद यह आपूर्ति भी बंद हो जाएगी। इससे बीकानेर, जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, नागौर, चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, फलौदी, सीकर और झुंझुनूं जैसे जिलों में पेयजल संकट उत्पन्न होने की आशंका है। इंदिरा गांधी नहर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता ने जानकारी दी कि 6 फरवरी से नहर में केवल पेयजल आपूर्ति हो रही है। सिंचाई के लिए पानी पहले ही बंद किया जा चुका है और किसानों को पानी संग्रहण की अनुमति नहीं है।



### इन्हीं दिनों में क्यूं होती नहरबंदी

- नहरबंदी गर्मियों में इसलिए होती है क्योंकि यह समय रबी की फसल कटाव का होता है। जिसके चलते नहरी क्षेत्रों के किसानों को पानी की आवश्यकता कम होती है। ऐसे में पंजाब और राजस्थान मिलकर अप्रैल-मई में नहर की मरम्मत और सिल्ट निकासी का कार्य करते हैं।

### प्रशासन की तैयारी और जल संग्रहण

- नहरबंदी के पहले विभाग ने सभी जिलों में एक महीने तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जलाशयों को भर लिया है। नहरबंदी की अवधि बढ़ने की स्थिति में पानी की आपूर्ति में कटौती की जा सकती है, जिससे आम जनता में नाराजगी का माहौल बन सकता है।

# पश्चिम बंगाल : नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों ने मार्च निकाला

**कोलकाता।** कोलकाता की सड़कों पर एक बार फिर भारी विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। राज्य में शिक्षक भर्ती घोटाले के कारण नौकरी गंवाने वाले हजारों शिक्षक और गैर शैक्षणिक कर्मचारी सड़क पर उतर आए हैं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने उनकी नियुक्ति रद्द कर दी है। कोलकाता की सड़कों पर चारों तरफ 'हमें न्याय चाहिए' के नारे लग रहे हैं। लोगों ने शहर के साल्ट लेक इलाके से स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) तक मार्च निकाला।



### शीट सार्वजनिक करने की मांग

प्रदर्शनकारियों की मांग है कि एसएससी परीक्षा की 22 लाख ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन (ओएमआर) शीट को सार्वजनिक किया जाए, ताकि 2016 की एसएससी परीक्षा देने वाले योग्य उम्मीदवारों की पहचान की जा सके। लोगों ने हाथ में तख्तियां लेकर नारे लगाए हैं और नियुक्ति की मांग की है। इस मार्च में कई सामाजिक संगठनों ने भी उनका साथ दिया है।

### बैठक के नतीजों का इंतजार

प्रदर्शनकारी नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों के प्रतिनिधियों और राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु की होने वाली बैठक के नतीजे का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि सरकार योग्य उम्मीदवारों और धोखाधड़ी से नौकरी पाने वालों के साथ एक समान व्यवहार करेगी तो प्रदर्शन और बढ़ जाएगा। एसएससी कार्यालय के बहार प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए भारी संख्या में सैन्य बल तैनात किए गए हैं।

**शानदार कोठी और गाड़ियों की भरमार**

# करोड़पति अधिकारी पर एसीबी का शिंकजा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान एंटी करप्शन ब्यूरो ने जयपुर में एक और बड़े करोड़पति अधिकारी पर शिंकजा कस दिया है। यह अधिकारी सार्वजनिक निर्माण विभाग जयपुर के दूदू खंड के अधिशाषी अभियंता हरिप्रसाद मीणा हैं। एसीबी ने मीणा को आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में घेरे में लिया है। एसीबी ने इस ऑपरेशन का कोड नाम 'ऑडी' रखा था। एसीबी की जांच में सामने आया है कि हरिप्रसाद मीणा ने सरकारी सेवा में नियुक्ति होने के समय से अब तक करीब चार करोड़ रुपए की आय से अधिक सम्पतियां अर्जित की हैं। यह उनकी वैध आय से 200 प्रतिशत से भी अधिक है।

### आलीशान घर, रिहायशी ठाठ

- जांच में सामने आया कि अधिकारी ने लग्जरी वाहनों, विदेश यात्राओं, महंगे अपार्टमेंट्स और फार्म हाउस पर करोड़ों रुपए खर्च किए हैं। अब तक करीब चार करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति का खुलासा हुआ है। आरोपी इंजीनियर ने दो ऑडी कारें, एक महिन्द्रा स्कॉर्पियो, एक फोर्ड एंडेवर और एक रॉयल एनफील्ड बाइक सहित कई लग्जरी वाहन खरीदे हैं।

### होटलों पर 45 लाख उड़ाए

- हरिप्रसाद मीणा ने विदेश यात्राओं और महंगे होटलों में ठहराव पर लगभग 45 लाख रुपए खर्च किए हैं। जयपुर के महल रोड स्थित यूनिक एम्पोरिया और यूनिक न्यू टाउन जैसे प्रीमियम अपार्टमेंट्स में निवेश कर करीब 1.5 करोड़ रुपए की अचल सम्पतियां भी खरीदी गईं हैं। वहीं उनके पैतृक गांव दौसा जिले के लालसोट इलाके में स्थित बगड़ी में एक लग्जरी फार्म हाउस भी बना रखा है।

### परिवार के नाम 19 बैंकों में खाते

- हरिप्रसाद मीणा और उनके परिवारजनों के नाम पर 19 बैंकों में खाते पाए गए हैं। इनमें करोड़ों रुपए का लेन-देन हुआ है। आरोपी ने बैंकों से लिए गए कई करोड़ रुपए के लोन को समय से पहले ही चुका दिया। मीणा के ठिकानों पर हुए इस सर्च ऑपरेशन से पूरे विभाग में हड़कंप मच गया।

**अजमेर की अजब प्रेम कहानी**

# तीन बच्चों की मां ने दे डाली पति की कुर्बानी



**धोखे से बुलाया और कटवा दिया गला**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अजमेर।** अजमेर के नसीराबाद सदर थाना इलाके में मस्तान चीता की गला रेतकर की गई हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस हत्याकांड के पीछे मस्तान की पत्नी जनता की प्रेम कहानी सामने आई है। उसने ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया था। पुलिस ने मस्तान की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों मस्तान चीता को रास्ते से हटाकर शादी करना चाहते थे। लेकिन उनके मंसूबे सफल नहीं हो पाए। मस्तान और जनता के तीन बच्चे भी हैं। अजमेर एसपी वंदिता राणा ने बताया कि नसीराबाद सदर थाना इलाके के राजोसी मार्ग पर तीन दिन पहले 8 अप्रैल को एक शख्स का खून से लथपथ शव मिला था। शव की पहचान नाडी का बाडिया राजोसी निवासी मस्तान चीता के रूप में हुई। पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और हत्याकांड के खुलासे के लिए जानकारी जुटाई। अजमेर एसपी वंदिता राणा खुद मौके पर पहुंचीं और हालात का जायजा लिया। बाद में पुलिस की स्पेशल टीम और साइबर टीम ने परिजनों से संपर्क कर मस्तान के बारे में जानकारी जुटाई।

### प्यार में रोड़ा था पति

मस्तान की पत्नी जनता का बशीर खान नाम के एक दिव्यांग से संपर्क है। उसे लेकर पहले भी विवाद हो चुका था। इस पर पुलिस ने मनोवैज्ञानिक रूप से जांच को आगे बढ़ाया और जनता से पूछताछ की। पूछताछ में जनता ने पूरा राज खोल दिया। उसने बताया कि उसका एक साल से गांव के ई-मित्र संचालक बशीर खान से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

### शराब पिलाकर गला काटा

- इसलिए दोनों ने मिलकर मस्तान को रास्ते से हटाने की साजिश रची। उन्होंने 8 अप्रैल को मस्तान को राजोसी मार्ग स्थित सड़क के किनारे बुलाया। वहां बशीर ने उसे शराब पिलाई। मस्तान जब नशे में चूर हो गया तो उसका गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के बाद जनता ने अपने परिजनों को बताया कि मस्तान अब तक घर नहीं लौटे हैं। जबकि इससे पहले उसने कभी भी लेट आने पर नहीं बताया था।

### एक साल से संपर्क में थे

- इससे परिजनों और पुलिस को शक हुआ और उन्होंने जांच को आगे बढ़ाया। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। उसमें बशीर खान मस्तान के साथ नजर आया। पूछताछ में बशीर ने अपना जुर्म कबूल किया। पुलिस ने पहले बशीर को गिरफ्तार किया। उसने बताया कि एक साल से वह मस्तान की पत्नी जनता के संपर्क में है। दोनों ने मिलकर इस हत्याकांड की साजिश रची थी।